
kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-289 | रविवार, 23 नवम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



गहन मतदाता पुनर्निरीक्षण का मुद्दा, जिसने बिहार में कांग्रेस, राजद, सपा समेत पूरे विपक्ष को आईना दिखा दिया। इस पर भी ये सभी दल सबक लेने को तैयार नहीं दिखते। मानो राहु-केतु इनके ऊपर पर निरंतर मंडरा रहे हैं। केशव प्रसाद मौर्य

रेलवे ने चालू वित्त वर्ष में की एक अरब टन माल ढुलाई 11

प्रदूषण को कम करना सर्वोच्च प्राथमिकताः मुख्यमंत्री 12

## संक्षेप

### बिजनौर जिलाधिकारी के खिलाफ जमानती वारंट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने नोटिस रिसीव होने के बावजूद मुख्य स्थायी अधिवक्ता कार्यालय से संपर्क कर अपना जवाब न दाखिल करने पर कड़ा रुख अपनाते हुए बिजनौर जिले की जिलाधिकारी जसजीत कौर के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। अदालत की ओर से आदेश की प्रति आज दी गयी है। अदालत ने बिजनौर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को आदेश दिया है कि वारंट का तामीला कराकर अगली सुनवायी पर जिलाधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। न्यायमूर्ति मनीष कुमार की एकल पीठ ने यह आदेश विक्रम सिंह द्वारा दाखिल अवमानना याचिका पर दिया है। याचिका में कहा गया उच्च न्यायालय ने 22 अप्रैल 2025 को बिजनौर की जिला स्तरीय समिति को आदेश दिया था कि याची की जाति निर्धारित करने की मांग वाली अर्जी पर तीन माह में निर्णय लिया जाए। आरोप लगाया कि आदेश की प्रति जिलाधिकारी को दे दी गयी थी, क्योंकि वही उक्त समिति के चेयरमैन होते हैं। तीन माह बीत जाने के बाद भी आज तक उसकी अर्जी पर नियमानुसार कोई निर्णय नहीं लिया गया है। ऐसे में आग्रह किया गया कि इस तरह से अदालत के आदेश की अवमानना करने पर जिलाधिकारी को दंडित किया जाए।

### जस्टिस सूर्यकांत 53वें चीफ जस्टिस होंगे, 7 देशों के मुख्य न्यायाधीश आएंगे

**नई दिल्ली।** जस्टिस सूर्यकांत कल देश के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। राष्ट्रपति भवन में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में ब्राजील समेत दुनिया के सात देशों के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के जज शामिल होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब किसी एख्क्रके शपथ ग्रहण में इतनी बड़ी संख्या में दूसरे देशों के न्यायिक प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी होगी। समारोह में भूटान, केन्या, मलेशिया, मॉरिशस, नेपाल और श्रीलंका के चीफ जस्टिस उनके साथ आए परिवार के सदस्य शामिल होंगे। मौजूदा सीजेआई गवई का कार्यकाल 23 नवंबर को खत्म हो रहा है। अगले एख्क्रजस्टिस सूर्यकांत 9 फरवरी 2027 को रिटायर होंगे। उनका कार्यकाल लगभग 14 महीने का होगा।

### अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भारत के श्रम संहिताओं का स्वागत किया

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और अंतरराष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संगठन (आईएसएसए) जैसे प्रमुख वैश्विक संस्थानों ने 21 नवम्बर को चार श्रम संहिताएँ लागू करने संबंधी केंद्र सरकार की घोषणा का स्वागत किया है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। इन संस्थाओं ने कहा कि यह कदम सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने, न्यूनतम वेतन ढांचे को मजबूत करने और संस्थागत क्षमता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सुधार है।

# वैश्विक आर्थिक विकास के मानकों को बदलने की जरूरत : पीएम मोदी

एजेंसी

जोहान्सबर्ग। भारत ने जी 20 देशों से वैश्विक आर्थिक विकास के मानकों पर फिर से विचार करने का आह्वान करते हुए कहा है कि मौजूदा मानकों के कारण एक बड़ी आबादी संसाधनों से वंचित रह गयी है और इसके लिए सभ्यतागत मूल्यों पर आधारित 'वैश्विक पारंपरिक ज्ञान कोष' बनाना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां जी 20 नेताओं के 20 वें सम्मेलन में 'वैश्विक पारंपरिक ज्ञान कोष' के अलावा स्वास्थ्य क्षेत्र की आपात स्थितियों तथा प्राकृतिक आपदाओं के संकट से निपटने के लिए 'जी 20 वैश्विक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया टीम' के गठन और मादक पदार्थों की चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए 'मादक पदार्थ-आतंक गठजोड़ और उसके वित्तपोषण से निपटने के लिए जी 20 पहल' के गठन का प्रस्ताव रखा। उन्होंने अफ्रीका में बड़ी संख्या में युवाओं को कुशल बनाने के लिए 'जी 20 अफ्रीका कौशल पहल' शुरू करने का भी प्रस्ताव रखा। प्रधानमंत्री ने जी 20 नेताओं से अपील की कि सभी को वैश्विक संस्थाओं में ग्लोबल साउथ की आवाज को बुलंद करने के लिए मिलकर प्रयास करने चाहिए। श्री मोदी ने दक्षिण अफ्रीका की जी 20 की अध्यक्षता में कुशल व्यक्तियों के आव्रजन, पर्यटन, खाद्य सुरक्षा ,कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल अर्थव्यवस्था , नवाचार और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में हुए कामों की सराहना करते हुए कहा कि 'नई दिल्ली जी 20 शिखर सम्मेलन' में जो ऐतिहासिक पहल शुरू की गयी थी उन्हें यहां आगे बढ़ाया गया है। प्रधानमंत्री ने वैश्विक विकास के मानकों में बदलाव पर जोर देते हुए कहा कि इनके कारण एक बड़ी आबादी संसाधनों से वंचित रह गयी है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका इसका बहुत बड़ा भुक्तभोगी रहा है। उन्होंने कहा ,'' पिछले कई दशकों में जी 20 ने वैश्विक वित्त और वैश्विक आर्थिक विकास को दिशा दी है। लेकिन विकास के जिन मानकों पर अब तक काम हुआ है, उनके कारण बहुत बड़ी आबादी संसाधनों से वंचित रह गई है। साथ ही, प्रकृति के अत्यधिक दोहन को भी बढ़ावा मिला है। अफ्रीका इसका बहुत बड़ा भुक्तभोगी है। आज जब अफ्रीका पहली बार जी ● शेष पेज 11 पर

### पीएम मोदी ने जी-20 में दिए अहम प्रस्ताव



### तीन बड़े वैश्विक कदम पेश किए

**पहला-** ग्लोबल ट्रेडिशनल नॉलेज रिपॉजिटरी- दुनिया भर की पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को एक मंच पर लाने और उन्हें सुरक्षित, संरक्षित और उपयोगी बनाने का प्रयास।

**दूसरा-** जी20-अफ्रीका स्किल्स मल्टीप्लायर इनिशिएटिव- युवाओं के कौशल विकास को तेज कर अफ्रीका में रोजगार और नवाचार के नए अवसर तैयार करना।

**तीसरा-** ड्रग-आंतक नेटवर्क से निपटने के लिए जी20 पहल -नशे के कारोबार और आतंकवाद के बीच गहरे संबंध को काटने के लिए संयुक्त वैश्विक प्रयास। पीएम मोदी ने कहा कि यह पहल वित्तीय प्रवाहों पर नकेल डालेगी, तस्करी नेटवर्क तोड़ेगी और आतंक के आर्थिक स्रोतों को कमजोर करेगी।

### जी-20 समिट 2025: ट्रंप के बॉयकॉट के साये में वैश्विक नेताओं की मौजूदगी

**जोहान्सबर्ग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा जी-20 शिखर सम्मेलन के बॉयकॉट और इस पर दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा की गहरी नाराजगी के बीच शनिवार को शिखर सम्मेलन धूमधाम से शुरू हुआ।

दुनिया की 20 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों का यह दो दिवसीय सम्मेलन पहली बार दक्षिण अफ्रीका में हो रहा है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तय्यिप एर्दोआन, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लेयेन, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़, चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग, जर्मनी के चांसलर फ्रीडरिष मेर्ज़, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीयर स्टार्मर, ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला डा सिल्वा, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा आदि शामिल हो रहे हैं।

# उप्र में नए प्रदेश अध्यक्ष, मंत्रिमंडल विस्तार की सुगबुगाहट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में एक बार फिर नए प्रदेश अध्यक्ष और संभावित मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। भाजपा सूत्रों की मानें तो बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिली शानदार सफलता के बाद अब केंद्रीय नेतृत्व जल्द ही प्रदेश अध्यक्ष के नाम का एलान कर सकता है।

बिहार में भाजपा के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत के साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनने के बाद, अब उत्तर प्रदेश में भी बड़े संगठनात्मक बदलावों का दौर शुरू होगा। भाजपा आलाकमान दिसंबर तक प्रदेश को नया अध्यक्ष दे सकता है और इसके साथ ही योगी 2.0 मंत्रिमंडल का दूसरा विस्तार भी किया जाएगा। भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में भाजपा को पिछले लगभग 11 महीने से नए प्रदेश अध्यक्ष का इंतजार है। यह नियुक्ति कभी महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में उपचुनाव, तो कभी हालिया बिहार चुनाव के चलते अटकी हुई थी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय नेतृत्व ने बिहार चुनाव के नतीजों के बाद ही उत्तर प्रदेश में बदलाव करने का फैसला टाल रखा था। अब आलाकमान बिना किसी ज्यादा देरी के दिसंबर तक सरकार और संगठन में जरूरी बदलाव कर देगा। सूत्रों की मानें तो प्रदेश में नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर जिन नामों पर मंथन चल रहा है उनमें उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह, धर्मपाल सिंह, का नाम तेजी से चल रहा है। ब्राह्मण चेहरे के तौर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी इस कतार में शामिल हैं। हालांकि चुनावों को देखते हुए संगठन की तरफ़ से अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) पर दाव लगाने की संभावना ज़्यादा है। इस लिहाजा से स्वतंत्रदेव सिंह या केशव मौर्य के नाम पर पार्टी दाव लगा सकती है। बिहार में संपन्न हुए चुनाव में भाजपा आलाकमान ने केशव प्रसाद मौर्य को पहले सह प्रभारी नियुक्त किया फिर केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिया। भाजपा के इस कदम की वजह से उत्तर प्रदेश के सियासी गलियारों में चर्चा है कि श्री मौर्य को प्रदेश में बड़ी ज़िम्मेदारी दी जा सकती है। इधर, प्रदेश अध्यक्ष के अलावा उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार की भी अटकलें तेज से लगाई जा रही हैं। सूत्रों की माने तो पहले संगठन नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति करना चाहता है जिसके लिए संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद मंत्रिमंडल विस्तार किया जाएगा। भाजपा सूत्रों की मानें तो अगले साल होने वाले पंचायत ● शेष पेज 11 पर

### जोश हाई

❒ बिहार चुनाव में मिली शानदार जीत के बाद केन्द्रीय नेतृत्व कर सकता है एलान



# 37 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण



एजेंसी

हैदराबाद। राज्य सरकार के दबाव और नीतियों के चलते शनिवार को 37 माओवादियों ने तेलंगाना पुलिस महानिदेशक के समक्ष अपने हथियारों के साथ सरेंडर कर दिया। इनमें माओवादियों के टॉप लीडर आज़ाद, नारायण व एर्रालू के साथ 25 महिलाएं भी हैं। डीजीपी ने इन सभी को सरकार की ओर से घोषित इनाम और प्रोत्साहन राशि और पुनर्वासित में मदद करने का आश्वासन दिया है।

आज तेलंगाना पुलिस महानिदेशक शिवधर रेड्डी के सामने 37 माओवादियों ने सरेंडर कर दिया। इन माओवादियों ने पुलिस को 303 राइफल, जी3 राइफल, एसएलआर, एके47 राइफलों के साथ बड़ी मात्रा में कारतूस और दूसरे खतरनाक हथियार सौंपे। आत्मसमर्पण के बाद डीजीपी शिवधर रेड्डी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 37 माओवादियों ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के आह्वान पर मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय लिया है। इन आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को इनाम, कैश और इंसेंटिव दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक रूप से पहले ही माओवादियों को भरोसा दिया था कि अगर माओवादी सरेंडर कर पब्लिक के बीच आएंगे तो राज्य सरकार ● शेष पेज 11 पर

# विधि विधान से हुआ राममंदिर में लगने वाले ध्वज का पूजन

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राममंदिर ध्वजारोहण समारोह के धार्मिक अनुष्ठान शनिवार को विधि विधान के साथ आरती के साथ सम्पन्न हुआ। आज के अनुष्ठान में प्रमुख रूप से राममंदिर के शिखर पर जिस ध्वज का आरोहण करना है उसका पूजन हुआ। राममंदिर ध्वजारोहण समारोह के मुख्य यजमान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्य डॉ अनिल मिश्र ने सपत्नीक अनुष्ठान किया और ध्वज का पूजन अर्चन हुआ। राममंदिर ध्वजारोहण समारोह में आमंत्रित अन्य यजमान ने भी सपत्नीक ध्वज पूजन में प्रतिभाग किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा राममंदिर ध्वजारोहण समारोह का धार्मिक अनुष्ठान 20 नवम्बर से कलश यात्रा और प्रायश्चित पूजन कार्यक्रम से शुरू हो गया जो 25 नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राममंदिर में ध्वजारोहण के साथ पूर्ण होगा। राममंदिर ध्वजारोहण समारोह में डॉ अनिल मिश्र मुख्य यजमान है और उनके साथ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में स्थित परकोटा एवं अन्य मंदिरों में ध्वज स्थापन पूजन में श्रीराम ● शेष पेज 11 पर

# दिल्ली पुलिस ने पकड़ा हथियारों का जखीरा, चार आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने शनिवार को कहा कि उसने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) से जुड़े एक बड़े अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है।

यह गिरोह दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के आपराधिक गिरोहों के लिए सीमा पार से ड्रोन की मदद से उच्चस्तरीय तुर्की और चीनी हथियारों की तस्करी कर रहा था।

इस गिरोह के चार प्रमुख गुर्गे एक महत्वपूर्ण अभियान में गिरफ्तार कर लिए गए और 92 जिंदा कारतूसों के साथ 10 अत्याधुनिक अर्ध-स्वचालित पिस्तौलों का जखीरा जब्त कर लिया गया। बरामद हथियारों में तुर्की का पीएक्स-5.7 मॉडल और चीन का पीएक्स-3 मॉडल शामिल हैं जिनका इस्तेमाल आमतौर पर विशेष बल करते हैं, रोहिणी इलाके में हथियारों की डिलीवरी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद यह अभियान चलाया गया। पुलिस की एक टीम ने जाल बिछाकर एक गाड़ी को रोका और पंजाब के दो लोगों, मंदीप सिंह और दलविंदर कुमार को गिरफ्तार कर लिया। ये हथियार कार के स्पीकर बॉक्स के अंदर छिपाकर रखे हुए पाए गए। इसके बाद हुई जांच में उत्तर प्रदेश के दो और बिचौलियों, रोहन तोमर और अजय मोनू, को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त संजीव कुमार यादव ने गिरोह की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह गिरोह ड्रोन की मदद से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से हथियारों की तस्करी करता था। पाकिस्तान में तस्कर सीमा के पास हथियार गिराने के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए व्यावसायिक ड्रोन तैनात करते थे। इन हथियारों को बाद में भारतीय सीमा में मौजूद इन तस्करों के सहयोगी अपने ● शेष पेज 11 पर



### सतर्कता

❒ पाकिस्तान की एक और साजिश नाकाम, अंतर्राष्ट्रीय हथियार सिंडिकेट का भंडाफोड़

❒ पाकिस्तान से जुड़े तार, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की कार्रवाई

# एनसीआर के सभी जिलों में डीजल ऑटो रिक्शा पर लगेगी रोक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ अगले साल दिसंबर तक मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर व शामली में भी चरणबद्ध ढंग से बंद होंगे ऑटो रिक्शा

लखनऊ। एनसीआर के उत्तर प्रदेश वाले हिस्से में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रदेश सरकार ने व्यापक कार्य योजना तैयार की है। यह एक्शन प्लान मुख्य रूप से सड़क खंडों के पुनर्विकास, धूल नियंत्रण और साफ-सफाई को बेहतर बनाने पर केंद्रित है। वायु प्रदूषण रोकने को यूपी के पूरे एनसीआर क्षेत्र में डीजल ऑटो के संचालन पर रोक लगाने का फैसला किया गया है। गौतमबुद्धनगर व गाजियाबाद में डीजल ऑटो रिक्शा का संचालन बंद करने के साथ ही अगले साल के अंत तक पूरे एनसीआर क्षेत्र में इसे चरणबद्ध तरीके से बंद किया जाएगा।

मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में गत दिवस हुई बैठक में सड़क की धूल को प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण मानते हुए एक्शन प्लान तैयार किया गया है। यूपी-एनसीआर में आम लोगों को प्रदूषण से राहत प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन व परिवहन विभाग की ओर से ऑटो रिक्शा पर पाबंदी लगाई जा रही है। गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद में डीजल ऑटो रिक्शा का संचालन पूरी तरह बंद किया गया है। इसके अलावा बागपत में डीजल ऑटो रिक्शा का संचालन इस साल 31 दिसंबर तक पूरी तरह बंद करने का निर्णय लिया गया है। मेरठ क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण ने प्रतिबंधित वाहनों के लिए नए परमिट जारी करने और परमिट के नवीनीकरण पर रोक लगा दी है। आगामी 31 दिसंबर, 2026 तक मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर और शामली जिलों में भी आटो रिक्शा संचालन को चरणबद्ध तरीके बंद किया जाएगा। पर्यावरण विभाग के प्रमुख सचिव बने नोडल अधिकारी प्रदेश सरकार ने इस विस्तृत अभियान ● शेष पेज 11 पर

### माघ मेले के दृष्टिगत सभी संबंधित विभागों को जोड़कर चल रही तैयारी

# 12-15 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को माघ मेले की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की, फिर पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। सीएम ने कहा कि मेले की प्रगति युद्ध स्तर पर है। कल्पवासियों व श्रद्धालुओं के साथ पूरे आयोजन को भव्यता-दिव्यता के साथ संपन्न करेंगे।

उन्होंने बताया कि माघ मेले की तिथि 15 दिन पहले आ रही है। तीन जनवरी को पौष पूर्णिमा, 15 जनवरी को मकर संक्रांति, 18 जनवरी को मौनी अमावस्या, 23 जनवरी को बसंत पंचमी, पहली फरवरी को माघ पूर्णिमा व 15 फरवरी को महाशिवरात्रि (छह प्रमुख स्नान) होंगे। तीन जनवरी से 1 फरवरी तक यहां कल्पवासियों की बड़ी संख्या रहेगी। लगभग 20 से 25 लाख कल्पवासी एक माह तक मेले में प्रवास कर मां गंगा की साधना व तपस्या करते हैं। इनके साथ ही मुख्य स्नान पर्वों पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करने आते हैं। अनुमान है कि लगभग डेढ़ महीने के दौरान प्रयागराज में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालु संगम पर स्नान करेंगे। हर दिन लगभग 20-25 लाख कल्पवासियों के साथ ही देश-प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्र से भी लोग आएंगे। मेले को 800 हेक्टेयर में बसाने की कार्रवाई हो रही है। सात सेक्टर बनाए गए हैं। अलग-अलग रूट से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 42 स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रयागराज मेला प्राधिकरण का गठन किया था और मंडलायुक्त को इसका अध्यक्ष नामित किया था। मेला प्राधिकरण के नेतृत्व में महाकुम्भ के साथ-साथ अन्य आयोजन भी संपन्न होते हैं। माघ मेला 2026 की तैयारी प्रारंभ हो चुकी है। 2024 की तुलना में इसके दायरे को बढ़ाया गया है। यहां की टीम के सामने 2025 के महाकुम्भ का अनुभव है, जिसने देश-दुनिया में अमिट छाप छोड़ी थी और भारत की सनातन धर्म की परंपरा के प्रति लोगों के मन में नया उत्साह भरा था। सीएम योगी ने बताया कि माघ मेले के दृष्टिगत यूपी सरकार के सभी संबंधित विभागों को जोड़ा गया है। सिंचाई विभाग बाढ़ ● शेष पेज 11 पर

## अवैध घुसपैठ पर होगी सख्त कार्रवाई : मुख्यमंत्री

❒ घुसपैठियों को चिह्नित कर बनाए जाएं अस्थायी डिटेंशन सेंटर

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को अवैध घुसपैठ पर त्वरित और सख्त कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक समरसता सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने शनिवार को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक जिला प्रशासन अपने क्षेत्र में रहने वाले अवैध घुसपैठियों की पहचान सुनिश्चित करे और नियमानुसार कार्रवाई शुरू करे। यह भी निर्देश दिया है कि घुसपैठियों को रखने के लिए प्रत्येक जिले में अस्थायी डिटेंशन सेंटर बनाए जाएं। इन केंद्रों में विदेशी नागरिकता के अवैध व्यक्तियों को रखा जाएगा और आवश्यक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने तक वहीं आवास सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिटेंशन सेंटर में रखे गए अवैध घुसपैठियों को तय प्रक्रिया के तहत उनके मूल देश भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री का यह निर्देश शनिवार को प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को भेजा गया है।



# एसआईआर का समय बढ़ाए चुनाव आयोग : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि चुनाव आयोग बिना किसी तैयारी के एस.आई.आर. (मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण) करा रहा है। बी.एल.ओ. को ट्रेनिंग नहीं दी गई। चुनाव आयोग सभी राजनैतिक दलों के लिए एक एस.ओ.पी. जारी करे और एस.आई.आर. का समय को बढ़ाया जाय।

समाजवादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा और उसके अधिकारी 2024 के लोकसभा चुनाव में जिन विधान सभा सीटों पर समाजवादी पार्टी और इण्डिया गठबन्धन जीता है वहाँ पर एस.आई.आर. के बहाने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पचास हजार वोट काटने की साजिश कर रहे है। यही षडयंत्र बंगाल में भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि 2024 में लोक सभा चुनाव के बाद भाजपा और चुनाव आयोग सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल पर फोकस कर रहा है। यही दोनो राज्य सबसे ज्यादा टार्गेट पर है। श्री यादव ने कहा कि बिहार चुनाव देखने के बाद पता चलता है कि भाजपा चुनाव आयोग से मिल कर उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में बड़ी तैयारी कर रही है। हम लोग चुनाव आयोग संस्था से निष्पक्षता की उम्मीद करते है। हम चाहते है कि आयोग हमारी शिकायते सुने और उन पर कार्यवाही करे। उत्तर प्रदेश के विधान सभा उप चुनाव और रामपुर लोक सभा उप चुनाव में सभी लोगों ने चुनाव आयोग की भूमिका को देखा है। उप चुनाव निष्पक्ष नहीं हुए समाजवादी पार्टी ने तमाम शिकायते की लेकिन आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की इससे पहले समाजवादी पार्टी ने 2022 के विधानसभा चुनाव के बाद उन मतदाताओं की सूची दी, जो वोट नहीं डाल पाए। जिनका नाम मतदाता सूची से जानबूझ कर डिलीट कर दिया गया था या इधर उधर कर दिया गया था। जिसके कारण 2022 में समाजवादी पार्टी सरकार नहीं बना पाई स.पा. ने काटे गए नामों की जो सूची दी थी उस पर कुछ जिलाधिकारियों ने बाते कहीं लेकिन जब हमने सवाल किये तो उनके पास कोई जवाब नहीं था।

अखिलेश यादव ने कहा कि बी.एल.ओ. एस.आई.आर. में पूरा सहयोग नहीं कर रहें है। उन्हे ट्रेनिंग नहीं दी गई। गणना पत्र फार्म भरने में तमाम तरह की समस्याऐ आ रहीं है। लोगो को 2003 की मतदाता सूची से जानकारियां हासिल करने में बहुत दिक्कते हो रही है। बी.एल.ओ. एक ही जगह बैठ जाते है। उन्हे ढूंढना पड़ रहा है। श्री यादव ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओ से अपील की कि पूरे जिम्मेदारी के साथ वोटर लिस्ट ठीक कराये जो वोट बनने वाले है। बी.एल.ओ. से मिल कर उन सभी को बनवाए कोई भी वोट कटने न पाये जो भी शिकायतें मिलें उसे समाजवादी पार्टी प्रदेश कार्यालय तक जरूर पहुंचाये।

## मुलायम सिंह यादव की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की जयंती पर शनिवार को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उन्हें याद किया गया। पार्टी की तरफ से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी है। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव समेत अन्य नेताओं ने श्रद्धेय नेता जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। श्री अखिलेश ने इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी लोग श्रद्धेय नेता जी को याद कर रहे है। नेता जी का पूरा जीवन संघर्षो से भरा रहा। समाजवादी पार्टी उन्हीं के बताए हुए रास्ते पर चल रही है। नेता जी ने किसानों, नौजवानों, गरीबों, पिछड़ो, दलितो, अल्पसंख्यकों समेत सभी वर्गो के हित में फैसले लेकर उनके जीवन में बदलाव लाने का काम किया। उन्होंने कहा कि आज नये तरह की लड़ाई छिडी हुई है चुनाव नये तरीके से लड़ा जा रहा है। हम लोगों को सूझ-बूझ और समझदारी से काम करना है। नेता जी ने संघर्ष का रास्ता दिखाया है। समाजवादी पार्टी संघर्ष के रास्ते पर चलते हुए संविधान, लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने की लड़ाई लड़ती रहेगी। पार्टी की सरकार के दौरान छात्रो नौजवानों, किसानो समेत सभी वर्गों के लिए बड़े फैसले लिए गये थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने के बाद महंगाई बढ़ाने का काम किया, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी चरम पर है। जमीनों पर अवैध कब्जे हो रहे है। अन्याय अत्याचार चरम पर है। हर वर्ग परेशान है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा को 2027 के विधानसभा चुनाव में हराना है। कार्यकर्ता और नेता जनता के बीच रहकर उनके सुख दुख में शामिल रहें। भाजपा के झूठ के प्रचार को बेनकाब करें। भाजपा झूठ बोलने वाली और भूमाफिया पार्टी है। श्री अखिलेश यादव को श्रीमती कमला स्वरूपा प्रजापति ने श्री मुलायम सिंह यादव से सम्बन्धित स्मारिका भेंट की। स्मारिका में नेता जी के विचारों और संस्मरणो को स्थान दिया गया है। इस अवसर पर पार्टी के सर्वश्री किरणमय नन्दा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सांसद अवधेश प्रसाद, सांसद सनातन पाण्डेय, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी समेत अन्य प्रमुख नेताओं और बडी संख्या में कार्यकर्ताओं ने श्रद्धेय नेता जी को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

# वरिष्ठ विशेषज्ञों ने साझा किए क्लिनिकल अनुभव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश– पैसिफिक रिसर्च एकेडमी ऑफ क्लासिकल होम्योपैथी के सहयोग से प्रीच होम्योपैथी ने लखनऊ में अपनी वार्षिक नेशनल होम्योपैथिक वर्कशॉप का सफल आयोजन किया। प्रीच होम्योपैथी पहले से ही विशेष बच्चों के लिए फ्री मेडिकल कैंप और देशभर के विभिन्न होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेजों में एजुकेशनल सेशन आयोजित करता रहा है। उत्तर प्रदेश– जहाँ सबसे अधिक सरकारी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और ओपीडी संचालित होते हैं– में आयोजित इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ होम्योपैथ के क्लिनिकल एवं फिलॉसॉफिकल अनुभवों को युवा चिकित्सकों और छात्रों तक पहुँचाना रहा। तीन दिवसीय इस वर्कशॉप के दूसरे दिन लुधियाना से आए डॉ. गगनदीप सिंह और पैसिफिक रिसर्च एकेडमी ऑफ क्लासिकल होम्योपैथी के चेयरमैन डॉ. दीदार सिंह ने उपरोक्त महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत प्रस्तुति दी और प्रतिभागियों के साथ अपने अनुभव साझा किए। पैसिफिक रिसर्च एकेडमी ऑफ क्लासिकल होम्योपैथी ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक प्रयास होम्योपैथी की क्लिनिकल क्षमता को आगे बढ़ाते हैं और आने वाले चिकित्सकों को अधिक सक्षम और संवेदनशील बनाते हैं।

## क्षेत्रीय विधायक ने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का फीता काटकर किया शुभारंभ



**कोराव प्रयागराज।** क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल ने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। सीएचसी कोराव अधीक्षक के. बी सिंह की पहल से शुरू हुए इस केंद्र से क्षेत्र की जनता को अच्छी छूट के साथ दवा मिलेगी। इससे लोगों को बाजार से महंगी दवाएं नहीं खरीदनी पड़ेंगी। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख अब्यक्त राम मिश्र, मण्डल अध्यक्ष बबुआन दृवेदी और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ऑपरेशन तौकीर: करीबी आरिफ की दो बड़ी संपत्तियों पर चला बुलडोज़र, इलाके में मची खलबली

**बरेली ।** 26 सितंबर को हुए दंगे के मास्टरमाइंड मौलाना तौकीर रजा के करीबी आरिफ के खिलाफ प्रशासन की सख्ती तेज हो गई है। शनिवार सुबह करीब 11 बजे बीडीए की टीम ने पीलीभीत बाईपास रोड और जगतपुर स्थित उसकी दो बड़ी संपत्तियों पर ध्वस्तीकरण अभियान शुरू किया। कार्रवाई की भनक लगते ही पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया और लोगों में दहशत फैल गई। बीडीए टीम जैसे ही जेसीबी लेकर पहुंची, पुलिस ने चारों ओर से क्षेत्र को घेर लिया। सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में भारी पुलिस फोर्स मौके पर तैनात रही। दूर खड़े स्थानीय लोग पूरी कार्रवाई को देखते रहे। बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. ए. मनिकंडन ने बताया कि आरिफ ने जगतपुर की पूरी मार्केट और पीलीभीत बाईपास पर बने पीटर इंग्लैंड शोरूम का निर्माण बिना नक्शा पास कराए किया था। परिसर में जिम, होम डेकोर सेंटर और कई दुकानें संचालित हो रही थीं। अवैध निर्माण की पुष्टि होने के बाद बीडीए ने 11 अक्टूबर को दोनों परिसरों को सील किया था। शनिवार को 15 दुकानों और दो बड़े शोरूम पर बुलडोज़र की पहली चोट पड़ते ही दीवारें ढहने लगीं। आरिफ का नेटवर्क इससे पहले भी कई बार प्रशासन के रडार पर आ चुका है। फहम लॉन, स्काई लार्क होटल और फ्लोरा गार्डन बारातघर पहले ही सील किए जा चुके हैं। सूत्रों के अनुसार, अगले सप्ताह आरिफ के अन्य बारातघरों पर भी कार्रवाई हो सकती है।

## शायर जावेद बर्की के ग़ज़ल संग्रह 'दावा' का विमोचन



**लखनऊ।** राजधानी के यूपी प्रेस क्लब में आज एक गरिमामय साहित्यिक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शायर जावेद बर्की के ग़ज़ल और नज़्म संग्रह 'दावा' का विमोचन शहर के अनेक गणमान्य बुद्धिजीवियों, उर्दू साहित्यकारों और नामचीन शायरों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता प्रोफ़ेसर अनीस अशफ़ाक ने की। उन्होंने 'दावा' में शामिल ग़ज़लों और नज़्मों को उर्दू साहित्य की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। कार्यक्रम का कुशल संचालन शायर खुर्शीद रज़ा फतेहपुरी ने किया। इस अवसर पर 'दावा' के बारे में कई साहित्यिक वक्तव्य पढ़े गए। नया दौर पत्रिका के पूर्व संपादक सैयद वज़ाहत हुसैन रिज़वी ने जावेद बर्की को बेहतरीन सुख़नवर कहा। वहीं अक़बर अली बिलग्रामी (सहायक प्रोफ़ेसर) और आबिद नज़र ने भी संग्रह पर अपने विचार व्यक्त किए। पूर्व विधान परिषद सदस्य सिराज मेंहदी की सरपरस्ती में आयोजित इस कार्यक्रम में अनेक प्रतिष्ठित शायरों— जरीर अकबराबादी, फैय्याज लखनवी, तनवीर नगरौरी, डॉ. एम. हसन ख़ां, आरिफ़ अकबराबादी— ने अपनी रचनाओं का पाठ कर माहौल को साहित्यिक रंग से भर दिया। तूरज जैदी, चेयरमैन, डॉ. फखरुद्दीन अली अहमद कमेटी, ने इस आयोजन को सफल बताया और शायर जावेद बर्की के उज्ज्वल साहित्यिक भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में शायर जावेद बर्की ने सभी अतिथियों और श्रोताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें आशा है कि उनका यह ग़ज़ल संग्रह 'दावा' उर्दू प्रेमियों के बीच अपनी खास पहचान बनाएगा।

## नगवा नाले में पड़ा मिला कबाड़ कारोबारी का शव

**बंथरा।** इलाके के सराय शहजादी गांव के पीछे नगवा नाले में शनिवार की शाम एक कबाड़ कारोबारी का पड़ा मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी राणा राजेश कुमार सिंह के मुताबिक मृतक की पहचान उसके भतीजे निक्की ने बलरामपुर के पचपेड़वा आदम तारा निवासी मनीराम 26 वर्ष के रूप में की है। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला है कि मृतक बंथरा में कबाड़ का काम करता था। वह शराबी प्रवृति का था। शुक्रवार की शाम वह कबाड़ बीनने निकला था लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। शनिवार की शाम उसका शव शराय शहजादी गांव के पीछे नगवा नाले में मिला। उसका शव मेड़नुमा रास्ते के पास पानी में मौजूद पत्थरों पर पड़ा था। आशंका जताई जा रही है कि मृतक नशे में नगवा नाले के रास्ते से निकल रहा होगा और संतुलन बिगड़ने से वह पत्थरों पर गिर गया और सिर के पिछले हिस्से में चोट आने से उसकी मौत हो गई। हालांकि मृतक के शरीर पर कोई जाहिरा निशान नहीं पाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मृत्यु की सही जानकारी हो पाएगी

## गुरु तेग बहादुर साहिब की 350 वीं शहादत शताब्दी आस्था और श्रद्धा के साथ मनाई जा रही है

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में सिखों के नौवें गुरु ''गुरु तेग बहादुर साहिब'' की 350 वीं शहादत शताब्दी इस वर्ष पूरे आस्था और श्रद्धा के साथ मनाई जा रही है। इस मौके पर महान शहीदी समागम का आयोजन भी किया जा रहा है। महान शहीदी समागम का आयोजन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की तप स्थली गुरुद्वारा पक्की संगत अहियापुर में किया जाएगा। समागम रविवार 23 नवंबर से लेकर 25 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। श्री गुरु तेग बहादुर जी का प्रयागराज की धरती से गहरा नाता रहा है। उन्होंने अपने जीवन के छह माह नौ दिन परिवार के साथ यहीं पर तपस्या की थी। श्री गुरु सिंह सभा प्रयागराज के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह के मुताबिक हिंद की चादर के नाम से मशहूर सिखों के नौंवे गुरु ''गुरु तेग बहादुर'' ने मानवता की रक्षा के लिए अपनी शहादत दी थी। इसीलिए उन्हें हिंद का चादर के खिताब से नवाजा गया है। उन्होंने कहा है कि पूरे देश और दुनिया में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब का शहीदी समागम 23 नवंबर से 25 नवंबर के बीच मनाया जा रहा है। प्रयागराज में भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रमों की कड़ी में 23 नवंबर को गुरुद्वारा पक्की संगत अहियापुर से सुबह 10:00 बजे नगर कीर्तन शोभायात्रा निकाली जाएगी। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए शाम को वापस गुरुद्वारे में आकर समाप्त होगी। नगर कीर्तन में पंच प्यारों और गुरु ग्रंथ साहब की अगुवाई में शहर के गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। इस शोभायात्रा में देश-विदेश से आए हुए रागी जत्थे और कथा वाचक भी शिरकत करेंगे। 24 नवंबर को शाम छह बजे से रात 10:00 बजे तक गुरुद्वारा पक्की संगत अहियापुर में कार्यक्रम होगा। जिसमें देश-विदेश से आए रागी जत्थे और कथा वाचक गुरु ग्रंथ साहब की वाणी को लोगों तक पहुंचाएंगे।

### उप्र में इको-टूरिज्म को मिलेगा बूस्ट, थारू-थाली और चंदन चौकी शिल्पग्राम को किया जाएगा विकसित

# कतर्नियाघाट वन्य जीव अभ्यारण्य में बोट सफारी की क्षमता दोगुनी करने का प्रस्ताव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म विकास बोर्ड की हालिया बैठक में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा हुई। दुधवा राष्ट्रीय उद्यान और कतर्नियाघाट वन्यजीव अभ्यारण्य जैसे क्षेत्रों को इको टूरिज्म का हब बनाने के उद्देश्य से थारू जनजाति की सांस्कृतिक विरासत, स्थानीय व्यंजनों और वन्यजीव सफारी को बढ़ावा देने वाली योजनाओं के प्रस्ताव पेश किए गये। इसके साथ ही पर्यटकों को विशेष अनुभव के लिए 'अनुभव - थारू संस्कृति' योजना के तहत शिल्पग्राम को विकसित करने व व थारू-थाली का विशेष प्रचार करने का प्रस्ताव भी पेश किया गया है। यूपी इको टूरिज्म की इन पहलों से न केवल पर्यटकों को अनोखा अनुभव मिलेगा, बल्कि स्थानीय समुदायों के आर्थिक उत्थान व समावेशी विकास को भी नई दिशा मिलेगी।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश, नेपाल सीमा क्षेत्र में स्थित कतर्नियाघाट वन्यजीव अभ्यारण्य में गेरुआ नदी पर बोट या नदी सफारी का विस्तार करने का प्रस्ताव रखा गया है। वर्तमान में वन विभाग द्वारा गेरूआ नदी में दो बोटों का संचालन किया जा रहा है। नदी सफारी के लिए पर्यटकों की बढ़ती हुई मांग को देखते हुए इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड ने दो अतिरिक्त बोटों के संचालन की योजना पेश की है। इससे वन्यजीव अभ्यारण्य में नदी सफारी की क्षमता दोगुनी हो जाएगी और पर्यटकों को अधिक सुविधा मिलेगी। बोर्ड ने वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर इन बोटों को पर्यावरण-अनुकूल तकनीक से लैस करने पर जोर दिया है, ताकि नदी तट पर कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े।




यूपी इको टूरिज्म विकास बोर्ड दुधवा राष्ट्रीय उद्यान व कतर्निया घाट के तराई क्षेत्र में रहने वाली थारू जनजाति की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत करने वाली 'अनुभव - थारू संस्कृति' योजना का भी प्रस्ताव भी पेश किया है। जो न केवल इन अभ्यारण्य एवं राष्ट्रीय उद्यान में आने वाले पर्यटकों को एक विशेष अनुभव प्रदान करेगा साथ ही थारू समुदाय के सामाजिक-आर्थिक उत्थान व समावेशी विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसी क्रम में बोर्ड 'थारू थाली' को सक्रिय रूप से प्रचारित कर रहा है। यह थाली, थारू जनजाति के पारंपरिक व्यंजनों से युक्त है, जो स्थानीय जड़ी-बूटियों, अनाज और मसालों से तैयार की जाती है। क्षेत्र के होटलों और रिसॉर्ट्स संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने मेन्यू में थारू थाली को अनिवार्य रूप से शामिल करें। साथ ही टूरिज्म बोर्ड ने ट्रेनिंग प्रोग्राम्स की भी योजना बनाई है, जहां थारू समुदाय के युवाओं व महिलाओं को खान-पान और आतिथ्य कला सिखाई जाएगी। जिससे न केवल प्रदेश में जनजातीय सांस्कृतिक संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा बल्कि समुदाय के लोगों को आय व रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

समीक्षा बैठक में एक अन्य प्रस्ताव चंदन चौकी शिल्पग्राम के विकास के लिए भी पेश किया गया है। जनजातीय विकास विभाग द्वारा निर्मित यह शिल्पग्राम पूरी तरह तैयार है, लेकिन वर्तमान में बंद पड़ा है। दुधवा क्षेत्र में स्थित यह केंद्र थारू और अन्य जनजातीय संस्कृति के कौशल व कला के प्रदर्शन स्थल के रूप में पुनः विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया है। यहां हस्तशिल्प प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। बोर्ड ने सुझाव दिया कि जनजातीय विकास विभाग की सहमति से पर्यटन विभाग, इकोटूरिज्म बोर्ड या पर्यटन निगम इसे निजी निवेश के माध्यम से संचालित करेगा। इससे पर्यटकों की सुविधाएं बढ़ेंगी और इको-टूरिज्म को नया आयाम मिलेगा। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से सीएम योगी आदित्यनाथ की उत्तर प्रदेश को इको टूरिज्म का हब बनाने की कार्ययोजना को बल मिलेगा साथ ही राजस्व वृद्धि व जैव विविधता संरक्षण के साथ-साथ थारू जनजाति के विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

# यूपी की नई आर्थिक सोच को प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम बना 'भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2025'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2025 के माध्यम से उत्तर प्रदेश अपनी आर्थिक क्षमता व अवसरों की नई उड़ान को वैश्विक मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर रहा है। 'लोकल टू ग्लोबल' की थीम पर केंद्रित इस मेले में उत्तर प्रदेश ने न केवल अपने पारंपरिक उत्पादों को आधुनिक स्वरूप में पेश किया, बल्कि नए स्टार्टअप, नवाचार व डिजिटल इको सिस्टम की ताकत को भी दुनिया के समक्ष सशक्त रूप से प्रदर्शित किया है।

योगी सरकार की 'एक जिला-एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना को इस आयोजन में सबसे बड़े फोकस के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जिसके तहत 343 विशेष स्टॉल स्थापित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश से 2,750 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया है, जो मेले में राज्य की अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी में से एक है। इस प्रकार, भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2025 में उत्तर प्रदेश ने यह साबित किया है कि वह न सिर्फ अपनी पारंपरिक विरासत को वैश्विक पहचान दिला रहा है, बल्कि आधुनिक तकनीक, नवाचार और निवेशकों के साथ नए युग की आर्थिक क्रांति के नेतृत्व की दिशा में तेजी से अग्रसर है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने जानकारी दी कि इस मेले में युवा उद्यमिता और महिला सशक्तीकरण को विशेष प्राथमिकता दी गई है। यूपी सरकार के सहयोग से 150 से अधिक युवा स्टार्ट-अप्स और महिला उद्यमियों को अपनी नवोन्मेषी पहल, डिज़ाइन और तकनीकी उत्पादों के प्रदर्शन का अवसर मिल रहा है। उनके लिए विशेष बिजनेस वर्कशॉप, नेटवर्किंग सेशन और निवेशक मंच आयोजित किए गए हैं, जहां वे प्रत्यक्ष तौर पर विदेशी व देशी खरीदारों से संवाद स्थापित कर रहे हैं। महिला उद्यमियों की बढ़ती भागीदारी को ग्रामीण अर्थव्यवस्था, सामाजिक परिवर्तन और आत्मनिर्भर भारत के मजबूत स्वरूप के तौर पर रेखांकित किया गया है। आगरा का पेठा, भदोही की कार्पेट, बनारसी साड़ियां, मेरठ का खेल सामान, कानपुर का चमड़ा, फिरोजाबाद का ग्लासवेयर और सहारनपुर की लकड़ी की नक्काशी जैसे उत्पाद अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के मुख्य आकर्षण के रूप में उभर रहे हैं। इन उत्पादों के निर्माण, विकास व वाणिज्यिक प्रबंधन में युवाओं तथा महिलाओं की अग्रिम भूमिका उन्हें इस वृहद आयोजन के माध्यम से सीधे तौर पर राष्ट्रीय व वैश्विक पटल से जोड़कर उनके उत्पादों के लिए नए अवसर सृजित कर रही है। मेले के दौरान पारंपरिक शिल्प को आधुनिक पैकेजिंग, डिजिटल मार्केटिंग और सस्टेनेबल प्रैक्टिसेज के साथ प्रस्तुत कर राज्य ने विश्व बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप खुद को और अधिक कुशल, सक्षम व प्रतिस्पर्धी राज्य के तौर पर स्थापित किया है। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि सीएम योगी के कुशल मार्गदर्शन में विकसित हो रही राज्य की नई आर्थिक सोच इस मेले में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है, जहां पारंपरिक हस्तशिल्प को एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और डिजिटलीकरण से जोड़ने के प्रयासों को व्यापक सफलता मिली है।

### मार्गशक्ति इंडस्ट्री कॉनक्लेव

# 2047 तक विकसित भारत के बुनियादी ढांचे की दिशा तय करने पर विशेषज्ञ जुटे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। प्रख्यात आईआईटी (बीएचयू) में 21ऽ22 नवम्बर 2025 को आयोजित मार्गशक्ति इंडस्ट्री कॉनक्लेव में देश के बुनियादी ढांचा, परिवहन और शहरी विकास क्षेत्र से जुड़े शीर्ष विशेषज्ञ और अधिकारी एक मंच पर जुटे। ञविकसित भारत की ओर बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाना विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंकित गुप्ता के स्वागत भाषण से हुई, जबकि आईआईटी (बीएचयू) के निदेशक प्रो. अमित पात्रा ने संस्थान की दृष्टि साझा की। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय इस कॉनक्लेव का केंद्रीय केंद्र रहा, जहां महानिदेशक एवं विशेष सचिव श्री विनय कुमार राजावत ने ञविकसित भारत अ2047 के लिए राजमार्ग दृष्टि को प्रस्तुत किया और बताया कि आधुनिक, मजबूत और भविष्य-तैयार सड़क नेटवर्क भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास की रीढ़ है। इसी अवसर पर द्वारा विकसित नवीन तकनीकी उत्पादों, मैनुअलों और रिपोर्टों का भी विमोचन किया गया। कॉनक्लेव में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने राज्य की बुनियादी ढांचा क्रांति पर विस्तृत प्रकाश डाला और कहा कि यूपी एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सतत एवं कुशल परिवहन प्रणालियाँ आर्थिक विकास का आधार बनेंगी। कार्यक्रम में ञनगर पथ ऽ शहरी मार्ग, शासन, समावेशी गतिशीलता और सिटी लॉजिस्टिक्सङ्क पर हुई पैनल चर्चा में विशेषज्ञों ने शहरी नियोजन और गतिशीलता के आधुनिक समाधान प्रस्तुत किए। ञसमृद्धि के पथ तकनीकी सत्र में पर्यटन, एक्सप्रेसवे, लॉजिस्टिक्स दक्षता और औद्योगिक विकास को जोड़कर भारत की संपन्नता बढ़ाने की रणनीतियों पर विमर्श किया गया। अधिकारियों ने पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान के क्रांतिकारी प्रभावों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की और बताया कि यह पहल लॉजिस्टिक्स दक्षता बढ़ाकर भारत के ञ्ञ्ञ लक्ष्य को नई गति देने में सक्षम है। फ्रेट कॉरिडोर के मौजूदा और भविष्य के टर्मिनलों की प्रगति तथा व्यापार रणनीतियों पर भी विस्तृत प्रस्तुतियाँ हुईं। कॉनक्लेव में यह सहमति उभरी कि अवसंरचना विकास केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि पर्यावरणीय स्थिरता और समावेशिता को भी केंद्र में रखना आवश्यक है। मार्गशक्ति इंडस्ट्री कॉनक्लेव ने अकादमिक जगत, उद्योग और सरकार के बीच मजबूत साझेदारी का मार्ग प्रशस्त किया है, जिससे 2047 तक विकसित, कनेक्टेड और समृद्ध भारत के निर्माण का लक्ष्य और सुदृढ़ होता है।

### उत्तर मध्य रेलवे का 137वां प्रबंधन विकास कार्यक्रम सम्पन्न

# विशेषज्ञों ने दिए व्याख्यान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे का 137वां प्रबंधन विकास कार्यक्रम दिनांक 17 से 21 नवम्बर 2025 तक उच्च अनुरक्षण प्रौद्योगिकी केंद्र (कैमटेक), ग्वालियर में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ उप महाप्रबंधक हिमांशु बडोनी के मार्गदर्शन में तथा उप महाप्रबंधक (सा.) अतुल कुमार मिश्रा और सहायक उप महाप्रबंधक सुनील कुमार गुप्त के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कैमटेक ग्वालियर के निदेशक (सिविल) दीपक मेहरा और अतुल कुमार मिश्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसमें प्रयागराज मुख्यालय, आगरा, झांसी, प्रयागराज मंडल तथा झांसी और सिथौली कारखाना के पर्यवेक्षकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक व्याख्यान दिए गए। मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली , इलेक्ट्रिकल सेफ्टी, बायो टॉयलेट, जनसंपर्क की भूमिका, तनाव प्रबंधन, भंडार विभाग की जिम्मेदारियाँ, वित्त प्रबंधन, स्वास्थ्य प्रबंधन, अनुबंध प्रबंधन, रेलवे सेफ्टी एवं आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी ने सतर्कता विषय पर विशेष सत्र लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत ञकृत्रिम बुद्धिमत्ताः अवसर, चुनौतियाँ और भविष्यङ्क विषय पर निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को क्रमशः स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्रदान किए गए। दो प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए।

21 नवम्बर को आयोजित समापन समारोह में हिमांशु बडोनी ने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए तथा स्मृति स्वरूप समूह फोटोग्राफ दिया गया। इस अवसर पर कैमटेक के निदेशक (सिविल) दीपक मेहरा और सिथौली के मुख्य कारखाना प्रबंधक शिवाजी कदम भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने रेलवे कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता और प्रबंधन क्षमता को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

**भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबंद निविदायें आमंत्रित करते हैं।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **निविदा सूचना सं.** | **विद्युत/डब्ल्यू/आलमबाग/216/2025–26** | | |
| **कार्य का विवरण** | कैरेज वर्कशॉप, आलमबाग, लखनऊ में आर.बी.सी./यू.आर.बी.सी./ई.बी.सी., माइक्रोप्रोफेसर एवं आर.एम.पी.यू. शीतलन क्षमता प्रणाली हेतु रचना, आपूर्ति, विकास जांच सहित कमीशनिंग का कार्य। | | |
| **अनुमानित लागत** | ₹42,34,439.44 | **धरोहर राशि** | ₹84,700/- |
| **निविदा प्रपत्र का मूल्य** | शून्य | **कार्य समापन अवधि** | 06 माह |
| **निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय** | 15.12.2025 को अप. 15:00 बजे तक | | |
| **निविदा खुलने की तिथि व समय** | 15.12.2025 को अप. 15:00 बजे के बाद | | |

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल ऑफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फॉर्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल **www.ireps.gov.in** पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ०डी०आर० या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबंधित निविदा उपरांत किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरांत पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जाएगा।

**निविदा सं.: विद्युत/डब्ल्यू/आलमबाग/216/2025–26 दिनांक 22.11.2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ** 3641/2025

## यूपी की नई आर्थिक सोच को प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम बना 'भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2025'

# भविष्य की अर्थव्यवस्था के मजबूत रोडमैप की दिखी झलक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2025 के माध्यम से उत्तर प्रदेश अपनी आर्थिक क्षमता व अवसरों की नई उड़ान को वैश्विक मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर रहा है। 'लोकल टू ग्लोबल' की थीम पर केंद्रित इस मेले में उत्तर प्रदेश ने न केवल अपने पारंपरिक उत्पादों को आधुनिक स्वरूप में पेश किया, बल्कि नए स्टार्टअप, नवाचार व डिजिटल इको सिस्टम की ताकत को भी दुनिया के समक्ष सशक्त रूप से प्रदर्शित किया है।

योगी सरकार की 'एक जिला-एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना को इस आयोजन में सबसे बड़े फोकस के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जिसके तहत 343 विशेष स्टॉल स्थापित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश से 2,750 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया है, जो मेले में राज्य की अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी में से एक है। इस प्रकार, भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2025 में उत्तर प्रदेश ने यह साबित किया है कि वह न सिर्फ अपनी पारंपरिक विरासत को वैश्विक पहचान दिला रहा है, बल्कि आधुनिक तकनीक, नवाचार और निवेशकों के साथ नए युग की आर्थिक क्रांति के नेतृत्व की दिशा में तेजी से अग्रसर है।



राज्य सरकार के प्रवक्ता ने जानकारी दी कि इस मेले में युवा उद्यमिता और महिला सशक्तीकरण को विशेष प्राथमिकता दी गई है। यूपी सरकार के सहयोग से 150 से अधिक युवा स्टार्ट-अप्स और महिला उद्यमियों को अपनी नवोन्मेषी पहल, डिज़ाइन और तकनीकी उत्पादों के प्रदर्शन का अवसर मिल रहा है। उनके लिए विशेष बिजनेस वर्कशॉप, नेटवर्किंग सेशन और निवेशक मंच आयोजित किए गए हैं, जहां वे प्रत्यक्ष तौर पर विदेशी व देशी खरीदारों से संवाद स्थापित कर रहे हैं। महिला उद्यमियों की बढ़ती भागीदारी को ग्रामीण अर्थव्यवस्था, सामाजिक परिवर्तन और आत्मनिर्भर भारत के मजबूत स्वरूप के तौर पर रेखांकित किया गया है। आगरा का पेठा, भदोही की कार्पेट, बनारसी साड़ियां, मेरठ का खेल सामान, कानपुर का चमड़ा, फिरोजाबाद का ग्लासवेयर और सहारनपुर की लकड़ी की नक्काशी जैसे उत्पाद अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के मुख्य आकर्षण के रूप में उभर रहे हैं। इन उत्पादों के निर्माण, विकास व वाणिज्यिक प्रबंधन में युवाओं तथा महिलाओं की अग्रिम भूमिका उन्हें इस वृहद आयोजन के माध्यम से सीधे तौर पर राष्ट्रीय व वैश्विक पटल से जोड़कर उनके उत्पादों के लिए नए अवसर सृजित कर रही है। मेले के दौरान पारंपरिक शिल्प को आधुनिक पैकेजिंग, डिजिटल मार्केटिंग और सस्टेनेबल प्रैक्टिसेज के साथ प्रस्तुत कर राज्य ने विश्व बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप खुद को और अधिक कुशल, सक्षम व प्रतिस्पर्धी राज्य के तौर पर स्थापित किया है। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि सीएम योगी के कुशल मार्गदर्शन में विकसित हो रही राज्य की नई आर्थिक सोच इस मेले में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है, जहां पारंपरिक हस्तशिल्प को एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और डिजिटलीकरण से जोड़ने के प्रयासों को व्यापक सफलता मिली है। प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों की ग्राम से ग्लोबल बाजार तक पहुंच को सहज और सार्थक बनाया गया है, जिसका प्रमाण मेले में भी देखने को मिला है। मेले में कई विदेशी प्रतिनिधिमंडलों के साथ बी2बी मीटिंग्स का आयोजन हो रहा है, जिनका उद्देश्य ओडीओपी सहित प्रदेश के उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देना है। महाराष्ट्र और राजस्थान के साथ साझेदार राज्य की भूमिका में भाग लेकर उत्तर प्रदेश ने इस भव्य आयोजन में खुद को वैश्विक व्यापार केंद्र तथा एक विश्वसनीय निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित किया है। साथ ही शिक्षा, कौशल विकास और रिसर्च एंड डेवलपमेंट को प्राथमिकता में रखते हुए नई परियोजनाओं, निवेश समझौतों तथा लॉजिस्टिक्स हब आधारित आर्थिक ढांचे को भविष्य की सतत विकास यात्रा के आधार के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

## धूमधाम से मनाया गया मंदिर का 14वां वार्षिकोत्सव

**बीकेटी, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** श्री सिद्धपीठ शनिधाम,श्री सिद्धपीठ माता बंगलामुखीधाम,श्री पशुपतिनाथ द्वादश ज्योर्तिलंग,श्री बजरंग बली धाम,श्री सिद्ध पीठ साईं बाबा धाम मंदिर के चौदहवां वार्षिकोत्सव एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।बख्शी का तालाब क्षेत्र के चंद्रिका देवी रोड पर छोटी देवरई गांव स्थित श्री सिद्धपीठ शनिधाम,श्री सिद्धपीठ माता बंगलामुखी धाम,श्री पशुपतिनाथ द्वादश ज्योर्तिलंग,श्री बजरंग बली धाम,श्री सिद्ध पीठ साईं बाबा धाम मंदिर का चौदहवां वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से विशाल भंडारे के साथ मनाया गया।कार्यक्रम में सुबह साढ़े आठ बजे गणेश पूजन व साढ़े नौ बजे शनि महाराज का तेलाभिषेक भी किया गया।सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया,मुख्य पुजारी नरेश चंद्र शास्त्री ने विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर का विशाल भंडारे के साथ चौदहवां वार्षिकोत्सव मनाया गया।

## महिला समेत दो लोगों ने लगाई फंासी, क्लीनिक के बाहर मिला वृद्धा का शव

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अलग-अलग थाना क्षेत्र में शनिवार को तीन घटनाएं में एक महिला समेत दो लोगों ने जहां फांसी लगाकर जान दी हैं। वहीं, एक बुजुर्ग महिला का शव क्लीनिक के सामने मिला है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पहली घटना अलीगंज थाना क्षेत्र स्थित सुनारन बाग मन्दिर सेक्टर बी निवासी सुमित कुमार की पत्नी प्रीति (25) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी अशोक सोनकर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर परिवार से पूछताछ की। परिजनों ने बताया कि सुमित कुमार ने प्रीति से फरवरी 2018 में प्रेम विवाह किया था, जिनके एक 5 वर्ष का पुत्र है। किसी बात को लेकर हुए विवाद में पत्नी प्रीति ने अपनी जान दी है। मृतका के मायके पक्ष की ओर से लगाए गए सभी आरोपों की जांच की जा रही है। इसी तरह नगराम थाना क्षेत्र स्थित वजगिहा गांव का रहने वाला अजय उर्फ मजनू ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक के चचेरे भाई रामजीत ने बताया कि मृतक के परिवार के रोने की आवाज सुनाई देने पर वह पहुंचे तो देखा कि अजय का शव फांसी पर लटक रहा है। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष विवेक चौधरी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। परिवार से भी घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। मदेयगंज थाना क्षेत्र में नेशनल मेडिकल क्लीनिक के सामने बने बरामदे में शनिवार को एक वृद्ध महिला का शव मिला है। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटनास्थल पर जांच की। थाना प्रभारी अंजनी सिंह ने बताया कि मृतक महिला के पास मिले वोटर आईडी कार्ड व बैंक पासबुक की फोटो कॉपी से शिनाख्त की गई। मृतक महिला श्रावस्ती जिले के कटरा इकौना निवासी राम दुलारी (64) है। स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला यहां पर भिक्षा मांगकर अपना जीवन यापन करती थी। शरीर पर कोई जाहिर चोट निशान नहीं मिले हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला के पास से मिले मोबाइल नंबर से सम्पर्क करने पर श्रावस्ती निवासी पवन सोनी से वार्ता करने पर पता चला है कि मृतक महिला उसकी नानी है। घटना की जानकारी पर परिवार के लोग लखनऊ के लिए रवाना हो गए हैं।

## अधिक रजिस्ट्रियों वाले स्थानों पर अब बढ़ेगी औचक निरीक्षणों की संख्या

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार ने संपत्ति रजिस्ट्री प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और त्रुटि रहित निगरानी सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रदेश के स्टांप तथा पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने शनिवार को यह जानकारी दी कि प्रदेश भर में उन सभी स्थानों पर, जहां संपत्ति रजिस्ट्रियों की संख्या अधिक दर्ज की जा रही है, वहां सरकार द्वारा किए जाने वाले औचक स्थलीय निरीक्षणों की संख्या में वृद्धि की जाएगी। यह निर्णय हाल ही में धार्मिक और पर्यटन महत्व वाले क्षेत्रों में हुए भूमि सौदों की जांच के संदर्भ में व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए लिया गया है। मंत्री ने कहा है कि सरकार हर स्तर पर एक पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य से विभाग यह प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि पहले सभी जिलों में उप निबंधक द्वारा 50, एडीएम द्वारा 25 तथा जिलाधिकारी द्वारा 5 औचक स्थलीय निरीक्षण किए जाने का प्रावधान था। नई व्यवस्था के तहत उन स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा जहां रजिस्ट्री की संख्या में अचानक वृद्धि हुई है, ताकि विभागीय कार्यों की त्रुटि रहित निगरानी की जा सके और किसी भी अनियमितता को शुरुआती चरण में ही रोका जा सके। श्री जायसवाल ने स्पष्ट किया कि निरीक्षण की संख्या बढ़ाने का मुख्य उद्देश्य उन सभी स्थानों पर विभागीय कार्यों की त्रुटि रहित निगरानी सुनिश्चित करना है जहां रजिस्ट्री का काम अधिक है। यह कदम संपत्ति के क्रय-विक्रय में होने वाली संभावित धोखाधड़ी और राजस्व चोरी को रोकने के लिए उठाया गया है।

# एस.एस.इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हुई लक्ष्य विकसित भारत विषयक संगोष्ठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । एस.एस.इंटरनेशनल स्कूल,मामपुर,बीकेटी,लखनऊ ,उत्तिष्ठ सेवा संस्थानम् एवं प्राण फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ''लक्ष्य विकसित भारतअ 2047 की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश की साझा संस्कृति'' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश्वर सिंह मा.राज्यमंत्री(दर्ज़ा प्राप्त)उत्तर प्रदेश सरकार,मुख्य वक्ता प्रो.शीला मिश्रा अधिष्ठाता विज्ञान संकाय ल.वि. वि,अति विशिष्ट अतिथि रविकांत मिश्र अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी(अर्जुन अवार्ड),कीर्ति विक्रम सिंह क्षेत्रीय निदेशक इग्नू लखनऊ,विशिष्ट अतिथि दुर्गेश त्रिपाठी राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा एकल अभियान,योगेश तिवारी (उपाध्यक्ष उत्तिष्ठ सेवा संस्थानम् )कार्यक्रम अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान चेयरमैन एस एस ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेज आदि प्रमुख लोग उपस्थिति रहे।



कार्यक्रम में बोलते हुए मंत्री जी ने कहा कि हमारी बेटियां विकसित भारत बनाने के लिए सदैव तात्पर्य हैं, आज बेटियों का उत्साह देखकर यह नई अनुभूति हुई एवं नाट्य मंचन के माध्यम से प्राण संस्था ने संस्कार, आदर्श,शिक्षा हेतु जो सन्देश दिया है वह अनुकरणीय है।कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य वक्ता ने सभी बच्चों से वार्ताकर लक्ष्मणपुरी से लखनऊ तक के इतिहास बारे में विस्तार से बताया।दुर्गेश जी ने बताया कि नाट्य मंचन के माध्यम से मातृशक्ति आज हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं माँ दुर्गा की स्तुति से प्रारंभ होकर महिषासुर मर्दन एवं हाल ही में विश्व कप महिला क्रिकेट टीम के विजय गाथा तक का सफर तय किया जो विकसित महिला सशक्त महिला के मन्त्र को अंगीकार करता है।कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक प्रवीण सिंह चौहान ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर संस्था के सभी लोगों को स्मृति चिन्ह भेंट किया,कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रो0 मंजुला उपाध्याय,डॉ0रमेश त्रिपाठी,डॉ0 बी0एन0 पाठक,लोकेश सिंह,अनुराग पाण्डेय,अमन सिंह, ध्रुव, मैत्रीय, प्रमुदित, शिवम, अखिलेश एवं अन्य स्कूल के अन्य कार्यकर्ता बंधु, शिक्षक,छात्र- छात्राएं उपस्थिति रहे।इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान ने सभी को राष्ट्र प्रथम की भावना को ध्यान में रख कर भारत वर्ष को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया ।

## सरसंघचालक डा.मोहनराव भागवत का लखनऊ आगमन आज

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा.मोहनराव भागवत 23 नवम्बर रविवार को लखनऊ पहुँचेंगे। सरसंघचालक लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क में 23 नवम्बर को दोपहर में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द महाराज के सानिध्य में आयोजित दिव्य गीता प्रेरणा उत्सव में शामिल होंगे। इस उत्सव में सरसंघचालक डा.मोहनराव भागवत के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी उपस्थित रहेंगे। दिव्य गीता प्रेरणा उत्सव श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार उत्तर प्रदेश की ओर से आयोजित किया गया है। यह जानकारी शनिवार को जीओ गीता उत्तर प्रदेश के संयोजक मणि प्रसाद मिश्र ने दी। जानकारी के अनुसार संघ के सरसंघचालक डा.मोहनराव भागवत गीता उत्सव में शामिल होने के बाद लखनऊ संघ कार्यालय पर रूकेंगे। इस दौरान उनसे कुछ प्रमुख लोगों की भेंट भी होगी। लखनऊ के बाद सरसंघचालक अयोध्या जायेंगे और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के ध्वजारोहण समारोह में शामिल होंगे।

# पर्यावरण विभाग के प्रमुख सचिव बने नोडल अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एनसीआर के उत्तर प्रदेश वाले हिस्से में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक व्यापक और परिणामकारी कार्य योजना तैयार की है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सड़क की धूल को प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण मानते हुए एक्शन प्लान तैयार किया गया है। मुख्य रूप एक्शन प्लान, सड़क खंडों के पुनर्विकास, धूल नियंत्रण और साफ-सफाई को बेहतर बनाने पर केंद्रित हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस विस्तृत अभियान के लिए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रमुख सचिव को मुख्य नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। राज्य स्तर पर एक परियोजना निगरानी इकाई (पीएमयू) भी बनाई गई है। इसकी अध्यक्षता इसी विभाग के सचिव करेंगे। इस इकाई में शहरी विकास, लोक निर्माण, आवास एवं शहरी नियोजन तथा औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास विभाग के वरिष्ठ प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है ताकि योजना का सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सड़क धूल कम करने के लिए एंटीऽस्मॉग गन, स्प्रिंकलर और यांत्रिक सफाई से जुड़े अन्य उपाय भी अपना रहे हैं। यह कार्य योजना एनसीआर-यूपी में वायु गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है जिससे शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लाखों लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि यूपी-एनसीआर में आम नागरिक को प्रदूषण से राहत प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन की और परिवहन विभाग की ओर से ऑटो रिक्शा पर पाबंदी लगाई जा रही है। गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में डीजल ऑटो रिक्शा का संचालन पूरी तरह बंद कर किया जाएगा।

## रिकवरी एजेंट की हत्या में चार आरोपी चिह्नित

लखनऊ। इंदिरानगर सेक्टर-8 में फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंट शशि प्रकाश उपाध्याय की हत्या के मामले में चिह्नित चार आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने कई ठिकानों पर दबिश दी है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने कुछ संदिग्ध लोगों को उठाया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को गिरफ्तार कर जल्द ही घटना खुलासा किया जाएगा।

एसीपी अनिद्य विक्रम सिंह के मुताबिक शशि प्रकाश की हत्या के मामले में अब तक की तफ्तीश में चार आरोपी चिह्नित किए गए हैं। उनके बारे में पता लगाया जा रहा है। आरोपियों को पकड़ने के लिए उनके ठिकानों पर पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। साथ ही पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हुई जांच के बाद कई संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है। मृतक की फोन काल डिटेल में कई लोगों के नंबर मिले हैं। उनमें से कई संदिग्ध लोग प्रकाश में आए हैं। इससे पहले पुलिस ने जिस कंपनी के शाशि प्रकाश काम करते थे। उस कंपनी के कुछ लोगों से भी पूछताछ की है।

# यूपीएसटीडीसी ने लखनऊ और अयोध्या के लिए दो विशेष टूर पैकेज जारी किए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 23 से 29 नवंबर तक आयोजित की जाने वाली 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के लिए देश-विदेश से आने वाले 35,000 से अधिक स्काउट्स और गाइड्स के स्वागत तैयारियों के बीच, उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने लखनऊ और अयोध्या के लिए दो विशेष टूर पैकेज जारी किए हैं।

यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि डिफेंस एक्सपो ग्राउंड, सेक्टर-15, वृंदावन योजना स्थित 300 एकड़ में फैली जम्बूरी टेंट सिटी में ठहरने वाले प्रतिभागियों के लिए तैयार किए गए ये टूर पैकेज युवाओं को सुरक्षित, सार्थक और यादगार यात्रा अनुभव प्रदान करेंगे।

मंत्री ने बताया कि यूपीएसटीडीसी के विशेष रूप से तैयार किए गए टूर पैकेज जम्बूरी टेंट सिटी में ठहरे हजारों युवा प्रतिनिधियों को उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक, धार्मिक और विरासत धरोहर से सीधे जुड़ने का अनूठा अवसर दे रहे हैं। सप्ताह भर के प्रवास को यादगार बनाने के लिए तैयार ये पैकेज हर स्काउट और गाइड को ऐसा अनुभव कराएंगे, जिससे वे प्रदेश की समृद्ध पर्यटन पहचान और विविध सांस्कृतिक विरासत को करीब से अनुभव कर सकेंगे।

निगम द्वारा तैयार पहला पैकेज 'लखनऊ दर्शन' जम्बूरी प्रतिभागियों को नवाबी तहज़ीब, अनूठी स्थापत्य कला और समृद्ध शिल्प परंपरा से रूबरू कराने का एक खास अवसर देता है। यह पैकेज हाल ही में यूनेस्को क्रिएटिव सिटी ऑफ़ गैस्ट्रोनॉमी के रूप में सम्मानित लखनऊ की पहचान, उसकी विरासत, शहर की गलियां और उसकी कारीगरी को करीब से अनुभव कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसके अंतर्गत प्रतिभागियों को शहर की प्राचीन विरासत- रेजीडेंसी, बड़ा इमामबाड़ा, भूल भुलैया, रूमी दरवाज़ा, छोटा इमामबाड़ा, पिक्चर गैलरी और प्रसिद्ध चौक बाजार का भ्रमण कराया जाएगा। इस दौरान चिकनकारी और जरदोजी के काम को भी करीब से देख सकेंगे।

यूपीएसटीडीसी का दूसरा पैकेज अयोध्या दर्शन है। इस विशेष एक दिवसीय आध्यात्मिक यात्रा में प्रतिभागियों को अयोध्या की आस्था, संस्कृति और विरासत का अनुभव मिलेगा। हनुमानगढ़ी की पवित्र आभा से लेकर श्री राम जन्मभूमि मंदिर की दिव्य शांति, कनक भवन की रमणीयता, सरयू रिवर फ्रंट (राम की पैड़ी) की मनोहर धारा और नागेश्वरनाथ मंदिर का प्राचीन सौंदर्य सब कुछ एक ही पैकेज में समाहित है।

श्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूपीएसटीडीसी द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए 'अयोध्या दर्शन' और 'लखनऊ दर्शन' टूर पैकेज जम्बूरी के युवा प्रतिनिधियों को प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता और समृद्ध विरासत को नजदीक से समझने का अवसर प्रदान करेंगे। यह पहल देश-दुनिया के विभिन्न हिस्सों से आए छात्रों को उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक शक्ति और परंपराओं से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। हमारा प्रयास है कि आगंतुक उत्तर प्रदेश से सार्थक अनुभव लेकर लौटें।

## सेंट पॉल्स कॉलेज का 46वॉं वार्षिक खेल महोत्सव 'फिटनेस मंत्र 2025'

# शौर्य, साहस एवं अनुशासन प्रदर्शित किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। फिटनेस मंत्र 2025 'क्रीडा एवं शारीरिक प्रशिक्षण महोत्सव' सेंट पॉल्स कॉलेज, लखनऊ में शनिवार को अत्यंत भव्यता के साथ आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विशिष्ट सेवा मेडल प्राप्त मेजर जनरल कंवरजीत सिंह द्वारा समारोह का औपचारिक उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य रेव0 फादर तेज प्रकाश बड़ा ने की तथा कॉलेज के प्रबंधक रेव0 फादर ऑल्विन माठ्था ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कॉलेज की प्रतिष्ठा को नए आयाम दिए। कार्यक्रम का शुभारम्भ शांति और सद्भावना के प्रतीक कबूतरों और गुब्बारों के मुक्त उड़ान के साथ हुआ।



इस वर्ष के क्रीडा महोत्सव 'फिटनेस मंत्र 2025' का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य, अनुशासन, योग, और खेलभावना को बढ़ावा देना था। छात्रों ने विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से ऊर्जा, तालमेल और उत्कृष्ट प्रदर्शन की शानदार मिसाल पेश की। राष्ट्रीय गौरव की अनुभूति से ओतप्रोत स्वागत ड्रिल 'पेट्रियॉटिक पल्स' के माध्यम से कक्षा 3 के नन्हे विद्यार्थियों ने सभी को अभिभूत कर दिया। जहॉं नर्सरी, केजी के नन्हे मुन्नों ने 'वक्का रिंग विजार्ड' से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया तो वहीं कक्षा 1, 2 की मनमोहक प्रस्तुति 'मिनियन फिटनेस फिएस्टा' ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कक्षा 4, 5 के यंग योगियों द्वारा योग का महत्व बताया गया। कक्षा 6, 7 के 'डांस फ्रेन्जी'(जुम्बा) व कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों के 'डंबल वर्कआउट' में अद्भुत तालमेल से सजी प्रस्तुति को भी विशेष सराहना मिली। कार्यक्रम में सेंट पॉल्स कॉलेज के साथ अन्तर विद्यालयी रिले रेस में लखनऊ के अन्य प्रख्यात विद्यालयों (सेंट फ्रांसिस कॉलेज हजरतगंज, सेंट फ्रांसिस कॉलेज, गोमती नगर, लोरेटो कॉन्वेन्ट स्कूल, ए0पी0एस0 एस0पी0 मार्ग, लखनऊ पब्लिक कॉलेजिएट, सेंट एन्स कॉन्वेन्ट कॉलेज, सेंट मेरीज़ कॉन्वेन्ट कॉलेज आदि) ने प्रतिभाग कर आयोजन को भव्यता प्रदान की। कालेज के पूर्व छात्रों द्वारा प्रस्तुत प्रभावशाली मार्चपास्ट, उनके कॉलेज से भावनात्मक संबंधों को और भी सशक्त बनाता हुआ कॉलेज की गौरवमयी परम्परा का गवाह बना। कार्यक्रम के अन्तराल में प्रस्तुत 'इनविन्सबिल ह्यूमन, व इंडिया अनस्टॉपेबल के माध्यम से कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंग प्रदान करना भी सराहनीय रहा। शौर्य, साहस एवं अनुशासन को प्रदर्शित करते हुए विद्यालय के जिम्नास्टिक दल ने अद्भुत करतब दिखाकर दर्शकों को सांस रोकने पर विवश कर दिया। अन्त में वरिष्ठ अध्यापिका देवना सिंह ने समस्त अतिथियों,, आयोजकों, प्रतिभागियों व समस्त दर्शकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ध्यान साधना और राजयोग का अदभुत केन्द्र है गुलजार उपवन: राधा बहन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सुल्तानपुर रोड पर ब्रह्माकुमारीज संस्थान के गुलजार उपवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। राष्ट्रपति मुर्मु यहां 28 नवंबर को विश्व एकता एवं विश्वास के लिए राजयोग (ध्यान योग) थीम पर आयोजित एक कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगी।

कार्यक्रम को लेकर गुलजार उपवन प्रशिक्षण केन्द्र की प्रभारी बीके राधा बहन ने शनिवार को बताया कि इस दौरान यूपी के समस्त जिलों की ब्रह्माकुमारीज केन्द्रों की प्रभारी, कर्नाटक तथा अन्य राज्यों से भी संस्थान से जुड़े लोग शामिल होंगे। उनके आगमन को लेकर तैयारियों जोरो से चल रही है। संस्थान के सदस्य इसे अंतिम रुप देने में लगे हुए है। रंग रोगन, साफ, सफाई तथा लोगों को आमंत्रण देने का कार्य जोरो पर चल रहा है।

### गुलजार उपवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर

तीन एकड़ में बना है गुलजार उपवन प्रशिक्षण केन्द्र उन्होने बताया कि तकरीबन 3 एकड़ में बन रहे इस गुलजार उपवन में दो सौ लोगों के रहने की आवासीय व्यवस्था है। यह प्रदेश का एकमात्र केन्द्र है। जहॉं से प्रादेशिक स्तर पर पर अभियानों चलाये जायेंगे। लोगो को मेडिटेशन का प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। यहां अलग अलग मेडिटेशन सेन्टर और सेमिनार हॉल बने हैं। जिसमें अलग अलग स्तर की वर्कशॉप आयोजित की जाएंगी। गुलजार उपवन के आडिटोरियम मे सभी को योग और राजयोग की अनुभूति करायी जायेगी। राज्य स्तर पर चलेगा अभियानप्रभारी बीके राधा बहन ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान ने भारत सरकार के साथ नशामुक्ति, जैविक यौगिक खेती, जल संरक्षण, वरिष्ठ नागरिक सम्मान, सैनिक कल्याण के उन्नयन के लिए एक एमओयू किया गया है। जिससे ब्रह्माकुमारीज संस्थान तथा सम्बन्धित विभागों के सहयोग से अभियान चलाये जायेंगे तथा प्रादेशिक स्तर पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। राधा बहन ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश के राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, ब्रह्माकुमारीज की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके संतोष दीदी, अतिरिक्त महासचिव बीके डॉ मृत्युंजय, गुलजार उपवन प्रशिक्षण केन्द्र की डाईरेक्टर बीके राधा दीदी समेत संस्थान के अन्तरराष्ट्रीय मुख्यालय माउण्ट आबू से भी बड़ी संख्या में संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

# डीएम ने किया पिसावां सीएचसी का आकस्मिक निरीक्षण, लापरवाही पर स्टाफ को फटकार

## पिसावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डीएम की सख्त कार्रवाई, कई कर्मियों को नोटिस स्पष्टीकरण

## बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के निर्देश: डीएम राजागणपति का पिसावां सीएचसी में औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिसावां का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, ओ0पी0डी0, भर्ती वार्ड, महिला वार्ड, लेबर रूम, औषधि कक्ष, के0एम0सी0, टी0बी0 यूनिट कक्ष, ड्यूटी कक्ष आदि का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। चिकित्सालय में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये तथा अवस्थापना सुविधाओं में सुधार किया जाये। सभी स्थलों पर सफाई का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने बी0पी0एम0 एवं बी0सी0पी0एम0 को व्यवस्थाएं सुधारनें तथा भर्ती मरीजों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन एवं नाश्ते का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। चीफ फार्मासिस्ट दयाशंकर को स्पष्टीकरण जारी के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। लापरवाही पर स्टाफ नर्स रेनू देवी को कड़ी फटकार लगायी तथा फैमिली काउंसलर रामखुशी को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि आर0सी0एच0 पोर्टल पर नियमित डाटा अद्यतन कराया जाये। शतप्रतिशत प्रसव सुनिश्चित कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि ई-कवच पोर्टल की नियमित डाटा फीडिंग की जाये। सभी वार्डों में ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों का विवरण अवश्य प्रदर्शित किया जाये। रिफर किये गये मरीजों का रजिस्टर अद्यतन रखा जाये। उन्होंने कहा कि बेडशीट नियमित रूप से बदलवायी जाये। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित यूनीफार्म में रहें। डिलीवरी रजिस्टर पर पूरा विवरण दर्ज कराया जाये तथा जन्म पंजीकरण प्रमाण-पत्र डिस्चार्ज के समय ही उनके परिवारजन को दे दिया जाये। उन्होंने मरीजों से वार्ता कर चिकित्सालय में मिल रही सेवाओं के विषय में फीडबैक भी लिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जन्म प्रमाण-पत्र की आई0डी0 डिलीवरी रजिस्टर अवश्य दर्ज की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि भोजन एवं नाश्ते की मात्रा एवं गुणवत्ता मानकों के अनुसार सुनिश्चित की जाये। फैमिली प्लानिंग के संबंध में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि डिलीवरी के उपरान्त समुचित काउंसलिंग की जाये। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में तैनात चिकित्सकों, फार्मासिस्टों एवं अन्य कार्मिकों का विवरण भी प्राप्त किया। उन्होंने फार्मेसी में जाकर दवाओं के रख-रखाव का भी गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि मानकों के अनुरूप दवाओं का समुचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाये तथा दवाओं से संबंधित समस्त रिकार्ड अद्यतन रखा जाये। समय पर मांग पत्र भी प्रेषित कराया जाये, जिससे किसी प्रकार की दवाओं की कमी न हो।

# थाना समाधान दिवस में विधायक, डीएम व एसपी ने सुनी शिकायतें, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## पिसावां थाने में जनसुनवाई: राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम से भूमि व आपसी विवादों के तत्काल समाधान के आदेश

सीतापुर (ब्यूरो) । सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर मा0 विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थाना पिसावां में जनसुनवाई की। उन्होंने शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आपसी विवाद के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। संवेदनशील प्रकरणों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। थाना समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायत के निस्तारण से सम्बन्धित संपूर्ण विवरण दर्ज किया जाये तथा समस्त संबंधित अभिलेख अद्यतन रखे जाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी महोली देवेन्द्र कुमार मिश्र सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भुमिहार बाबा देवस्थान पर हुआ पूजन का आयोजन

## समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से पूजा का आयोजन किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पिपरिया धनी खीरी।ग्रंट साहबगंज के मजरा गांव दिस्तापुर में हर तीन साल के बाद इस साल भी पूजा बड़ी धूमधाम से भूमिहार बाबा मंदिर पर हर साल की भांति इस साल भी बड़ी पूजा का आयोजन किया गया।जिसमें पुजारी नहर पंडित के द्वारा हवन पूजन के द्वारा विधि विधान पूजा अर्चना की गईं।उसके बाद ग्राम दिस्तापुर गांव में चलीं आईं रहीं प्रथा में बरोसी पुजारी रामकिशुन कश्यप के द्वारा पूरें गांव में सैकड़ो की संख्या में निकल गईं।देवस्थान से लेकर पूरे गांव का भ्रमण करने के बाद वापसी देवस्थान पर की गईं।वहीं पूजन समाप्त होने के बाद पुजारी के द्वारा 251 लगभग कन्याओं को कन्या खिलाकर व प्रसाद वितरण किया गया।इस मौके पर पुजारी प्रशांत यादव,ओम प्रकाश गुप्ता, विनीत यादव, निर्विकार यादव, सुमित यादव, मुरारी लाल यादव,राम किशुन कश्यप, डॉ राजाराम कश्यप,शेर सिंह कश्यप, रामकुमार कश्यप, प्रदीप कश्यप,आसाराम यादव,तौलेराम यादव,रवि यादव व सौकडों की संख्या में भक्तिगण मौके पर मौजूद रहें।

# साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु के जन्मदिन पर आयोजित हुई काव्य संध्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बिसवां सीतापुर । राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री जनपद के ख्याति प्राप्त कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु के जन्मदिन पर काव्य संध्या का आयोजन किया गया। यह आयोजन खनऊ के प्रसिद्ध बुद्धेश्वर महादेव मंदिर के काँवरिया विश्राम स्थल के सभागार में राष्ट्रीय कवि संगम की लखनऊ इकाई द्वारा किया गया।इस अवसर पर आयोजित काव्य संध्या मे राष्ट्रीय कवि संगम की लखनऊ इकाई के जिलाध्यक्ष ओज कवि अशोक अग्निपथी, उपाध्याय वरिष्ठ कवि कृष्ण कुमार मौर्य 'सरल' और महामंत्री डॉ0 राघवेन्द्र मिश्र 'प्रणय' की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का शुभारंभ कवयित्री सोनी मिश्रा की वाणी वंदना से हुआ। कार्यक्रम में आए हुए सभी कवियों ने काव्य पाठ किया और अपने काव्य पाठ के दौरान खूब वाहवाही और तालियां बटोरी । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए सेवानिवृत्त कारागार अधीक्षक मिजाजीलाल यादव ने कहा कि कविता संस्कार की पाठशाला होती है। विशिष्ट अतिथि आदरणीय डॉ0 दिनेश चन्द्र अवस्थी ने अपने सम्बोधन में मृदु जी से अपने दीर्घकालिक आत्मीय सम्बन्धों का उल्लेख करते हुए उनके आरोग्यमय जीवन और दीर्घायु की कामना की। काव्य संध्या में डॉ0 अशोक अज्ञानी ,मंजुल मिश्र मंज़र,विजय तनहा, संजय सांवरा, नवीन बैसवारी, प्रभाकर शुक्ला, आदर्श सिंह निखिल, सोनी मिश्रा, डा.रेनू सिंह, मान सिंह, शुभम, रामसागर यादव, उदयभानु प्रताप, कुलदीप पाण्डेय, राघवेंद्र प्रताप, शायर वकार काशिफ, श्रीमती नीतू गुप्ता ख्याली, श्रीमती ममता पंकज, पंडित विजय लक्ष्मी, डा, अलका अस्थाना, ठहाकश्री अनिल बांके, मनोज अवस्थी शुकदेव, शशि नारायण त्रिपाठी, हिमांशु लखनवी अरविंद रस्तोगी सहित बड़ी संख्या में कवियों एवं गणमान्य जनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन कृष्ण कुमार मौर्य 'सरल' द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय कवि संगम, लखनऊ इकाई के जिलाध्यक्ष एवं सुप्रसिद्ध कवि अशोक अग्निपथी ने आगत अतिथियों और कवियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# थाना समाधान दिवस : कोतवाली सदर में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी, जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।

समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# सिधौली विधानसभा में SIR संदर्भित महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिधौली। विधानसभा–सिधौली में ट्टत्र्क्ष्ट से संदर्भित संगठनात्मक विषयों पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष करुणा शंकर त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला संयोजक आईटी सेल/सोशल मीडिया अतुल तिवारी रहे। दोनों अतिथियों ने संगठन मज़बूती, प्रवास, उधधप्द्ध ख्व्रथद्व्रथद्दद्गद्बद्दद्ब्रप् तथा आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में सिधौली मंडल अध्यक्ष पुष्कर गुप्ता, कसमंडा मंडल से सोनू शुक्ला, गोंदलामाऊ मंडल महामंत्री कल्लू सिंह, अटरिया मंडल अध्यक्ष अमित सिंह, सभी मंडलों के महामंत्री, मंत्री, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, महिला मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।इसके साथ ही विधानसभा प्रवासी, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में उपेंद्र त्रिपाठी, दुर्गेश सिंह, अमीमुल्ला, पूर्व अध्यक्ष गोंदालामऊ सूर्य बॉक्स सिंह, मीनू, सोनू सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता स्थानीय विधायक कार्यालय द्वारा की गई। बैठक में संगठन विस्तार एवं बूथ सशक्तिकरण पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

## बेहमा भद्रास मार्ग राहगीरों के लिए बना मुसीबत

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । जनपद सीतापुर की महमूदाबाद तहसील के अंतर्गत बेहमा से भदरास को जोड़ने वाले मार्ग की स्थिति अत्यंत खराब है। सड़क पर जगह–जगह बने गहरे गड्ढे राहगीरों के लिए बड़ा खतरा बन गए हैं, जिसके कारण आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। विशेषकर दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक परेशानी का सामना कर रहे हैं और कई बार बाइक सवारों के गिरकर घायल होने की घटनाएँ सामने आई हैं। इस मार्ग पर कई स्थानों पर गड्ढे इतने गहरे हो चुके हैं कि ई–रिक्शा और दोपहिया वाहनों का निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार ई–रिक्शा संतुलन खोकर पलटते–पलटते बचे हैं, जिससे बड़े हादसे का डर बना रहता है। ग्रामीणों के अनुसार, रामअवतार बालिका इंटर कॉलेज के पास और जीयनपुर पुलिया के निकट दो बड़े गड्ढे हैं, जिनका अंदाजा चलते समय नहीं लग पाता। इसी कारण बाइक सवार, साइकिल सवार तथा बाइक पर बैठी महिलाएं और बच्चे अक्सर गिरकर घायल हो रहे हैं। जियनपुर गांव निवासी रामदयाल, गया प्रसाद, रामजीवन, सुशील, सत्येंद्र सिंह तथा बेहमा निवासी मोहम्मद जीशान सहित कई अन्य ग्रामीणों ने विभाग के उदासीन रवैये पर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि सड़कों पर बढ़ते गड्ढे अब गंभीर चिंता का विषय बन चुके हैं और स्थानीय प्रशासन को तत्काल इसका संज्ञान लेकर मरम्मत का कार्य शुरू करवाना चाहिए। इस संबंध में जब पीडब्ल्यूडी विभाग के सहायक अभियंता (एई) जितेंद्र मिश्रा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

## एक सप्ताह में सभी सड़कें गड्ढामुक्त करें : जिलाधिकारी

उरई। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद में चल रहे गड्ढामुक्त अभियान की प्रगति की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा शनिवार को की। उन्होंने संबंधित विभागों और कार्यदायी संस्थाओं को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को स्पष्ट निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर सभी चिन्हित सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाए और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कार्य में ढिलाई या लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों एवं जिम्मेदार संस्थाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सड़कों की गुणवत्ता जांचने हेतु नामित नोडल अधिकारी स्थल निरीक्षण कर 1 दिसंबर 2025 तक विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि जिन स्थानों पर सड़क निर्माण कार्य लंबित है या प्रगति नहीं दिख रही, वहां का स्पष्टीकरण तत्काल प्रस्तुत करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सहित सभी संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सहकारी बैंक का दुग्ध उत्पादक समिति को दस लाख का ऋण देने की घोषणा

मुरादाबाद। जिला सहकारी बैंक ने शनिवार को खुल्दाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति को दस लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण देने की घोषणा की है। बैंक का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य न केवल समिति के व्यापार को बढ़ावा देना है बल्कि सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना भी है। कार्यक्रम में बैंक प्रबंधन ने समिति के सभी सफल सदस्यों को उनके योगदान के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जिला सहकारी बैंक मुरादाबाद के चेयरमैन/अध्यक्ष विजयभान सिंह ने कहा कि समिति को मिलने वाला यह ब्याज मुक्त ऋण सरकारी योजनाओं की सफलताओं को आगे बढ़ाने के लिए बड़ा योगदान साबित होगा। इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक नाबार्ड रजत सहगल, पराग डेयरी के प्रबंधक गोविंद सिंह, रविंद्र सिंह, बैंक महाप्रबंधक प्रेम सिंह, धर्मवीर सिंह, श्याम वीर सिंह, नागेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## शिवांगी पांडे ने सहायक जराचिकित्सा श्रेणी में जीता प्रथम पुरस्कार

वाराणसी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के चिकित्सा विज्ञान संस्थान (आईएमएस) के छात्रों ने सशस्त्र बल चिकित्सा महाविद्यालय (एएफएमसी), पुणे में आयोजित जेरिकॉन–25 सम्मेलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई प्रमुख पुरस्कार अपने नाम किए। आईओई टीडीआर परियोजना में शोध सहायक डॉ. शिवांगी पांडे ने सहायक जराचिकित्सा श्रेणी में मौखिक प्रस्तुतियों में प्रथम पुरस्कार हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। इसके अतिरिक्त एमबीबीएस तृतीय वर्ष के छात्र तिरलुका निखिल और एमबीबीएस अंतिम वर्ष की छात्रा श्रेया बरनवाल ने स्नातक मौखिक प्रस्तुतियों की श्रेणी में क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीएचयू के जनसंपर्क कार्यालय ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सभी छात्र बीएचयू में सक्रिय रूप से शोध गतिविधियों से जुड़े हुए हैं।

## दुसरे समुदाय के युवक की प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने की आत्महत्या, मुकदमा दर्ज

गाजियाबाद। गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती द्वारा आत्महत्या करने के मामले में दूसरे समुदाय के युवक के खिलाफ मृतका के पिता द्वारा आज रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। युवती के पिता का कहना है कि आरोपित की प्रताड़ना से तंग आकर उसकी बेटी ने आत्महत्या किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सहायक पुलिस आयुक्त उपासना पांडे ने शनिवार को बताया कि नंदग्राम थाना क्षेत्र के दीनदयालपुरी इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने आज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी बेटी अंजलि ने बीते 17 नवंबर को अपने घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया था। बाद में पता चला कि सद्दाम नामक युवक लगातार उनकी बेटी से बातचीत करता था और उसे अपने घर पर भी जबरन बुलाता था। शिकायतकर्ता का कहना है कि उनकी बेटी सरल स्वभाव की थी। सद्दाम की हरकतों और दबाव के कारण उनकी बेटी मानसिक रूप से परेशान रहती थी। आरोप है कि इसी के चलते उनकी बेटी ने यह कदम उठाया।

# खीरी में 25 नवंबर को सजेगा खुशियों का महाकुंभ 451 जोड़ों के संगम की तैयारी शुरू

## सीडीओ अभिषेक कुमार ने तैयारियों को दिया अंतिम स्वरूप, परखी हर व्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी, डीएस कॉलेज मैदान इन दिनों मानो एक महाविवाह उत्सव की देहरी पर खड़ा है। अभी सिर्फ जर्मन हैंगर टेंट की स्टीलऽफ्रेमिंग उठी है, पर माहौल में त्योहार जैसा कम्पन पहले ही घुल चुका है। इतनी हलचल कि लगता है जैसे हवा भी तैयारियों का हिस्सा बन गई हो।

शनिवार सुबह सीडीओ अभिषेक कुमार जब स्थल पहुँचे, तो टेंट कर्मियों की हथौड़ों की ल्लटिक-टिकङ्क और रस्सियों की ल्लफट-फटङ्क से मैदान गूंज रहा था। कहीं कपड़े चढ़ रहे थे, कहीं स्टेज का एंगल नापा जा रहा था। पूरा परिसर एक बड़े सपने की शुरुआती नींव जैसा दृश्य पेश कर रहा था। सीडीओ ने मौके पर पहुंचकर 451 नवयुगलों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों को बारीकी से परखा। उनके साथ डीएसडब्लूओ वंदना सिंह, तेजस्वी मिश्रा, डीपीआरओ विशाल सिंह, डीसी-एनआरएलएम जितेंद्र कुमार मिश्र सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने वेदिकाओं के प्रस्तावित स्थान, बैठने की संभावित व्यवस्था, साफ-सफाई की रूपरेखा, रजिस्ट्रेशन काउंटर की प्लानिंग, ग्रीन रूम की लोकेशन, सामग्री वितरण प्वॉइंट, खानपान की लाइनिंग और सुरक्षा व्यवस्था हर बिंदु का मौके पर जाकर अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि व्यवस्था में सौहार्द, गरिमा और सुगमता स्पष्ट झलके। यह आयोजन हर जोड़े के जीवन में अविस्मरणीय स्मृति बने।

जिला प्रशासन इस बार समारोह को केवल सुव्यवस्थित ही नहीं, बल्कि भावनात्मक अनुभव से भरपूर बनाना चाहता है। इसी दिशा में स्थल पर आकर्षक सेल्फी पॉइंट, बड़ी एलईडी स्क्रीन और वधुओं की तैयारी के लिए विशेष मेकओवर कॉर्नर की जगह पहले ही चिन्हित कर दी गई है। परंपरागत माहौल को जीवंत करने के लिए शहनाई और मंगल ध्वनियों की निरंतर व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि यह सिर्फ सरकारी आयोजन नहीं, 451 परिवारों के भविष्य को रोशन करने वाला सामाजिक पर्व है। हर व्यवस्था को हम व्यक्तिगत रूप से मॉनिटर कर रहे हैं ताकि कोई भी कमी न रह जाए। 25 नवंबर को डीएस कॉलेज परिसर में खुशियों, सद्भाव और नवजीवन के मिलन का अनूठा दृश्य देखने को मिलेगा, जब 451 जोड़े एक साथ नए सफर की ओर कदम बढ़ाएँगे।

# छापेमारी के दौरान खाद्य कारोबार करने पर प्रतिष्ठान का खाद्य लाइसेंस निलंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उप्र, लखनऊ के आदेश पर राज्य स्तरीय टीम जिसमें कमलेश कुमार त्रिपाठी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जनपद एटा, नीरद पाण्डेय, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बाराबंकी, सलिल कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी बाराबंकी, संजय कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी जनपद कानपुर नगर एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन रायबरेली के डा सीआर प्रजापति सहायक आयुक्त (खाद्य) अंजनी कुमार श्रीवास्तव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रायबरेली, सौरभ उत्तम खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं उदय राज मौर्या, खाद्य सुरक्षा अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा 20 नवंबर 2025 का स्थान- दाउद नगर, पोस्ट संदी नागिन, थाना मिल एरिया, रायबरेली में स्थित मेसर्स आर0बी0 डेयरी एण्ड फूड प्रोडक्ट के विनिर्माण इकाई पर औचक छापामार कार्यवाही कर खाद्य पदार्थ पनीर के 3 नमूने, मिश्रित दूध का 01 नमूना एवं रिफाइन्ड पामोलीन आयल का 01 नमूना मिलावटी होने के संदेह के आधार पर संग्रहीत किया गया। लगभग 13 कुन्तल दूषित पनीर अनुमानित मूल्य रु0 325000/- विनष्ट प्राय प्रकृति का होने के कारण मौके पर विनष्ट कराया गया एवं कुल 163 लीटर रिफाइन्ड पामोलीन आयल, मूल्य रु0 28362/- को जब्त कर लिया गया है। निरीक्षण के दौरान उक्त विनिर्माण इकाई में अस्वाथ्यकर परिस्थितियों में खाद्य पदार्थ का विनिर्माण होता पाया गया, जो कि जन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। अस्वाथ्यकर परिस्थितियों में खाद्य कारोबार करने के कारण उक्त प्रतिष्ठान का खाद्य लाइसेंस निलंबित कर दिया गया एवं खाद्य कारोबार करने पर तत्काल रोक लगा दी गयी है। उपरोक्त संग्रहीत समस्त पाँचों नमूनों को फास्ट ट्रैक के अन्तर्गत जॉच हेतु विशेष वाहक द्वारा खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित किया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होते ही अग्रेतर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

# डीएम-एसपी ने थाना दिवस पर सुनी लोगों की शिकायतें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने संयुक्त रूप से थाना सलोन पहुँचे और आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

थाना दिवस के दौरान विभिन्न प्रकरणों में भूमि विवाद, पारिवारिक, राजस्व संबंधी शिकायते व सड़क एवं सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है, इसलिए



अधिकारी मौके पर उपस्थित होकर शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से करें। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने कहा कि पुलिस का व्यवहार आमजन के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि थानों में आने वाले प्रत्येक फरियादी के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तथा विवादों को आपसी सुलह से निपटाने का प्रयास किया जाए। थाना दिवस में पुलिस/राजस्व विभाग के कार्मिक मौजूद रहे।

# संदेशवाहक के पदों हेतु 30 नवम्बर तक करें आवेदन : एडीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली । अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार जनपद रायबरेली में नागरिक सुरक्षा कोर का गठन किया जाना है जिसके लिए चीफ वार्डे न, डिप्टी चीफ वार्डे न, डिवीजनल वार्डे न, डिप्टी डिवीजनल वार्डे न, घटना नियंत्रण अधिकारी, पोस्ट वार्डे न, डिप्टी पोस्ट वार्डे न, सेक्टर वार्डे न एवं संदेशवाहक के पदों पर तैनाती किये जाने की जानी है। उन्होंने बताया है कि नागरिक सुरक्षा कोर के अवैतनिक स्वयं सेवकों/सदस्यों की नियुक्ति/तैनाती हेतु अर्हताएं भारत सरकार के नागरिक सुरक्षा अधिनियम (एक्ट), 1968, विनियमन नागरिक सुरक्षा (रेगुलेशन), 1968 एवं नागरिक सुरक्षा नियम (रुल्स), 1968 के अन्तर्गत दिये गये है। विनियमन नागरिक सुरक्षा (रेगुलेशन), 1968 के नियम 03 व 04 के अंतर्गत अर्हताए निम्नलिखित है-

1- नागरिक सुरक्षा कोर में सदस्यता हेतु अभ्यर्थी का भारतीय नागरिक होना आवश्यक है। 2- नागरिक सुरक्षा कोर में सदस्यता हेतु आवेदक की उम्र 18 वर्ष से अधिक हो। 60 वर्ष से कम उम्र के लोगों को वरीयता दी जायेगी।

3- शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम प्राइमरी स्तर की होनी चाहिए। हाईस्कूल एवं उच्चशिक्षित सेवकों को वरीयता दी जायेगी। 4- आवेदक शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए।5- नागरिक सुरक्षा कोर में स्वयं सेवक/सदस्य हेतु महिला एवं पुरुष दोनो आवेदन कर सकते हैं। 6- नागरिक सुरक्षा कोर में स्वयंसेवक सदस्य का उत्तम चरित्र का होना अनिवार्य है। 7- नागरिक सुरक्षा कोर में स्वयं सेवकों सदस्यों की सदस्यता हेतु आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, अग्निशमन, तकनीकी ज्ञान, सुरक्षा कार्यों के अनुभवी अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी। 8- आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप फार्म (ए) पर स्वीकार किये जायेगे। 9- आवेदन पत्र ए-4 साईज के सील बन्द लिफाफ़े में जो सेवा में नियंत्रक/जिलाधिकारी, नागरिक सुरक्षा जनपद रायबरेली के पद नाम से सम्बोधित स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक से अथवा व्यक्तिगत रुप से कार्यालय जिलाधिकारी/नियंत्रक नागरिक सुरक्षा कोर कलेक्ट्रेट परिसर रायबरेली में आकर जमा कर सकते हैं। 10- आवेदन हेतु आवेदन प्रपत्र से सम्बंधित सूचना नियंत्रक जिलाधिकारी/नागरिक सुरक्षा कोर कार्यालय, कलेक्ट्रेट रायबरेली में हिमांशु गुप्ता (न्याय सहायक ?द्वितीय) पटल से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। आवेदन पत्र कार्यालय में 30 नवम्बर, 2025 को सायं 4 बजे तक जमा किये जायेंगे।

# एसजेएस महराजगंज की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम किया रोशन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। अस्मिता डिस्ट्रिक एथलेटिक्स लीग के तत्वाधान में आयोजित प्रतियोगिता में एस?जे?एस? की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। आपको बताते चले कि,आस्मिता खेलो इंडिया लीग के अंतर्गत अण्डर 14 वर्ग ग्रुप में प्रज्ञा सिंह, जानवी एवं आकांक्षा ने क्रमशः ट्राई थ्लान इउए में प्रथम एवं द्वितीय स्थान तथा की किड्स जैवलिंन में आराध्या (प्रथम) एवं जानवी ने (द्वितीय) स्थान प्राप्त किया। साथ ही अण्डर 16 आयुवर्ग में कशिश सिंह ने हाई जम्प में तृतीय स्थान डिस्कस थ्रो में अंजलि एवं कौशिकी ने द्वितीय व तृतीय स्थान, शाटपुट में अंजली यादव ने तृतीय स्थान एवं जैवलिन थ्रो में अदिती प्रथम, कीर्ति यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। छात्राओं ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने विद्यालय के खेल प्रशिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन को दिया।

## सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

महराजगंज,रायबरेली कैनविज टाइम्स संवाददाता। चंदापुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम हुए सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बाइक और तांगे की टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया था, लेकिन देर रात उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत के बाद से ही उसके घर में मातम छाया हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, डोमापुर गांव निवासी कमलेश (27 वर्ष) पुत्र ईश्वर दीन शुक्रवार देर शाम अपनी बाइक से चंदापुर की ओर जा रहे थे। चंदापुर के पावरहाउस के पास सामने से आ रहे एक तांगे से उनकी बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि कमलेश गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में उन्हें सीएचसी महराजगंज ले जाया गया। जहां कमलेश के कंधे और पेट में गंभीर चोटें देखते हुए नाजुक में चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान ही देर रात कमलेश की मौत हो गई। युवक की मौत की खबर जैसे ही परिजनों को मिली, उनमें कोहराम मच गया। पूरे गांव में शोक की लहर है। मामले में कोतवाल अरविंद सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है । शव का पोस्टमार्टम कराकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक संपंन

संभल कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार बिश्नोई की निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिण श्रीमती अनुकृति शर्मा क्षेत्रधिकारी डॉ प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में टक्रअशोक कुमार की व्यवस्था में परामर्श केंद्र प्रभारी डाध रुकम पाल सिंह की देखरेख में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरो द्वारा किया गया जहां कुल 128 पत्रावलीयो को सुनकर 28 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तो वहीं 12 परिवार को मिलाया गया 12 पत्रावलियों पर आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद किया गया तथा 4 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई। इस अवसर पर विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट संगीता भार्गव पूनम अरोरा बबीता शर्मा श्वेता गुप्ता सीमा आर्य कंचन महेश्वरी कांस्टेबल शहजाद मलिक ज्योति आदि लोग उपस्थित रहे।

## मोटरसाइकिलों की भीषण टक्कर में मासूम को आयीं गंभीर चोटे

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय थाना क्षेत्र में दो मोटरसाइकिलों व ऑटो की आमने-सामने हुई टक्कर में एक बच्ची नाम सनम पुत्री आमिर निवासी ग्राम चिरानी थाना उसहैत जिला बदायूँ गंभीर रूप से घायल हो गई। इस हादसे में बच्ची का पैर टूट गया, जबकि उसके सिर में गहरी चोटें आई हैं। उसके नाना के भी पैर में सूजन है जिससे उनके भी पैर के टूटे होने की आशंका है मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायल बच्ची को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार और लापरवाही दुर्घटना का कारण बताई जा रही है। सूचना पर पुलिस कांस्टेबल कुलदीप सिंह मौके पर पहुंचे और टक्कर मारकर फरार हो जाने वाले बाइक सवारों की खोजबीन शुरू कर दी है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। राहगीरों ने प्रशासन से सड़क पर यातायात नियंत्रण एवं गति पर रोक लगाने की मांग की है।

## राजनीति विज्ञान परिषद की कार्यकारिणी का हुआ पुनर्गठन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में वर्तमान सत्र 2025 – 26 हेतु राजनीति विज्ञान परिषद की कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमे एमए प्रथम सेमेस्टर की शगुन शर्मा को अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। जबकि सचिव पद पर एमए प्रथम सेमेस्टर के ही छात्र निखिल सिंह चौहान निर्वाचित हुए। लोकतांत्रिक तरीके से पुनर्गठित राजनीति विज्ञान परिषद का चुनाव विभागाध्यक्ष डॉ राकेश कुमार जायसवाल एवं निर्वाचन अधिकारी डॉ हुकुम सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर शगुन शर्मा ने अपने निकटतम प्रतियोगी से 25 मत अधिक प्राप्त कर जीत हासिल किया। उपाध्यक्ष के दो पद पर महिमा भारती एवं सुमित यादव चुने गए। सचिव के एकल पद पर निखिल सिंह चौहान ने 26 मत से जीत हासिल कर निर्वाचित हुए। संयुक्त सचिव के दो पदों पर वन्दना केशरी और ललिक राम निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रोहित शर्मा, निशा चौहान, मोहन लाल एवं निहाशा का चुनाव किया गया। सभी प्रत्याशियों ने नामांकन के बाद अर्हता भाषण दिया जिसमें उन्होंने प्राचार्य एवं मतदाता छात्र छात्राओं के सवालों का जवाब भी दिया। विजेता पदाधिकारियों को राजनीति विज्ञान परिषद के संयोजक डॉ दिलीप कुमार कुमार वर्मा ने माल्यार्पण कर अभिनंदन किया तथा सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। प्राचार्य डॉ अनिल कुमार ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सत्य निष्ठा व कर्तव्य निर्वहन की शपथ दिलाई। सहायक निर्वाचन अधिकारी की भूमिका डॉ सतीश सिंह यादव एवं डॉ प्रेमचन्द चौधरी ने निभाई। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ अनिल कुमार, भौतिक विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ संजीव राठौर , उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ जुनैद आलम, डॉ संजय कुमार आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## गुरु तेज बहादुर जी के बलिदान दिवस पर 25 नवंबर को अवकाश घोषित

रायबरेली कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि शासन द्वारा श्री गुरु तेज बहादुर जी के बलिदान दिवस पर 24 नवम्बर 2025 को कार्यकारी आदेश के अंतर्गत घोषित अवकाश के स्थान पर 25 नवम्बर 2025 दिन (मंगलवार) को घोषित किया गया है।

## मुरादाबाद के मनमीत सिंह ने राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में उप्र का नाम चमकाया

मुरादाबाद । उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद जनपद के मनमीत सिंह ने राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में प्रदेश का नाम किया है। अन्तरराष्ट्रीय जूडो रेफरी संजय गिरी ने शनिवार को बताया कि भारतीय जूडो महासंघ की ओर से 16 नवंबर से 20 नवंबर तक तेलंगाना हैदराबाद के लाल बहादुर शास्त्री इनडोर स्टेडियम में सब जूनियर नेशनल जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के स्वरूपी देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज के मनमीत सिंह ने सब जूनियर के 40 किलोग्राम भार वर्ग में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। मनमीत सिंह की इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रबंधक प्रेमवीर सिंह और प्रधानाचार्य उदयराज सिंह ने शुभकामनाएं दी। इसके अलावा साथी खिलाड़ी रचना विश्नोई, सुमित यादव, निशांत सिंह, पिंटू सैनी, शिवानी कुमारी, सपना कश्यप, प्रिया दिवाकर, सुहानी राय, निश्चल राय, अभिषेक दिवाकर सभी ने बधाई दी।

# शिक्षक एमएलसी चुनाव–विपक्ष के लिए आसान नहीं है डगर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ । बरेली मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भले ही समाजवादी पार्ट्री ने चुनाव से एक वर्ष अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया हैं। पर समाजवादी पार्ट्री सहित विपक्ष को इस बार भी राह आसान नहीं हैं।

समाजवादी पार्ट्री ने पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी विजनोर हाजी दानिश को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया हैं। भाजपा ने अभी तक अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया हैं। पर सम्भावना है भाजपा वर्तमान एमएलसी डॉ हरि सिंह ढिल्लो को फिर अपना प्रत्याशी बना सकती हैं। 2020 के चुनाव में डॉ हरि सिंह ढिल्लो ने स्पा प्रत्याशी संजय मिश्रा को बड़े अंतर से हराया था। कुल 36000 पड़े वोट में से डॉ हरि सिंह ढिल्लो को 12887 वोट मिले थे जबकि सपा के संजय मिश्रा को 4864 वोट मिले थे।इस बार सपा ने जिन दानिश अली को प्रत्याशी बनाया है उन्हें 2020 में निर्दलीय प्रत्याशी के बतौर 723 वोट मिले थे।ऐसे में बतौर पीडीए प्रतयाशी दानिश अली कितनी टक्कर दे पाते है यह वक्त बताएगा। बेसे भाजपा ने अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है पर डॉ हरि सिंह ढिल्लो शिक्षकों के बीच सक्रिय है। और संगठन के बीच भी माना जा रहा है कि डॉ हरि सिंह ढिल्लो को ही भाजपा फिर अपना प्रत्याशी घोषित कर सकती हैं डॉ हरि सिंह ढिल्लो शिक्षकों में लोकप्रिय भी है साथ ही साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डा भूपेंद्र सिंह के समधी होने के कारण उनका पलड़ा भारी हैं।विधान परिषद का चुनाव 2026 में है पर सपा ने एक वर्ष प्रत्याशी घोषित कर हलचल बढ़ा दी हैं।

सपा औऱ कांग्रेस भले ही इंडिया गठबंधन में शामिल है पर दोनों ने विधान परिषद चुनाव अकेले लड़ना तय किया हैं। सपा ने दानिश अली ने शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में आने वाले 12 लोकसभा व 52 विधान सभा क्षेत्रों में सम्पर्क शुरू कर मतदाता सूची में नाम दर्ज कर अभियान शुरू कर दिया हैं।शिक्षक नेता व डॉ हरि सिंह ढिल्लो के समर्थक राजकुमार शर्मा का कहना है कि इस बार डॉ हरि सिंह ढिल्लो की जीत का अंतर पहले से कही ज्यादा रहेगा।

# अब हर शनिवार होगा शक्तिवार, बच्चों को मिलेगी आयरन फोलिक की शक्ति

कानपुर। परिषदीय स्कूलों में किशोर और किशोरियों में एनीमिया की रोकथाम को मजबूत करने के लिए जनपद में एक नई पहल शुरू की गई है। अब हर शनिवार को परिषदीय स्कूलों में शक्तिवार मनाया जाएगा। इस दिन बच्चों को मनोरंजक गतिविधियों के बीच आयरन फोलिक एसिड की गोली दी जाएगी। उद्देश्य यह है कि बच्चे हर सप्ताह आयरन फोलिक का सेवन नियमित रूप से करें और एनीमिया के प्रति अधिक जागरूक बनें। चौबेपुर और शिवराजपुर ब्लॉकों के चयनित विद्यालयों में प्रोजेक्ट अम्मा के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और समुदाय के सहयोग से यह कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ है। डबल्यूआइएफएस कार्यक्रम पहले से संचालित है। लेकिन जानकारी के अभाव में कई बच्चे आयरन फोलिक की गोली नहीं लेते थे। इसी समस्या को दूर करने के लिए शक्तिवार की अवधारणा बनाई गई है, ताकि बच्चे मिड डे मील के बाद मीठी नीली गोली को उत्साह से खाएं और इसे अपने स्वास्थ्य से जोड़ें। इसी क्रम में आज उच्च प्राथमिक विद्यालय पेम, चौबेपुर में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने शक्तिवार का औपचारिक शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह और विटामिन एंजेल्स के कंट्री डायरेक्टर डॉ आशुतोष मिश्र भी मौजूद रहे। शुभारंभ के दौरान सीडीओ दीक्षा जैन ने कहा कि बच्चों में एनीमिया कम करना तभी संभव है। जब आयरन फोलिक की गोली उनके दैनिक जीवन का स्वाभाविक हिस्सा बने। शक्तिवार बच्चों को स्वास्थ्य की आदतें सिखाने का सरल और प्रभावी माध्यम बनेगा।

# इलाज के दौरान पालतू कुत्ते की मौत, स्वामिनी ने लगाया गलत इंजेक्शन देने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। इलाज के लिए ले जाए गए एक पालतू कुत्ते कालिंग नेम पैथर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिसके बाद कुत्ते की मालकिन एडवोकेट पूजा शर्मा ने पशु चिकित्सक पर लापरवाही और गलत इंजेक्शन लगाने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना से पालतू पशु प्रेमियों में रोष व्याप्त है। पीड़िता के अनुसार, सुबह कुत्ते को उलटी हुई और तबीयत बिगड़ने पर वह उसे नजदीकी पैट क्लिनिक लेकर गई थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि चिकित्सक के क्लिनिक पर न होने के बाबजूद भी कम्पाउण्डर ने अपने आपको ही डॉक्टर बताकर उनके कुत्ते का इलाज शुरू कर दिया बिना अपने चिकित्सक के परामर्श के उसने चार इंजेक्शन लगा दिए। इंजेक्शन लगते ही कुत्ते की हालत अचानक खराब हो गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि कम्पाउण्डर ने बिना जांच के गलत दवा दे दी। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पशुपालन विभाग हरकत में आया और घटना की जांच शुरू कर दी है। वहीं आरोपी चिकित्सक ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। स्वामिनी ने न्याय की मांग करते हुए मुकदमा पंजीकृत कराने हेतु तहरीर सदर कोतवाली निरीक्षक संजय कुमार सिंह को दी है। निरीक्षक से जानकारी करने पर उन्होंने बताया कि तहरीर मिल चुकी है। कुत्ते के शव के पीएम की जाँच में जो भी सामने आएगा, उसके अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

# अयोध्या में 25 नवम्बर को ध्वजारोहण महोत्सव पर हर घर में लहराएगा भगवा ध्वज

अयोध्या। अयोध्या एक बार फिर रामायण काल की आध्यात्मिक गरिमा को सजीव करने की तैयारी में है। श्रीराम जन्मभूमि परिसर में 25 नवम्बर को होने वाले ऐतिहासिक ध्वजारोहण समारोह के साथ यह कार्यक्रम केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि अयोध्या की सांस्कृतिक आत्मा को पुनः विश्व में स्थापित करने का एक भव्य प्रयास है। आयोजन के मद्देनज़र अयोध्या को ऐसे सुसज्जित किया जा रहा है मानो त्रेतायुग की दिव्यता पुनः पृथ्वी पर उतर आई हो। नगर के मुख्य मार्गों, गलियों, मठ-मंदिरों और जन-जन के द्वार पर भक्ति की लहर स्पष्ट दिखाई दे रही है।

वेदों और पुराणों में वर्णित है कि जब राम अयोध्या लौटे थे, तब पूरी नगरी दीपों, पुष्पों और ध्वजों से सजी थी। वही चित्र आज आधुनिक अयोध्या में साकार होता दिख रहा है। हर घर में जलते घी के दीपक, गलियों में लहराते भगवा ध्वज, और मंदिरों से उठता राम नाम का स्वर–यह सब मिलकर अयोध्या को दिव्य आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित करने वाले हैं। रामायणकाल में जिस प्रकार घर-घर पवित्रता, तालमेल, प्रेम और मर्यादा का दीप जलता था, आज वही संस्कृति समाज को एक सूत्र में जोड़ने का माध्यम बनेगी। वहीं राम का ध्वज, राम का नाम अयोध्या बने फिर रामधाम। अयोध्या के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से आग्रह किया है कि 25 नवम्बर को सुबह से हर घर में भगवा ध्वज फहराया जाए। शाम होते ही पांच घी का दीपक घर, आँगन और मंदिर में प्रज्ज्वलित किया जाए। परिवार संग बैठकर ल्लराम नाम संकीर्तनङ्क किया जाए, जिससे पूरे नगर में भक्ति की तरंग फैले। घरों को आकर्षक झालरों, लाइटिंग, पुष्प सज्जा से सजाया जाए। साफ-सफाई का विशेष ध्यान देकर घरों को पवित्र वातावरण दिया जाए। उन्होंने बताया कि विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में घर-घर सम्पर्क कर लोगों को इस सांस्कृतिक उत्सव से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह आयोजन मात्र धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि अयोध्या की आध्यात्मिक विरासत को पुनः दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का माध्यम है। यह एक ऐसा पर्व है जो समाज को एक सूत्र में बाँधता है, लोगों के हृदय में भक्ति, मर्यादा और सद्भाव के दीप जलाता है। अयोध्या को एक बार फिर राम की पवित्र नगरी के अनुरूप सजते देखना स्वयं में इतिहास का पुनर्लेखन है। ध्वजारोहण के साथ उठने वाली ल्लजय श्रीरामङ्क की गूंज पूरी दुनिया को भारत की सांस्कृतिक शक्ति का संदेश देने वाली है।

# सीनियर सिटीजन केयर सेंटर सिविल लाइंस में लगा हेल्थ कैंप, योग शिविर व मनोरंजन की विशेष व्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल के निवेदन पर सिविल लाइंस स्थित सीनियर सिटीजन केयर सेंटर में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हेल्थ कैंप का आयोजन किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एख्र्ग) डॉ. राजेश झा के निर्देशन और अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार की देखरेख में आयोजित इस कैंप में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

कैंप में वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम ने रक्तचाप, शुगर, वजन, सामान्य रोगों की जांच के साथ परामर्श दिया। चिकित्सकों में डॉ. सुमित राय, डॉ. एकता श्रीवास्तव, डॉ. सोनू केसवानी व डॉ. विनय पांडे शामिल रहे। वहीं फार्मासिस्ट ओंकार निषाद, स्टाफ नर्स सविता गुप्ता और नेहा गुप्ता ने वरिष्ठ नागरिकों की जांच में सहयोग किया। हेल्थ कोऑर्डिनेटर सुरेश चौहान ने पूरे कैंप का समन्वय संभाला। अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार ने बताया कि नगर निगम की मंशा है कि सीनियर सिटीजन केयर सेंटर को स्वास्थ्य, योग व मनोरंजन का एक समग्र केंद्र बनाया जाए। उन्होंने कहा कि हेल्थ कैंप के साथ यहां नियमित योग शिविर भी लगाए जाएंगे। इसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वरिष्ठ नागरिकों को सुबह योग, प्राणायाम और स्वास्थ्य जागरूकता सत्रों की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि केयर सेंटर में वरिष्ठ नागरिकों के मनोरंजन व सुविधा को ध्यान में रखते हुए टीवी की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही लाइब्रेरी को भी व्यवस्थित किया गया है, जहां पढ़ने के लिए कई उपयोगी पुस्तकें उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य है कि यहां आने वाले वरिष्ठ नागरिक न सिर्फ स्वास्थ्य लाभ लें बल्कि मनोरंजन, बातचीत और मानसिक शांति का भी अनुभव कर सकें।

कैंप के दौरान कर निर्धारण अधिकारी अनुष्का सिंह, कार्यालय अधीक्षक पवन कुमार मिश्रा, समन्वय अधिकारी एन. डी. पांडेय, नगर स्वास्थ्य अधिकारी विनय प्रकाश पांडेय सहित नगर निगम के कई कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने वरिष्ठ नागरिकों को जांच में सहयोग किया और उन्हें विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी। कैंप में आए वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि नगर निगम द्वारा की गई यह पहल सराहनीय है। इससे न केवल उन्हें निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिली बल्कि यह भी महसूस हुआ कि समाज में उनके सम्मान और आवश्यकताओं का ध्यान रखा जा रहा है। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने कहा कि सीनियर सिटीजन केयर सेंटर को मॉडल सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां स्वास्थ्य, मनोरंजन और नियमित गतिविधियों की सभी महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने बताया कि आगे भी समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर, योग सत्र और विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कुल मिलाकर हेल्थ कैंप सफल रहा और बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने इसका लाभ उठाया। नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग के सामूहिक प्रयास से सिविल लाइंस स्थित यह केयर सेंटर अब वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य, योग और मनोरंजन का प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है।

## नेवर पेड एवं लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं के लिए लागू की गई बिजली बिल राहत योजना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ द्वारा 01 दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक एलएमवी-1 (घरेलू) अधिकतम 02 किलोवाट भार तक तथा एलएमवी-2 (वाणिज्यिक) 01 किलोवाट भार के नेवर पेड एवं लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं के लिए विद्युत बिलों में तथा विद्युत चोरी के समस्त प्रकरणों में राजस्व निर्धारण में छूट हेतु ''बिजली बिल राहत योजना 2025-26'' लागू की जा रही है। पात्र उपभोक्ताओं द्वारा इस योजना में पंजीकरण कराने हेतु तीन चरण निर्धारित किये गये हैं। प्रथम चरण में 01 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025, द्वितीय चरण में 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 व तृतीय चरण में 01 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक पंजीकरण कराया जा सकता है। डीएम द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि विभिन्न माध्यमों से योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय। ग्रामीण अंचलों के विद्युत उपभोक्ताओं लिए गांव-गांव में मुनादी करायी जाय जिससे अधिक से अधिक संख्या में उपभोक्ताओं को इस योजना के सम्बन्ध में जानकारी मिल सके ताकि वह बिजली बिल राहत योजना का अधिकाधिक लाभ उठा सके। विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि मा. जनप्रतिनिधियों तथा जिले के अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को भी योजना की जानकारी दी जाय। वर्तमान 'बिजली बिल राहत योजना 2025-26' की एक विशेषता यह है कि पूर्व में आबद्ध कलेक्शन एजेन्सी हेतु प्रोत्साहन की विशेष व्यवस्था की गयी है, जिसे नेवर पेड उपभोक्ताओं एवं लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं से भुगतान प्राप्त करने पर दिया जायेगा। डीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि समस्त कलेक्शन एजेन्सीज यथा जनसेवा केन्द्र, विद्युत सखी, फिनटेक कम्पनियों के प्रतिनिधि एवं मीटर रीडर्स/बिलिंग ऐजेन्सियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें बिजली बिल राहत योजना में प्रोत्साहन धनराशि की व्यवस्था से भलीभाँति अवगत कराया जाये साथ ही उन्हें नेवर पेड एवं लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं की सूची भी उपलब्ध करा दी जाये।

## हजरत विलायत अली शाह बाबा का 50वां सालाना उर्स धूमधाम से संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिले के अलीगंज बाजार स्थित दाउदपुर लंगड़ी में हजरत विलायत अली शाह बाबा का 50वां सालाना उर्स बड़े ही अकीदत और शान-ओ-शौकत के साथ मनाया गया। उर्स में हिंदुस्तान के कोने-कोने से पहुंचे अकीदतमंदों ने मजार पर चादर पेश की और अपनी मुरादें मांगी।

मेला संचालक दिलशाद बाबा कादरी ने भी बाबा की मजार पर चादर चढ़ाकर मुल्क में अमन-चैन की दुआ की। उन्होंने बताया कि दूर-दराज से आने वाले मुरीदों के लिए भोजन और ठहरने की समुचित व्यवस्था की गई थी। उर्स के दौरान ड्डहिंदुस्तान जिंदाबादङ्क के नारों से माहौल गूंजता रहा। वहीं, नामचीन कव्वालों ने अपने कलाम पेश कर समां बांध दिया। देर रात तक चली कव्वाली ने उर्स की रौनक में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में गुड्डू खान, मौलाना शरीफ, राजा कादरी, अकरम कादरी, सज्जाद अहमद, कबीर कादरी, मोहम्मद आरिफ समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने मिल्क्वीड फसल का किया निरीक्षण

एजेंसी



गाजियाबाद। केंद्रीय कैबिनेट वस्त्र मंत्री भारत सरकार गिरिराज सिंह ने शनिवार को गाजियाबाद के राजनगर स्थित निट्रा टेक्निकल कैंपस में मिल्क्वीड की फसल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा की ऑक (मिल्क्वीड) पर निट्रा ने शोध करके वस्त्र जगत में क्रांति ला दिया है। इसकी तकनीक को भी निट्रा ने कई नामचीन कंपनियों को स्थानांतरित की है। कई उद्योग तकनीकी प्राप्त करने की बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने देश में पहली बार में मेनिकिन उपकरण निट्रा गाजियाबाद में स्थापित कर देश को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह केवल निट्रा बल्कि गाजियाबाद के लिए भी गौरवशाली दिन है। ऑक की खेती का वस्त्र मंत्री ने निरीक्षण किया। उन्होने बताया कि ऑक की खेती की पूरी परियोजना डॉक्टर एम एस परमार महानिदेशक निट्रा के मार्गदर्शन में चल रही है, और इस खेती में देश की नामचीन संस्था भी योगदान दे रही है। आक के फाइबर की विशेषताओं की स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सराहना कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह स्वयं इस परियोजना का विशेष रूप से ध्यान रख रहे हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हम राहुल गांधी की तरह हवा में बातें नहीं करते। मिल्कवीड फैब्रिक बनाने के मामले में भारत दुनिया का एकमात्र देश है। यह तकनीकी अभी चीन के पास भी नहीं है। अभी इस प्रणाली में समय की उपलब्धता कम है। जल्द ही इसे बढ़ाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मिलक्वीड फैब्रिक पशमीना से भी महीन होती है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। केन्द्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में बताया कि ये मैनिकिन मशीन ना केवल वस्त्र उद्योग के लिए ही उपयोगी है अपितु लोहा, स्टील, तेल, गैस, पेट्रोलियम, रेलवे, केमिकल्स इत्यादि उद्योगों के लिए भी जरुरी है। उन्होंने इस उपकरण की बारीकियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया की यह उपकरण और परिक्षण विधि वैश्विक मानकों के अनुरूप कार्य करती है जिनमें प्रमुख मानक हैं आपसओ 13506, एएसटीएम-एफ-1930, एनएफपीए- 2112, आईएस- 17881. इस प्रयोग में, अग्निरोधक कपड़े पहने एक जलती हुई डमी को नकली दहन वातावरण में रखा जाता है और एक निश्चित अवधि के लिए आग और ताप में एक्सपोज किया जाता है। मैनीकिन पर लगाये गए 100 से अधिक थर्मल सेंसर का उपयोग परीक्षण किए गए कपड़ों के माध्यम से मानव शरीर के विभिन्न हिस्सों में प्रभाव और चालन को मापने और गणना करने के लिए किया जाता है ।मानव शरीर को गर्मी और तापमान द्वारा जलने की भविष्यवाणी की जाती है और कपड़ों के थर्मल संरक्षण प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता है।

डॉ एम एस परमार ने कहा की इससे हमारे प्रोटेक्टिव क्लोथिंग की महत्ता बढ़ जाती है और हम एक निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं कि किस तरह की इंडस्ट्री में हमारे मजदूरों और कर्मचारियों को किस किस तरह के सुरक्षात्मक कपड़ों की जरूरत है और जैसा केंद्रीय मंत्री ने कहा इससे ना केवल समय और पैसे की बचत होगी बल्कि जान माल की सुरक्षा संभव है जो हमारे देश की प्रगति की नींव है।

## जनपद में नई ग्रामीण आशाओं की भर्ती प्रक्रिया शुरू 246 नए पदों को मिली मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश द्वारा भेजे गए निर्देशों के आधार पर जनपद में वर्ष 2025-26 के लिए 246 नई ग्रामीण आशा कार्यकर्ताओं के पदों को मंजूरी मिल गई है। इस संबंध में प्राप्त स्वीकृति को 29 अगस्त 2025 को हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में भी अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि ब्लॉकवार मिली स्वीकृतियों के अनुसार एक माह के भीतर चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। चयन पूरी तरह नियमों और पारदर्शिता के साथ किया जाएगा, ताकि समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाया जा सके। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के डीसीपीएम मोहम्मद राशिद ने बताया कि विगत वर्षों में शासनादेश के तहत कार्य प्रणाली को सुचारु बनाने के उद्देश्य से आशा एवं आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्यक्षेत्र को एकरूप किया गया था। इस व्यवस्था के बाद जनपद में प्रति आँगनबाड़ी वार 246 ग्रामीण आशा क्षेत्रों के पद रिक्त पाए गए थे। इसी आधार पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश द्वारा भेजे गए निर्देशों के अनुरूप वर्ष 2025-26 के लिए जनपद में 246 नई ग्रामीण आशा कार्यकर्ताओं के पदों को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

जिसके अनुसार ब्लॉक जरवल में 12, कैसरगंज 10, फखरपुर 20, तेजवापुर 15, महसी 17, शिवपुर 25, मोतीपुर 20, नवाबगंज 20, बलहा 30, रिसिया 20, चित्तौरा 22, पयागपुर 5, विशेश्वरगंज 15 तथा हुजूरपुर में 20 पद स्वीकृत किए गए हैं। डीसीपीएम ने बताया कि सभी स्वीकृत पदों की जानकारी पारदर्शिता के साथ सार्वजनिक की जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने संबंधित ब्लॉकों के सीएचसी अधीक्षक या बीसीपीएम से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा एनआईसी की आधिकारिक वेबसाइट पर ब्लॉकवार स्वीकृत पदों का पूरा विवरण उपलब्ध है, जिसे अभ्यर्थी देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्वीकृति मिलते ही चयन प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक मानव संसाधन उपलब्ध कराया जा सके।

## ग्रामीण बेटियों के लिए कस्तूरबा विद्यालय बना डिजिटल हब

एजेंसी

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में मोबियस फाउंडेशन के ज्ञान कन्या शक्ति कार्यक्रम के तहत राठ क्षेत्र के उरई मार्ग स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय को डिजिटल हब के रूप में विकसित किया गया है। इसके अंतर्गत छात्राओं को ऑनलाइन क्लास के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे पारम्परिक पढ़ाई के साथ आधुनिक तकनीक से भी जुड़ रही हैं।

कार्यक्रम की समन्वयक नीशू बोस ने शनिवार को बताया कि मोबियस फाउंडेशन के ज्ञान कन्या शक्ति कार्यक्रम द्वारा चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, कौशाम्बी, झांसी, जालौन और ललितपुर जनपद के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों को डिजिटल हब में तब्दील किया गया है। इन विद्यालयों में अब बालिकाओं की पढ़ाई केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि डिजिटल क्लासरूम, स्मार्ट बोर्ड और आधुनिक तकनीक की मदद से की जा रही है। इससे छात्राओं की पढ़ाई आसान हुई है और उनकी रुचि व आत्मविश्वास में भी इजाफा हुआ है। जिला समन्वयक विवेक कुमार ने बताया ज्ञान कन्या शक्ति पहल केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके तहत ग्रामीण बेटियों को स्वास्थ्य, डिजिटल साक्षरता और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी सशक्त किया जा रहा है। जिन्होंने पहले पढ़ाई-लिखाई और संसाधनों से वंचित रहना पड़ता था, अब वे डिजिटल माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जुड़ रही हैं। वर्ष 2023 से संचालित इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों में अब तक ४६ आईटी क्लासरूम स्थापित किए जा चुके हैं।

इन आईटी क्लासरूम में टीवी स्क्रीन, लैपटॉप, इनवर्टर बैकअप और अन्य तकनीकी उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिनकी मदद से बालिकाओं को लाइव इंटरएक्टिव क्लासेस की सुविधा दी जा रही है। इससे शिक्षण प्रक्रिया में सुधार हुआ है और छात्राओं को नवीन शिक्षण पद्धतियों के साथ जोड़ा गया है। कार्यक्रम के तहत कक्षा 6 से 9 तक की छात्राओं को हर वर्ष स्टेशनरी किट भी दी जाती है, जिसमें दो रजिस्टर, 12 पेन और ज्योमेट्री बॉक्स शामिल हैं। इसके अलावा खेल सामग्री, टी-शर्ट और सेनेटरी नैपकिन जैसी आवश्यक वस्तुएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि उनकी शैक्षिक व व्यक्तिगत जरूरतों की पूर्ति हो सके। बोस ने बताया कि हर साल दो बार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) टीम के सहयोग से हेल्थ कैंप आयोजित किए जाते हैं। इन कैंपों के माध्यम से छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच, परामर्श और आवश्यक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को शिक्षा के साथ स्वास्थ्य सुरक्षा भी सुनिश्चित हो रही है।

### आज माधोटांडा रेलवे क्रासिंग पर 12 घंटे के लिए यातायात रहेगा बंद

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। माधोटांडा रेलवे क्रासिंग पर अनुरक्षण एवं ओवरहालिंग कार्य के चलते सड़क यातायात शनिवार शाम सात बजे से रविवार सुबह सात बजे तक के लिए बंद रहेगा। रेलवे विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह कार्य रेल संरक्षा की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है, इसलिए निर्धारित अवधि में इस मार्ग से किसी भी वाहन का आवागमन नहीं हो सकेगा। इसको लेकर रेल विभाग ने शनिवार चार बजे सूचना देकर जागरूक किया है और रेलवे प्रशासन ने सड़क उपयोगकर्ताओं की सुविधा के लिए वैकल्पिक मार्ग भी उपलब्ध कराया है। अधिकारियों ने बताया कि वाहनों का आवागमन इस दौरान शेरपुर रेलवे क्रासिंग से किया जाएगा। प्रशासन द्वारा भी लोगों से अपील की गई है कि वह निर्धारित समय में वैकल्पिक मार्ग का ही उपयोग करें और सहयोग देते हुए किसी प्रकार की परेशानी न उत्पन्न होने दें।

### रम्पुरा कपूरपुर में कूड़ा बीन रहे समुदाय विशेष के युवक की दुसरे समुदाय के लोगों ने की पिटाई

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कला निवासी सोहेल पुत्र सरताज उम्र 25 वर्ष कूड़ा बीन कर अपना जीवन यापन करता है।शनिवार को वह गांव रम्पुरा कपूरपुर में कूड़ा बीन रहा था। दुसरे समुदाय के दो बाइक सवार युवकों ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ करते हुए दोनों ने उसके हाथ रस्सी से बांध दिए। उसके बाद पिटाई लगाई। आरोप है बाइक सवार लोगों ने अपने ही समुदाय के गांव के लगभग दो दर्जन लोगों को बुला लिया। सभी ने सोहेल के साथ लाठी डंडों से मारपीट की। जिससे वह घायल हो गया। जानकारी लगने पर पुलिस गांव पहुंची और पिटाई से घायल सोहेल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शनिवार शाम पाँच बजे कोतवाल पवन कुमार पांडे ने बताया कि युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की। उनकी जानकारी कराई जा रही है और मामले में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

### राघवपुरी में पुलिस ने एक आरोपी को भेजा जेल, परिजनों ने शव का किया अंतिम संस्कार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजारा थाना क्षेत्र के गांव राघवपुरी में एक दर्दनाक घटना सामने आई थी। जिसमें दसवीं की छात्रा ने धमकी से आहत होकर बीते मंगलवार को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी। छात्रा की मां परमजीत कौर ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।पुलिस ने छात्रा का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था और मामले में जनार्दन दुबे, पूनम दुबे, अभिषेक दुबे और अविनाश दुबे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जानकारी के अनुसार छात्रा जनपद लखीमपुर के सम्पूर्णानगर क्षेत्र के एक निजी स्कूल में पढ़ती थी। स्कूल की एक शिक्षिका 17 नवंबर को अपने प्रेमी के साथ चली गई, जिसके शक में शिक्षिका के परिजनों ने छात्रा को रास्ते से जबरन अपने घर में खींच लिया और कमरे में बंद कर उसको प्रताड़ित किया। प्रताडऩा से परेशान होकर छात्रा ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी, शनिवार को पुलिस ने एक आरोपी जनार्दन को गिरफ्तार कर जेल भेजा और आज पाँचवें दिन छात्रा के परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया।

### एसआईआर कार्य का अधिकारियों ने दिए कार्य में तेजी लाने के निर्देश

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का तहसीलदार आशीष गुप्ता ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और मौजूद बीएलओ तथा संबंधित कर्मचारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। तहसीलदार ने निर्देश दिए कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने व संशोधन से जुड़े सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं, ताकि किसी भी मतदाता का नाम सूची से छूटने न पाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक मतदाता पहचान की सुविधा पहुंचना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान नरेगा भवन में आए मतदाताओं की समस्याओं को भी उन्होंने तत्परता से सुना और मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। इसी क्रम में पूरनपुर प्रधान रहनुमा बेगम के प्रतिनिधि दानिश हुसैन ने तहसीलदार से वार्ता कर भाग संख्या 269, 280 और 289 के बूथों को भी नरेगा भवन में शिफ्ट कराए जाने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि संबंधित क्षेत्रों के लोगों को वर्तमान बूथ लोकेशन तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यदि यह बूथ नरेगा भवन में स्थानांतरित कर दिए जाएं तो मतदाताओं को मतदान व संबंधित कार्यों में काफी सुविधा होगी।

# बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़ाकर प्रकृति, पर्यावरण व जीवन कौशल से जोड़ना मुख्य उद्देश्य : जिलाधिकारी

एजेंसी



कानपुर । उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में बिल्हौर तहसील स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय नसिरापुर में बैगलेस डे का शुभारम्भ शनिवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि परिषदीय विद्यालयों के लिए शनिवार का दिन कुछ अलग रहा। बच्चे रोज़ की तरह स्कूल तो पहुंचे, लेकिन न उनके कंधों पर बैग था, न हाथों में कॉपी-किताब। कक्षा में न होमवर्क, न क्लासवर्क पर सीखने का उत्साह पहले से कहीं ज्यादा था। बैगलेस डे के तहत बच्चों ने मिट्टी, रंग और कागज़ से कल्पनाओं की दुनिया रच दी।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जैसे ही वे कक्षाओं में पहुंचे, बच्चों की गतिविधियों ने सबका ध्यान खींच लिया। प्रियांशु और सृष्टि ने मिट्टी से सुंदर गणेश प्रतिमा बनाई, वैष्णवी और अर्पिता ने शिवलिंग का रूप दिया, जबकि अंकुर और रौनक ने रंगीन पतंगें तैयार की। विद्यालय परिसर कौशल, कला और उत्साह का जीवंत चित्र बन गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों में सीखने का जो आनंद दिखा, वही बैगलेस डे की सफलता है। कक्षा छह से आठ तक के बच्चों ने मीना मंच के तहत आकर्षक नाट्य प्रस्तुति दी। कशिश, सिमरन, वैष्णवी, मानसी और लहर ने जेंडर इक्वालिटी पर संदेश दिया, जबकि अर्पिता ने साथियों को साइबर फ्रॉड से बचाव की जानकारी दी। छात्रों ने सेल्फ डिफेंस का पाठ भी पढ़ा।

उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नवंबर का तीसरा-चौथा शनिवार, दिसंबर के सभी शनिवार, जनवरी का तीसरा-चौथा और फरवरी का पहला-दूसरा शनिवार बैगलेस डे के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान बच्चों के लिए ऑनलाइन लर्निंग, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, आर्ट-एंड-क्राफ्ट, स्टोरी-टेलिंग और अन्य गतिविधियाँ विद्यालयों में आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि बैगलेस डे, जिसे 'पोषित आनंदम' के रूप में मनाया जा रहा है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका उद्देश्य बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़ाकर प्रकृति, पर्यावरण, रचनात्मकता और जीवन कौशल से जोड़ना है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कई बार बच्चे ही नहीं, बड़े भी पेड़ों के नाम नहीं पहचानते। ऐसे में इस तरह की गतिविधियां बच्चों में जिज्ञासा बढ़ाती हैं और सीखने को आनंदपूर्ण बनाती हैं।

उन्होंने कहा कि विद्यालय में की गई व्यवस्थाओं की जिलाधिकारी ने सराहना की। प्रधानाध्यापक पंकज कटियार और सभी शिक्षकों की टीम द्वारा तैयार किए गए माहौल ने बैगलेस डे को बच्चों के लिए यादगार बना दिया। आनंदमय वातावरण में मिली ऐसी सीख बच्चों को न केवल आत्मविश्वासी बनाती है, बल्कि जीवन के प्रति उनकी समझ को भी गहरा करती है। इस दौरान बीएसए सुरजीत कुमार सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी, बिल्हौर मौजूद थे।

### समाधान दिवस पर सुनवाई:थाना प्रभारी पवन कुमार पाण्डेय ने सुनीं शिकायतें दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

पूरनपुर।पूरनपुर कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया इस दौरान थाना प्रभारी पवन कुमार पाण्डेय ने आम नागरिकों की शिकायतें सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए थाना प्रभारी पवन पाण्डेय ने जनसुनवाई में आए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लिया उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी दर्ज प्रकरणों का निष्पक्ष और शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा समाधान दिवस पर मुख्य रूप से कानून-व्यवस्था, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद और अन्य स्थानीय मुद्दों से संबंधित शिकायतें दर्ज की गईं इस पूरे आयोजन के दौरान पुलिस टीम उपस्थित रही और शिकायतकर्ताओं को आवश्यक सहयोग प्रदान किया

# चेयरमैन की अध्यक्षता में विभिन्न प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नगर पालिका परिषद में बोर्ड की बैठक पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल की अध्यक्षता में आहूत की गई। इस अवसर पर विभिन्न प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किये गए।बोर्ड बैठक में गत बैठक की कार्रवाई की पुष्टि की गई।पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने ब्रह्मचारी घाट पर पर्यटन विभाग द्वारा रिटेंशन वाल बनाए जाने की जगह के परिवर्तन की बात कही जिस पर सभासद ने सहमति दी।सेवा के सहायक कमांडेंट शहीद राजेश राठौर की स्मृति में बल्लभनगर स्थित पार्क में उनके जूते और वर्दी लगाकर स्मारक बनाया जाएगा। नगर पालिका के नए अधिवक्ता की नियुक्ति अगली बोर्ड बैठक से पहले कर ली जाएगी। सभासद शिखा वर्मा द्वारा जन्म मृत्यु के प्रमाण पत्र के बनाए जाने में अत्यधिक देरी और सही समय पर काम न किए जाने की शिकायती की गई। जिस पर बोर्ड ने प्रस्ताव दिया कि जन्म मृत्यु के स्टाफ को तत्काल हटाकर जल्द ही अन्य स्टाफ को कार्यभार दिया जाए। जिस पर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने इस पर तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए। 15 वें वित्त टाइड / अनटाइड के अंतर्गत व शासन द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं प0 दीनदयाल उपाध्याय योजना सीवरेज एवं जल निकासी योजना बन्दन योजना आदि।के अंतर्गत डीपीआर बनाकर स्वीकृति उपरांत विकास कार्य किए जाने के लिए सहमति बनी।सभासद अनस अंसारी ने बैठक में अधिशासी अधिकारी से कहा कि उनके द्वारा कार्यों को सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। उनकी वजह से विकास कार्यों में बाधा पहुंच रही है। वे अपने मन से आदेश करते हैं और अपने मन से ही उन आदेशों को निरस्त कर देते हैं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी से कहा कि उन्हें नगर पालिका 1916 अधिनियम को नहीं पढ़ा है और वे अनुभवहीन है। इसके बाद चर्चा उपरांत सभासदों ने प्रस्ताव पारित किया कि अधिशासी अधिकारी के कार्यकलापों के खिलाफ बोर्ड की ओर से शासन को शिकायत भेजी जाएगी।सभासद निर्मल सिंह टीटू ने कहा कि 17 नवंबर 2025 को पालिका अध्यक्ष से अनुमोदन के उपरांत कर्मचारियों के ट्रांसफर किए थे। जिनको 21 नवंबर को अध्यक्ष महोदय के बिना अनुमोदन प्राप्त किए अधिशासी अधिकारी ने निरस्त कर दिया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी से पूछा कि उनको यह अधिकार किसने दिया, जिस पर अधिशासी अधिकारी ने जवाब दिया कि डीएम के आदेश पर उन्होंने ऐसा किया है। सभासदों द्वारा डीएम का आदेश दिखाने को कहा, जो वे नहीं दिखा पाए। इसके बाद अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने ईओ द्वारा 21 नवंबर 2025 को किए गए निरस्तीकरण आदेश को समाप्त करने की घोषणा कर दी।बैठक में अध्यक्ष डॉ0 आस्था अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार राज्य मंत्री प्रतिनिधि राकेश सिंह, सभासद साकेत सक्सेना, वतन दीप मिश्रा, विपिन कुमार राजू फौजी, गोकुल प्रसाद मौर्य, इकबाल हजरत, अनस अंसारी, राशिद हुसैन, शरीफ अंसारी, जाहिदा बी, शैलेंद्र कौर, पुष्पा उपाध्याय, निर्मल सिंह टीटू, रत्ना शुक्ला, सुनीता सिंह, श्यामलता आदि सभासद मौजूद रहे।

# मुलायम सिंह यादव की 86वीं जयंती सयुस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के आवास पर गरिमामय वातावरण में मनाई गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राजकुमार ''राजू'' के आवास पर श्रद्धेय नेता जी की 86 वी जयंती को आयोजित किया गया,जिसमें समाजवादी विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ताओं, महिलाओं एवं युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने की तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजवादी नेता श्री उमाशंकर यादव रहे।कार्यक्रम का संचालन ओम शर्मा द्वारा किया कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आयोजक समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' जी ने कहा की नेताजी सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि संघर्ष, सादगी और समाजवादी विचारधारा की जीवंत पहचान थे। हम सभी का कर्तव्य है कि उनके अधूरे सपनों को पूरा करें और समाजवादी मूल्यों को घर-घर तक पहुँचाएँ।मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव जी ने उनके साथ बीते संस्मरणों को साझा किया एव उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हे महान नेता बताया समाजवादी छात्र सभा के पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी नेताजी ने गरीब, किसान और वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया, आज वह हमारी प्रेरणा हैं। सपा नेता कल्याण सिंह सरोज ''नेताजी की राजनीति सेवा, संघर्ष और सिद्धांतों की राजनीति थी, जिसकी मिसाल देश में कहीं नहीं मिलती।सपा नेता सतीश वर्मा ''मुलायम सिंह यादव जी ने प्रदेश की राजनीति को नई दिशा और नई सोच दी।जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ओमकार नेताजी ने युवाओं को अवसर दिया और समाजवादी आंदोलन को नई ऊर्जा दी।यूथ बिग्रेड अध्यक्ष संजय खान समाजवाद नेताजी की सोच थी और इसे मजबूत बनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।महिला सभा अध्यक्ष मीता सिंह''नेताजी ने महिलाओं को सम्मान और अधिकार दिलाने की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।महिला सभा नगर अध्यक्ष मीनू शर्मा ''हम सब मिलकर नेताजी के समाजवादी सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' इस दौरान कार्यकर्ताओं की प्रभावशाली उपस्थिति कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाने वालों में अहीद खान, नाबीर अली मंसूरी, अनिल शर्मा, डॉ. वख़्श, भगवान दीन वर्मा, ठाकुरदास, आकाश भारती, इमरान वली खां सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे विशेष रूप से, महिला कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।अंत में नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया और उनके बताए मार्ग पर चलने तथा समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

# जिला गन्ना अधिकारी ने किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर गेट एवं यार्ड का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी ने किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर गेट एवं यार्ड का निरीक्षण किया। उपस्थित कृषकों से ताज़ा एवं जड़ पत्ती अगोला रहित गन्ने की आपूर्ति का अनुरोध किया। वर्तमान मे चीनी मिल पूरनपुर सुचारु रूप से संचालित है। किसानो के पास पर्याप्त यस. यम. यस. पर्ची उनके मोबाइल पर भेजी जा चुकी है। इस पेराई सत्र के लिये पूरनपुर चीनी मिल को मिल गेट सहित 14 गन्ना क्रय केंद्र आवंटित किये गये है। सभी क्रय केंद्र संचालित है। गन्ना की नियमित उठान हो रही है। सभी क्रय केन्द्रो पर लाइसेंस युक्त तौल लिपिकों की ही तैनाती की गयी है। निरीक्षणकर्ता अधिकारियो की सुविधा के लिये सभी मिल गेट एवं वाह्य गन्ना क्रय केन्द्रो पर मानक वांट एवं निरीक्षण पुस्तिका उपलब्ध है। वर्तमान मे जनपद की पीलीभीत, बरखेड़ा एवं पूरनपुर चीनी मिले संचालित है। जनपद मे अब तक 37371 गन्ना किसानों से प्रतिदिन 1.93 लाख कुं गन्ना आपूर्ति की जा रही है। अब तक 17.42 लाख कुं गन्ना खरीद की जा चुकी है। बीसलपुर चीनी मिल भी 24 नवंबर से चालू हो जायेगी। सभी सचिव एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षको को फील्ड मे लगातार भ्रमण के निर्देश दिये गये है। किसान भाई तौल कार्य मे किसी भी असुविधा के लिये समिति के सचिव या चीनी मिल के अधिकारियों से सम्पर्क करें। निरीक्षण के समय त्रिवेणी पाल प्रधान प्रबंधक, अजय यादव मुख्य गन्ना अधिकारी, पूरनपुर गन्ना किसान रतन लाल, खूब लाल, अवनीश कुमार, वेद प्रकाश मिश्रा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## गौकशी पर नियंत्रण न होने से एसपी नाराज डीआईजी अजय कुमार साहनी ने घुंघचिहाई थाने के एसओ किया निलंबित

पूरनपुर।जिले में हो रही गोकशी की घटनाओं की रोकथाम न करने वाले पुलिसकर्मियों को अब एसपी ने लापरवाही मानते हुए गाज गिराना शुरू कर दी है गोकशी की घटनाएं न रोक पाने के कारण घुंघचिहाई थाना एसओ को निलंबित कर दिया गया है पिछले कुछ समय से जनपद में गोकशी की घटना में इजाफा हुआ है जिले में गोकशी की कई घटनाएं हुई हैं इसको लेकर पुलिस की खासी फजीहत हो रही है एसपी ने कई बार सीओ और थाना प्रभारियों को चेतावनी देकर गोकशी की घटनाओं पर लगाम लगाने के निर्देश दिए लेकिन पुलिसकर्मियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी लगाम न लग पाने पर अब एसपी ने पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई का दौर शुरू कर दिया है गोकशी की घटनाओं के संबंध में एसओ को निलंबित करने की कार्रवाई में एसपी की प्रशंसा की जा रही है, क्योंकि यह दर्शाता है कि पुलिस अधिक सक्रियता से इस तरह के मामलों से निपट रही है पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने स्पष्ट किया है कि ऐसी घटनाओं को रोकने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ।

# सरदार पटेल यदि पहले प्रधानमंत्री होते तो आतंकवाद और कश्मीर समस्या देश में ना होती : सतीश शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर जन एकता यात्रा एवं सभा आयोजित की गई

अमेठी,विधानसभा क्षेत्र अमेठी के अमेठी नगर में शनिवार को लौह पुरुष, राष्ट्रीय एकता के प्रतीक एवं आत्मनिर्भर भारत के प्रणेता सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जन एकता यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री एवं अमेठी के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा एवं राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा बिष्ट यादव रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की। कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला,विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह,जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, काशी प्रसाद तिवारी, चंद्रप्रकाश मिश्र मटियारी सहित अनेक प्रमुख वक्ताओं ने सम्बोधित किया। प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि ल्लसरदार पटेल के साहस, दूरदृष्टि



और राष्ट्र निर्माण के लिए उनके अथक प्रयासों की प्रेरणा इस पूरे आयोजन में स्पष्ट दिखाई देती है।राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा बिष्ट यादव ने कहा कि सरदार पटेल जी के विजन एक भारत श्रेष्ठ भारत विकसित भारत के सपनों को साकार करने के लिए मोदी जी ने अथक प्रयास किया है प्रधानमंत्री जी ने एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने देश के एक राष्ट्र श्रेष्ठ राष्ट्र विजन 2047 को साकार करने के लिए देश में बहुत कार्य किया इसी के साथ विस्तार पूर्वक सरदार पटेल जी के जीवन एवं उनके बारे में विस्तार पूर्वक बताया। अंतिम में उन्होंने यदा यदा ही धर्मस्य ग्लानिर्भवति श्लोक पढ़कर के समझने का प्रयास किया कि जब-जब देश को आवश्यकता पड़ी है तब तक प्रभुजन में लिए हैं और आज के भारत में मोदी योगी जी जन्म लिए हैं तो भारत एक भारत श्रेष्ठ भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है।भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने बताया कि यह यात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर अंबेडकर तिराहा होते हुये गांधी चौक से होते हुये स्टेशन तिराहा से पुनः रामलीला मैदान में समापन हुआ एवं वहीं पर भव्य सभा का भी आयोजन हुआ।इस अवसर पर रविंद्र सिंह,विषुव मिश्रा, राजेश शुक्ला, अमरेंद्र सिंह पिंटू,विजय विक्रम सिंह अजय तिवारी, निमिषा त्रिपाठी,कमलेश तिवारी, शरद शंकर मिश्रा, मनीष पाठक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता, छात्र छात्राएं एवं सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

## थाना गौरीगंज के समाधान दिवस पर डीएम व एसपी ने सुनी जन शिकायतें

अमेठी,शासन के निर्देशानुसार जन समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिये माह के चतउर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक शनिवार को थाना गौरीगंज पहुंचे और थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस के दौरान आमजन द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं एवं शिकायतों को गम्भीरता से सुना। सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने संबंधित विभागीय अधिकारियों और थानाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित रखना किसी भी दशा में स्वीकार्य नही है।डीएम संजय चौहान ने कहा कि समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का निस्तारण यथाशीघ्र करना है ताकि जनता को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और शिकायतकर्ता को त्वरित राहत मिल सके। इसी के साथ उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक मामले में तथ्यात्मक जांच एवं न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। समाधान दिवस में भूमि विवाद, पारिवारिक समस्याओं, राजस्व संबंधित मामलों एवं पुलिस विभाग से जुड़े प्रकरण रहे। इस अवसर पर थानाध्यक्ष गौरीगंज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आज खुले रहेंगे विद्यालय : जिला निर्वाचन अधिकारी

पीलीभीत।जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने आदेश जारी करते हुए कहा कि दिनांक 23/11/2025 को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित जनपद के सभी विद्यालय जहां पर मतदेय स्थल स्थापित होते हैं यथा शिक्षा विभाग के प्राथमिक स्कूल, इण्टर कॉलेज,डिग्री कॉलेज,पंचायत घर,नगर पंचायतें आदि खुले रहेंगे,ताकि वहां पर बीएलओ उपस्थित रहकर कार्य कर सकें।

# जिले की एक प्रतिभा फलक पर छाने को तैयार

## उत्तर प्रदेश अंडर 23 टीम में अर्जुन का चयन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। एक और होनहार क्रिकेट खिलाड़ी का सलेक्शन यूपी टीम में हो गया है। अंडर 23 की टीम में जिले के खिलाड़ी के चयन होने से खिलाड़ियों समेत प्रशंसकों में हर्ष का माहौल है परिवार को बधाई देने वालों का ताता लगा रहा। बताते चले बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंडर 23 प्रतियोगिता के लिए सुल्तानपुर से अर्जुन कुमार सिंह का चयन उत्तर प्रदेश की टीम में हुआ है। जयपुर में आयोजित अंडर 23 प्रतियोगिता में त्रिपुरा के विरुद्ध मैच में अर्जुन सिंह यूपी टीम में शामिल होंगे। अर्जुन सिंह विगत कई वर्षों से जिला क्रिकेट संघ सुल्तानपुर की ओर से भाग ले रहे हैं और यू पी क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित यू पी प्रीमियर लीग में भी खेल चुके हैं.अंडर-19 कूच बिहार ट्राफी के लिए यूपी टीम की



ओर से कैंप कर चुके हैं अर्जुन कई वर्षों से जिला क्रिकेट एसोसिएशन सुल्तानपुर लीग में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं अर्जुन ग्राम देवडीह बलिया के मूल निवासी हैं उनकी मां उमा सिंह ने श्री रामबरन महाविद्यालय जयसिंहपुर सुल्तानपुर से स्नातक व परास्नातक की पढ़ाई की थी इस दौरान अर्जुन सिंह सुल्तानपुर में जिला क्रिकेट संघ सचिव असद अहमद के संपर्क मे आये अब अर्जुन सिंह इन्हीं के मार्गदर्शन में क्रिकेट खेल रहे हैं। अर्जुन ने जिला लीग में खेलने के साथ-साथ भारत की कई नामचीन अकादमी जैसे अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी श्रीधरन एकेडमी हैदराबाद, राहुल द्रविड़ के कोच गुलाम समदानी सर बेंगलुरु और पंकज सिंह क्रिकेट अकादमी जयपुर में भी समय समय पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। अर्जुन खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी मेधावी छात्र रहे हैं उन्होंने 10 में 10सीजीपीए और 12 में 90 प्रतिशत हासिल किया और बेंगलुरु के प्रतिष्ठित कॉलेज से कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग की। अर्जुन सिंह के पिता अरविंद कुमार सिंह आईएएस अधिकारी रहे हैं जो अब रिटायर हो चुके हैं ।अर्जुन सिंह के चयन पर गनपत सहाय कॉलेज के प्रबंधक ओम प्रकाश पाण्डे बजरंगी, अजय सिंह प्रबंधक श्री रामबरन महाविद्यालय जयसिंहपुर सुल्तानपुर तथा अंग्रेज सिंह राणा प्रधानाचार्य गनपत सहाय पी जी कालेज ने बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला क्रिकेट संघ के सचिव असद अहमद संतोष दूबे अब्दुल गफ्फार सुभाष तिवारी मुकेश दूबे अजय सिंह सकलेन अब्दुल मोमिन और शहर के खिलाड़ी और खेल प्रशंसकों ने अर्जुन के चयन पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

## अमेठी में सड़क हादसे में बुलेट सवार तीन युवकों की दर्दनाक मौत

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना अमेठी क्षेत्र के थौरा गांव के पास देर रात हुये भीषण सड़क हादसे में बुलेट सवार तीन युवकों की मौत हो गई।हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार डीसीएम और बुलेट में आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गये और बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीसरे युवक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव महाराजपुर निवासी हीरा लाल कोरी के घर से बारात महाराजपुर से पीपरपुर थाना क्षेत्र के हारीपुर गांव गई थी।इसी बारात में शामिल होने महाराजपुर निवासी उत्कर्ष सिंह उर्फ टिंकू उम्र चालीस वर्ष पुत्र शेर बहादुर सिंह,बजरंग सिंह पुत्र अमर बहादुर सिंह और अंशु सिंह पुत्र बैजनाथ सिंह हारीपुर गांव गये हुए थे।देर रात तीनों युवक बुलेट से वापस अपने घर लौट रहे थे।जब वह थौरा गांव के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को जानकारी दी। थाना अमेठी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।पुलिस ने दुर्घटना में शामिल वाहन को कब्जे में ले लिया है।दुर्घटना की सूचना जैसे ही मृतकों के गांव पहुंची वहां कोहराम मच गया। घरों में मातम छा गया और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा। एक साथ तीन युवा दोस्तों की हुई मौत से पूरा क्षेत्र शोक में डूब गया है।

## पत्रकार की मां के निधन पर जनप्रतिनिधियों ने शोक जताया

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास क्षेत्र तिलोई के कस्बा सेमरौता में पत्रकार प्रमोद वर्मा की मां के आकस्मिक निधन से शोक की लहर दौड़ गई। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और सम्भ्रांत नागरिकों के साथ ही मीडिया कर्मियों ने नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है। क्षेत्र के कस्बा सेमरौता निवासी प्रमोद कुमार वर्मा की मां श्यामा देवी का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया है जिनका अंतिम संस्कार गांव स्थित पैतृक बाग में किया गया जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों और मीडिया कर्मियों ने नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।इस मौके पर ग्राम प्रधान देवी शरण बाजपेई, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कर्ण कुमार बाजपेई, आशीष मिश्रा, राजेश पाण्डेय, अर्जुन सिंह भदौरिया, सुरेश प्रताप सिंह, सुशील सिंह विनीत कुमार मिश्रा, जगदीश त्रिवेदी, मनीष बाजपेई,शिवराज सिंह, सौरभ अवस्थी, चंद्र किशोर शुक्ला,श्रीकांत यादव,जितेंद्र मिश्रा, कीर्ति वैभव श्रीवास्तव, पिंटू शुक्ला, इरशाद अहमद, भरत मिश्रा, प्रभात द्विवेदी सहित अन्य तमाम लोगों ने नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है।

# चार माह के दुधमुंहे की आंख बचाई, मां की दुआएं बनीं सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। हजार सर्जरी का सफर और मानवता की मिशाल स्वशासी राजकीय महाविद्यालय की नेत्र सर्जन एवं सहायक प्राचार्य डॉ. शिवप्रिया गुप्ता न केवल अपनी दक्षता के लिए बल्कि अपनी संवेदनशीलता और मानवता के लिए भी जानी जाती हैं। बीते एक वर्ष में उन्होंने लगभग 1000 सफल नेत्र सर्जरी कर चिकित्सा जगत में एक अलग पहचान बनाई है। इनमें से 180 सर्जरी अत्याधिक जटिल श्रेणी में थीं, जिन्हें उन्होंने अपनी कुशलता और धैर्य से सफलतापूर्वक अंजाम दिया। बीते दिन मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग में एक पीड़ित मां रोती-बिलखती पहुंची। उसके चार माह के बच्चे की आंख में पिज्जा का कण फंस गया था। आंख पूरी तरह बंद हो



चुकी थी और अंदर खून जम गया था। पीड़ा से तड़पते बच्चे को देखकर मां डॉक्टर शिवप्रिया गुप्ता के सामने गिड़गिड़ाने लगी। डॉ. शिवप्रिया ने पहले मां को ढाढ़स बंधाया और विश्वास दिलाया कि बच्चा पूरी तरह ठीक हो जाएगा। ओपीडी में ही मात्र 20 मिनट की प्रक्रिया में उन्होंने बच्चे की आंख से पिज्जा का कण बाहर निकाला, आंख की सफाई की और दवा देकर बच्चे को तुरंत आराम दिला दिया। कुछ ही देर में बच्चे की आंख पूरी तरह खुल गई और दर्द गायब हो गया। डॉ. शिवप्रिया गुप्ता अपनी सटीक सर्जरी, उत्कृष्ट परामर्श और मानवीय व्यवहार के कारण आज मरीजों की पहली पसंद बन चुकी हैं। कम समय में उच्च सफलता दर और कठिन से कठिन नेत्र सर्जरी करने की उनकी क्षमता ने उन्हें जिले ही नहीं, प्रदेश के लोकप्रिय डॉक्टरों में शामिल कर दिया है। अपनी मेधा, अनुभव और संवेदनशीलता के कारण डॉ. शिवप्रिया उन विरले डॉक्टरों में हैं जो मरीजों की आंखों में सिर्फ रोशनी ही नहीं लौटातीं, बल्कि उनके दिलों में विश्वास भी जगाती हैं। उनका यह मानवीय और चिकित्सकीय योगदान समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## नौ साल की सेवा के बाद ठेका कर्मी का नवीनीकरण रद्द

सुलतानपुर। एक ओर सरकारें मंचों पर ठेका कर्मचारियों के भविष्य सुधार अभियान के बड़े-बड़े वादे करती दिखाई देती हैं। निगम बन रहे हैं, योजनाएँ तैयार हो रही हैं, और घोषणाएँ इतनी कि पोस्टर भी थक जाए। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ बौर ही बयां कर रही है। सुल्तानपुर ब्लड बैंक में पिछले 9 वर्षों से कार्यरत वार्ड बॉय संदीप मिश्रा का नवीनीकरण अचानक रोक दिया गया और वजह? संदीप का आरोप है कि उन्होंने रिश्वत देने से इनकार कर दिया। संदीप मिश्रा के मुताबिक मै 9 साल से ब्लड बैंक में वार्ड बॉय की ड्यूटी कर रहा हूँ। न कोई शिकायत, न कोई विवाद। फिर भी कंपनी ने मेरा नवीनीकरण नहीं किया। बाकी सभी लोगों का नाम सूची में आ गया, सिर्फ मेरा नहीं। जब मैंने कारण पूछा तो इशारों में टोकन की बात कही गई। मेरे पास रिश्वत देने का पैसा नहीं था, इसलिए मेरा नाम काट दिया गया। संदीप बताते हैं कि उन्होंने लखनऊ जाकर कंपनी के ऑफिस में अपना शैक्षिक प्रमाणपत्र, अनुभव प्रमाणपत्र, सभी जरूरी दस्तावेज जमा किए।

## सरकारी पिस्टल लूटकांड में चार आरोपी गिरफ्तार

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हलियापुर थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सरकारी पिस्टल लूटकांड में वांछित चल रहे चार आरोपियों को धर–दबोचा। उनके कब्जे से लूटी गई सरकारी पिस्टल मय मैगजीन, 10 कारतूस, दो मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त एक धारदार हथियार (गड़ासी), एक डंडा तथा बोलेरो वाहन को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में शिवम सिंह, अखिलेश सिंह उर्फ अखिल, प्रमिला सिंह और शिवानी सिंह, सभी निवासी ग्राम डोभियारा थाना हलियापुर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई के उपरांत अदालत में पेश किया। गिरफ्तारी के दौरान ही लूटी थी सरकारी पिस्टल। बता दें कि थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या पुलिस वांछित आरोपी आदर्श सिंह की गिरफ्तारी के लिए डोभियारा गांव में दबिश देने पहुंची थी। इसी दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया था। हमले में पुलिस को चोटें आई थीं तथा दारोगा आकिल हुसैन की सरकारी पिस्टल, सरकारी मोबाइल और निजी मोबाइल छीनकर आरोपी आदर्श सिंह को छुड़ाकर भाग निकले थे। पुलिस के अनुसार फरार चल रहे आरोपी आदर्श सिंह की गिरफ्तारी के लिए दबिशें जारी हैं। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल सहित उपनिरीक्षक कैलाश सिंह यादव, उपनिरीक्षक रामधनी वर्मा, उपनिरीक्षक भगौती प्रसाद, हेड कांस्टेबल बृजेन्द्र पाल सिंह, कांस्टेबल शीलू राठौर, दीपक साह व महिला कांस्टेबल संध्या शाक्य शामिल रहे।

## सम्पादकीय

# चुनौतियों वाली पारी

आखिरकार सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गए। जदयू सुप्रीमो ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही सत्ता का एक नया कार्यकाल शुरू कर दिया। यद्यपि हालिया चुनाव में भाजपा ने जदयू से ज्यादा सीटें हासिल करके सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उपस्थिति दर्ज करायी है, लेकिन इसके बावजूद चार कम सीट जीतने वाले जदयू के 74 वर्षीय दिग्गज को मुख्यमंत्री बने रहने देना ही बेहतर समझा है। वहीं सहयोगी दल भाजपा से सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के उपमुख्यमंत्री पद बरकरार रहे। निस्संदेह, नीतीश का पिछला कार्यकाल उतार-चढ़ाव भरा रहा था। उन्होंने पहले भाजपा के साथ सरकार बनायी और मनभेद के चलते महागठबंधन में शामिल हुए। फिर पलटी लेकर भाजपा के साथ सरकार में शामिल हो गए थे। इसके बावजूद बिहार की जनता ने उनकी इस उलट-पलट को माफ ही कर दिया। संभवतरू उनकी इस अपील पर वोट दिया कि यह उनकी आखिरी पारी है। जनता ने उनके नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार के स्थायित्व पर भरोसा जताया। शायद बिहार की जनता जंगल राज के दुरूस्वप्न को नहीं भूली है। एक बात तो तय है कि राज्य की जनता ने तमाम किंतु-परंतुओं के बावजूद बिहार के भविष्य के लिये उन्हें बेहतर माना है। यही वजह है कि रिकॉर्ड दसवीं बार शपथ लेने वाले नीतीश को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें सुशासन के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड वाला एक अनुभवी प्रशासक बताया है। लेकिन राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे हैं कि भाजपा कब तक छोटे भाई की भूमिका में रहेगी? विपक्ष को संदेह है कि नीतीश शायद ही अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। उन्हें आशंका है कि भाजपा किसी न किसी स्तर पर बिहार में पार्टी का मुख्यमंत्री बनाना चाहेगी। राजनीतिक विश्लेषक महाराष्ट्र का उदाहरण देते हैं, जहां भाजपा ने पहले शिवसेना के एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाया और बाद में उन्हें हटाकर देवेंद्र फड़नवीस को कुर्सी पर बैठा दिया। वहीं कुछ राजनीतिक पंडितों का तर्क है कि भाजपा के पास केंद्र में पूर्ण बहुमत नहीं है, इसलिए एनडीए सरकार को सहारा देने के लिये भाजपा को नीतीश के समर्थन की जरूरत बनी रहेगी। इस बात से यह निष्कर्ष निकाला जा रहा है कि जदयू अपना अस्तित्व बचाये रखने के लिये बेहतर स्थिति में है। बहरहाल, नीतीश की तात्कालिक प्राथमिकताएं बेरोजगारी दूर करने और पलायन पर अंकुश लगाने की होनी चाहिए। हकीकत यह है कि राज्य में रोजगार संकट के चलते बिहार के तीन घरों में से दो का एक सदस्य दूसरे राज्य में काम करने को मजबूर है। साथ ही नीतीश को सरकार बनाने में भरपूर समर्थन देने वाली महिलाओं की आकांक्षाओं के अनुरूप, उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रमुख चुनावी वायदे को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना चाहिए। इसके अलावा उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि जदयू मजबूत और अक्षुण्ण बना रहे। यह अवश्यंभावी है कि भाजपा और चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी उन्हें सतर्क बनाए रखेगी। भाजपा के मन में यह कसक जरूर रहेगी कि सबसे बड़े दल के रूप में उदय होने पर भी पार्टी बिहार में अब तक अपनी सरकार नहीं बना पायी है। ऐसे में नीतीश को बाहरी विपक्षी से तो नहीं, गठबंधन के दलों की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं से जूझना पड़ेगा। वहीं प्रचंड बहुमत देने पर जनता की उम्मीदें भी उफान पर रहेंगी। राजग द्वारा चुनाव के दौरान तमाम वायदे किए गए थे, लेकिन राज्य की कमजोर आर्थिक स्थिति के मद्देनजर इन सब वायदों को पूरा करना आसान न होगा। वहीं दूसरी ओर नीतीश के सामने उनकी सेहत और बढ़ती उम्र को लेकर भी चुनौती पैदा हो सकती है। जिसको लेकर विपक्ष पूरे चुनाव अभियान के दौरान लगातार हमलावर बना रहा है। साथ ही बिहार की डेढ़ करोड़ महिलाओं को दस हजार रुपये लगातार दे पाना भी परेशानी का सबब बन सकता है।

# भारत में जलवायु संकट-स्वास्थ्य एवं समृद्धि पर कहर

जलवायु परिवर्तन से उपजी पर्यावरणीय चुनौतियाँ आज मानव सभ्यता के अस्तित्व तक को प्रभावित कर रही हैं। जलवायु परिवर्तन अब कोई दूर का वैज्ञानिक विचार नहीं, बल्कि तत्काल अनुभव किया जाने वाला यथार्थ है, जिसकी भयावहता का प्रमाण सीएसई और डाउन टू अर्थ की क्लाइमेट इंडिया 2025 की रिपोर्ट में स्पष्ट दिखाई देता है। जनवरी से सितंबर 2025 तक भारत ने अपने 99 प्रतिशत दिनों में किसी न किसी चरम मौसमी घटना-बाढ़, सूखा, भारी बारिश, तूफान, ठंड-लहर, अथवा भीषण गर्मी का सामना किया। इसी अवधि में 4,064 लोगों की मौत, 9.47 मिलियन हेक्टेयर फसल का नष्ट होना, लगभग 58,982 जानवरों की मृत्यु और 99,533 घरों का ढहना इस संकट की गहराई को दर्शाते हैं। कृषि क्षेत्र इन घटनाओं का सबसे बड़ा शिकार बना, क्योंकि जलवायु असंतुलन ने खेतों, मौसम चक्र और पैदावार को सीधे प्रभावित किया। बढ़ते तापमान और असामान्य वर्षा ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गहरी चोट पहुंचाई है। दुनिया के सबसे बड़ी आबादी वाले देश के सामने ये मुश्किलें सबसे बड़ी हैं। हिमाचल प्रदेश में 257 दिनों का चरम मौसम, मध्य प्रदेश में 532 मौतें और महाराष्ट्र में 84 लाख हेक्टेयर फसल का नुकसान बताता है कि यह सिर्फ पर्यावरणीय विषय नहीं, बल्कि मानव जीवन, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था का संकट है। 2025 में, कम से कम 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 2022 के बाद से सबसे अधिक चरम मौसमी दिन दर्ज किए गए। फरवरी से सितंबर 2025 तक, लगातार आठ महीनों तक देश के 30 या उससे अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चरम मौसम की घटनाएं रिकॉर्ड की गईं। भारत में जैसे हालात हैं, वही स्थिति पूरे विश्व में भी फैलती जा रही है। वर्ष 2023, 2024 और 2025 दुनिया के सबसे गर्म वर्षों में शामिल रहे। यूरोप की निरंतर हीटवेव, अफ्रीका के साहेल क्षेत्र का अकाल, अमेज़न और ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी आग, प्रशांत और अटलांटिक महासागरों में उग्र तूफान, और ग्लेशियरों के तेज़ी से पिघलने की घटनाएँ यह संकेत दे रही हैं कि पृथ्वी एक खतरनाक मोड़ की ओर बढ़ रही है। मौसम चक्रों का असंतुलन, समुद्र स्तर में वृद्धि, तापमान का अचानक बढ़ना और वर्षा का अनियमित होना, प्राकृतिक आपदाओं को न सिर्फ अधिक सघन बना रहा है बल्कि मानव जीवन को असुरक्षित भी। जलवायु परिवर्तन की सबसे बड़ी वजह मनुष्य की अनियंत्रित गतिविधियाँ हैं-जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता, वनों की कटाई, प्रदूषण, अनियोजित शहरीकरण और अत्यधिक उपभोग ने वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों को खतरनाक स्तर तक बढ़ा दिया है, जिसका परिणाम है पृथ्वी का असामान्य रूप से गर्म होना। इन परिस्थितियों का असर जीवन के हर क्षेत्र पर दिखाई दे रहा है। स्वास्थ्य पर प्रभाव बढ़ रहा है, हीटवेव के कारण मौतें बढ़ रही हैं, नए वायरस और प्रदूषण से उत्पन्न बीमारियों की आवृत्ति बढ़ी है। जल संसाधन खतरे में हैं और कई क्षेत्रों में नदियाँ व भूजल तेजी से सूख रहे हैं। खाद्य संकट गहराता जा रहा है क्योंकि फसलें असफल हो रही हैं, जिससे अनाज और सब्जियों की कीमतें बढ़ रही हैं। प्राकृतिक आपदाओं से आर्थिक ढाँचा भी डगमगा रहा है, लाखों लोग विस्थापित हो रहे हैं और असमानता तेज़ी से बढ़ रही है। यदि दुनिया ने तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखने का लक्ष्य पूरा नहीं किया, तो आने वाले तीन दशकों में हिमालयी नदियों का प्रवाह अनिश्चित हो जाएगा, तटीय शहर खतरे में पड़ेंगे और मानव जीवन मुश्किल होता चला जाएगा। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव को दर्शाती एक ओर रिपोर्ट पिछले दिनों 'द लांसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज 2025' के अनुसार पिछले साल जलवायु परिवर्तन के कारकों से कृषि क्षेत्र में 66 फीसदी और निर्माण क्षेत्र में बीस फीसदी का नुकसान हुआ। यह रिपोर्ट इशारा करती है कि अत्यधिक गर्मी के कारण श्रम क्षमता में कमी के कारण 194 अरब डॉलर की संभावित आय का नुकसान हुआ। उल्लेखनीय है कि यह रिपोर्ट विश्व के 71 शैक्षणिक संस्थानों और संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों के 128 अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने तैयार की, जिसका कुशल नेतृत्व यूनिवर्सिटी कालेज लंदन ने किया। इस रिपोर्ट में जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य के बीच संबंधों का अब तक सबसे व्यापक आकलन किया गया है। रिपोर्ट बताती है कि साल 2020 से 2024 के बीच भारत में औसतन हर साल दस हजार मौतें जंगल की आग से उत्पन्न पीएम 2.5 प्रदूषण से जुड़ी थीं। चिंता की बात यह है कि यह वृद्धि 2003 से 2012 की तुलना में 28 फीसदी अधिक है, जो हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। विडंबना यह है कि 'द लांसेट' की रिपोर्ट में सामने आए गंभीर तथ्यों के बावजूद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस संकट से मिलकर जूझने की ईमानदार कोशिश होती नजर नहीं आती। यह निर्विवाद तथ्य है कि दुनिया के विकसित देश अपनी जिम्मेदारी से लगातार बचने के प्रयास कर रहे हैं। खासकर हाल के वर्षों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जलवायु परिवर्तन को लेकर जो गैरजिम्मेदाराना रवैया अख्तियार किया है, उससे नहीं लगता कि वैश्विक स्तर पर इस संकट से निपटने की कोई गंभीर साझा पहल निकट भविष्य में सिरे चढ़ेगी। विकसित देश इस दिशा में मानक पेरिस समझौते की संस्तुतियों को नजरअंदाज करते नजर आते हैं। सीएसई और डाउन टू अर्थ की क्लाइमेट इंडिया और द लांसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज 2025 रिपोर्टों में उजागर तथ्य हमारी आंख खोलने वाले व सचेतक हैं। इन्हीं चिन्ताजनक रिपोर्टों पर सीएसई की महानिदेशक सुनिता नारायण ने कहा, देश को अब सिर्फ आपदाओं को गिनने की जरूरत नहीं है, बल्कि उस पैमाने को समझने की जरूरत है जिस पर जलवायु परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने वैश्विक स्तर पर उत्सर्जन कटौती की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया, क्योंकि इतने बड़े पैमाने की आपदाओं के लिए कोई भी अनुकूलन संभव नहीं होगा। सीएसई के कार्यक्रम निदेशक किरन पांडे ने मानसून के दौरान बढ़ते तापमान को चिंताजनक बताया, जो अनियमित और चरम मौसमी घटनाओं को ट्रिगर कर सकता है। डाउन टू अर्थ के प्रबंध संपादक रिचर्ड महापात्रा ने कहा कि यह रिपोर्ट एक आवश्यक चेतावनी है और बिना निर्णायक शमन प्रयासों के आज की आपदाएं कल का नया सामान्य बन जाएंगी। ऐसे समय में सिर्फ सरकारों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर आम नागरिक को भी पर्यावरण संरक्षण का सहभागी बनना होगा। सबसे पहले जीवनशैली को प्रकृति के अनुकूल बनाना जरूरी है, ऊर्जा की बचत, जल का सीमित और विवेकपूर्ण उपयोग, प्लास्टिक का परित्याग, वृक्षारोपण, जैविक कचरे का पृथक्करण और पुनर्चक्रण जैसी छोटी गतिविधियाँ बड़े परिणाम ला सकती हैं। घरेलू स्तर पर सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन, रसोई कचरे से खाद बनाना और अनावश्यक उपभोग कम करना पर्यावरण पर सकारात्मक असर डालते हैं। वाहन का कम उपयोग, सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता, पैदल चलने और साइकिल जैसे पर्यावरण-मित्र विकल्प अपनाना जलवायु परिवर्तन से लड़ने की दिशा में शक्तिशाली कदम हैं। पर्यावरणीय संवेदनशीलता भी उतनी ही आवश्यक है जितनी तकनीकी कोशिशें। प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना, संसाधनों का संयमित उपयोग, और भविष्य की पीढ़ियों के लिए पृथ्वी को सुरक्षित रखने की दृष्टि, जलवायु संकट के खिलाफ हमारी सामूहिक ताकत बन सकती है। यदि समाज में यह चेतना विकसित हो कि प्रकृति का संरक्षण ही जीवन और प्रगति का आधार है, तो परिवर्तन स्वतः शुरू हो जाता है। शिक्षा, जागरूकता और जनभागीदारी इस लड़ाई के सबसे महत्वपूर्ण हथियार हैं। स्कूलों और घरों में बच्चों को पर्यावरणीय मूल्यों का प्रशिक्षण देना भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी होगा। जलवायु संकट अपने आप नहीं थमेगा; इसे रोकने के लिए संकल्प, संयुक्त प्रयास और सतत विकास को जीवन की प्राथमिकता बनाना आवश्यक है। पृथ्वी हमारे पास केवल एक है और उसका कोई विकल्प नहीं। समय का यही संदेश है कि यदि हम प्रकृति की चेतावनियों को गंभीरता से नहीं लेंगे, तो आने वाला समय मानवता के लिए और भी कठिन हो जाएगा। लेकिन यदि हर मनुष्य अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभाए, तो जलवायु परिवर्तन की दिशा को बदला जा सकता है और धरती को संतुलन, शांति और स्थायित्व प्रदान किया जा सकता है। **-ललित गर्ग**

**2025 में, कम से कम 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 2022 के बाद से सबसे अधिक चरम मौसमी दिन दर्ज किए गए। फरवरी से सितंबर 2025 तक, लगातार आठ महीनों तक देश के 30 या उससे अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चरम मौसम की घटनाएं रिकॉर्ड की गईं। भारत में जैसे हालात हैं, वही स्थिति पूरे विश्व में भी फैलती जा रही है। वर्ष 2023, 2024 और 2025 दुनिया के सबसे गर्म वर्षों में शामिल रहे। यूरोप की निरंतर हीटवेव, अफ्रीका के साहेल क्षेत्र का अकाल, अमेज़न और ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी आग, प्रशांत और अटलांटिक महासागरों में उग्र तूफ़ान, और ग्लेशियरों के तेज़ी से पिघलने की घटनाएँ यह संकेत दे रही हैं कि पृथ्वी एक खतरनाक मोड़ की ओर बढ़ रही है। मौसम चक्रों का असंतुलन, समुद्र स्तर में वृद्धि, तापमान का अचानक बढ़ना और वर्षा का अनियमित होना, प्राकृतिक आपदाओं को न सिर्फ अधिक सघन बना रहा है बल्कि मानव जीवन को असुरक्षित भी। जलवायु परिवर्तन की सबसे बड़ी वजह मनुष्य की अनियंत्रित गतिविधियाँ हैं-जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता, वनों की कटाई, प्रदूषण, अनियोजित शहरीकरण और अत्यधिक उपभोग ने वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों को खतरनाक स्तर तक बढ़ा दिया है, जिसका परिणाम है पृथ्वी का असामान्य रूप से गर्म होना। इन परिस्थितियों का असर जीवन के हर क्षेत्र पर दिखाई दे रहा है। स्वास्थ्य पर प्रभाव बढ़ रहा है, हीटवेव के कारण मौतें बढ़ रही हैं, नए वायरस और प्रदूषण से उत्पन्न बीमारियों की आवृत्ति बढ़ी है। जल संसाधन खतरे में हैं और कई क्षेत्रों में नदियाँ व भूजल तेजी से सूख रहे हैं। खाद्य संकट गहराता जा रहा है क्योंकि फसलें असफल हो रही हैं, जिससे अनाज और सब्जियों की कीमतें बढ़ रही हैं।**

# दांपत्य जीवन को शर्मसार करती घटनाएं

**सुधाकर आशावादी**

सामाजिक संबंधों की खूबसूरती जिन नैतिक और मर्यादित रिश्तों में दिखाई देती थी, वही रिश्ते आजकल दम तोड़ने लगे हैं। माता पिता के रिश्तों के उपरांत विवाह जैसा पवित्र बंधन जो आपसी विश्वास, समर्पण एवं त्याग का पर्याय हुआ करता था, वही आज ऐसे दोराहे पर खड़ा है, जहाँ पति अथवा पत्नी एक दूसरे पर विश्वास करने से कतरा रहे हैं। रिश्तों में अविश्वास एवं संदेह किन कारणों से उत्पन्न हो रहा है, यह शोध का विषय है। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो समाज में विवाह जैसी संस्था का अस्तित्व बचाना ही समाजशास्त्रियों के लिए बड़ी चुनौती सिद्ध हो सकता है।

वस्तुस्थिति यह है कि संचार क्रांति युग में जहां नारी चेतना, पुरुष प्रधान समाज से मुक्ति सहित नारी सशक्तिकरण का विमर्श समाज में बराबरी का दर्जा पाने के लिए मुखर है। नारी ऐसे मोड़ पर है, जो आधी अधूरी परम्पराओं को अपने मतानुसार निभाने के लिए किसी भी स्तर पर जा सकती है तथा पुरुष अस्तित्व को नकार कर मनमानी करने पर आमादा है। ऐसे में बहुधा अपनी स्वच्छंदता के लिए वह आपराधिक षड्यंत्रों में खलनायिका की भूमिका का निर्वाह करने में भी संकोच का अनुभव नहीं कर रही है। यदि ऐसा न होता, तो कोई भी पत्नी पति, पत्नी और वो के अनैतिक विवाहेत्तर संबंधों के लिए अपने पति की हत्या में भागीदार न होती। विगत कुछ वर्षों से ऐसे समाचार प्रकाश में आ रहे हैं, कि विवाहेत्तर संबंधों को निभाने के लिए पत्नी ने अपने प्रेमी की सहायता से अपने पति को मौत के घाट उतारने में संकोच नहीं किया है। ऐसी घटनाएं अब सिर्फ महानगरों तक ही सीमित नहीं रह गई हैं। अवैध और अनैतिक संबंधों का खेल अब महानगरों से लेकर गाँव स्तर तक अपने पाँव पसार चुका है। मेरठ में मुस्कान और साहिल के अनैतिक संबंधों के खेल से प्रकाश में आई यह कलंक कथा देश के अनेक भागों में दोहराई जा चुकी है। देश का कोई कोना ऐसा नहीं रह गया है, जहाँ संचार क्रांति के माध्यम से अनैतिक संबंधों की घटनाएं घर घर तक न पहुंची हो। वासना में अंधे स्त्री या पुरुष ऐसी घटनाओं को देखकर कब अपने जीवन साथी को मौत के घाट उतारने का षड्यंत्र रचने लगे और कब कोई पति अपनी पत्नी से विश्वासघात करके उसे मौत के घाट उतार दे या कोई पत्नी कब अपने पति के लिए मृत्यु का कारण बन जाए, कहा नहीं जा सकता। ऐसी घटनाओं के पीछे गंभीर कारण क्या हैं, इन्हें भी समझना आवश्यक है। कहीं ऐसा तो नहीं, कि समाज में रिश्तों की मर्यादा का क्षरण होने के कारण व्यभिचार बढ़ रहा हो। भौतिक सुख सुविधाओं के लालच में अनैतिक संबंधों को बढ़ावा मिल रहा हो। कारण चाहे जो भी हों, किन्तु इन सबके मध्य वैवाहिक संबंधों में रिक्तता एवं अविश्वास गंभीर चिंता का विषय है।

**वस्तुस्थिति यह है कि संचार क्रांति युग में जहां नारी चेतना, पुरुष प्रधान समाज से मुक्ति सहित नारी सशक्तिकरण का विमर्श समाज में बराबरी का दर्जा पाने के लिए मुखर है। नारी ऐसे मोड़ पर है, जो आधी अधूरी परम्पराओं को अपने मतानुसार निभाने के लिए किसी भी स्तर पर जा सकती है तथा पुरुष अस्तित्व को नकार कर मनमानी करने पर आमादा है।**

## सेहत मंत्र

# दिल के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है हरा धनिया


जब भी आप बाजार सब्जी लेने जाते हैं तो सब्जी वाले से धनिया मुफ्त में ले आते हैं और सब्जी के साथ मुफ्त में मिलने वाले धनिए पत्ते को अपनी सब्जी में डालकर अपने भोजन की शोभा बढ़ाते हैं। इस धनिए के पत्तों के कारण आपके हाथ का बनाया गया भोजन देखने में काफी लजीजदार लगता है। लेकिन अगर आप सोचते हैं कि यह हरा धनिया सिर्फ भोजन की प्रेजेंटेशन को बेहतरीन बनाने का काम करता है तो आप गलत हैं। तो चलिए आज हम आपको इससे मिलने वाले कुछ बेहतरीन लाभों के बारे में बताते हैं- धनिए से आपको बहुत से पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। इन पोषक तत्वों में थयमीन, जिंक, फाइबर, विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन ई, विटामिन के, विटामिन बी6, फोलेट, कैल्शियम, आयरन, मैग्नशियम, फास्फोरस, पोटेशियम, कापर और मैगनीज आदि मुख्य हैं। धनिए में मिलने वाले इन पोषक तत्वों के कारण ही इसका सेवन आपको बहुत सी बीमारियों में राहत दिलाता है। कुछ लोग अक्सर अपनी कमजोर याद्दाशत का रोना रोते हैं। अगर आप भी अपनी कमजोर याद्दाशत से परेशान हैं तो आपको धनिए को अपने आहार का मुख्य हिस्सा बनाना चाहिए। आप अपनी मेमोरी को बेहतर बनाने के लिए धनिया पाउडर को शहद में मिलाकर इसका सेवन करें। इससे आपकी स्मरण शक्ति अच्छी होती है। साथ ही अगर आप चाहें तो धनिए की चटनी बनाकर भी उसका सेवन कर सकते हैं। अगर आप अक्सर अपने पेट को लेकर परेशान रहते हैं। मसलन, आपको पेट में दर्द, कब्ज, पेट फूलना, इरिटेबल बाउल सिंड्रोम आदि समस्या हैं तो आपको धनिए का सेवन करना चाहिए। दरअसल, यह एक एंटीस्पास्मोडिक दवा की तरह काम करता है और लिवर के फंक्शन और बाउल मूवमेंट को बेहतर बनाने का काम करता है। धनिए को हृदय के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। दरअसल, इसमें कुछ एसिड जैसे लिनोलिक एसिड, ओलिक एसिड, पॉलीमिक एसिड, स्टेरिक एसिड और एस्कॉर्बिक एसिड आदि पाए जाते हैं जो रक्त में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में बहुत प्रभावी होते हैं।

## धर्म मंत्र

# कामाख्या मंदिर में स्थापित देवी से विवाह करने की इच्छा में मारा गया नरकासुर

कामाख्या मंदिर असम की राजधानी दिसपुर के पास गुवाहाटी से 8 किलोमीटर दूर कामाख्या में है। कामाख्या से भी 10 किलोमीटर दूर नीलाचल पवत पर स्थित है। यह मंदिर शक्ति की देवी सती का मंदिर है। मंदिर एक पहाड़ी पर बना है, और इसका तांत्रिक महत्व भी है। प्राचीन काल से कामाख्या तंत्र सिद्धि का सर्वोच्च स्थल माना जाता है। असम राज्य की नीलांचल या नीलशैल पर्वतमालाओं पर स्थित मां भगवती कामाख्या का सिद्ध शक्तिपीठ सती के इक्यावन शक्तिपीठों में सर्वोच्च स्थान रखता है। इसी स्थान पर भगवती की महामुद्रा अर्थत योनि-कुण्ड स्थित है। यहां देवी के गर्भ और योनि को मंदिर के गर्भगृह में रखा गया है। ऐसा कहा जाता है कि जून के महीने में इससे रक्त का प्रवाह होता है। मान्यता है की इस समय देवी रजस्वला होती है और इस दौरान यहां स्थित ब्रह्मपुत्र नदी लाल हो जाती है। इस अवधि में मंदिर 3 दिन तक बंद रहता है और इस लाल पानी को देवी के रज के रूप में भक्तों के बीच बांटा जाता है। कामाख्या के बारे में एक कथा प्रसिद्ध है कि घमंड में चूर असुरराज नरकासुर एक दिन मां भगवती कामाख्या को अपनी पत्नी के रूप में पाने का दुराग्रह कर बैठा था। कामाख्या महामाया ने नरकासुर की मृत्यु को निकट मानकर उससे कहा कि यदि तुम एक ही रात में नील पर्वत पर चारों तरफ पत्थरों के चार सोपान पथों का निर्माण कर दो और कामाख्या मंदिर के साथ एक विश्राम-गृह बनवा दो, तो मैं तुम्हारी इच्छानुसार पत्नी बन जाऊंगी और यदि तुम ऐसा न कर पाये तो तुम्हारी मृत्यु निश्चित है।

## पर्यटन



# जूनागढ़ में देखने को मिलती है देश की बहुमूल्य संस्कृति की झलक

गुजरात का जूनागढ़ शहर गिरनार पहाड़ियों के निचले हिस्से पर स्थित है। मंदिरों की भूमि जूनागढ़ गिरनार हिल की गोद में बसा हुआ है। यह मुस्लिम शासक बाबी नवाब के राज्य जूनागढ़ की राजधानी था। गुजराती भाषा में जूनागढ़ का अर्थ होता है प्राचीन किला। इस पर कई वंशों ने शासन किया। यहां समय-समय पर हिंदू, बौद्ध, जैन और मुस्लिम, इन चार प्रमुख धर्मों का प्रभाव रहा है। विभिन्न राजनीतिक और धार्मिक शाक्तियों के समन्वय के कारण जूनागढ़ बहुमूल्य संस्कृति का धनी रहा है। जूनागढ़ दो भागों में विभक?त है। एक मुख?य शहर है जिसके चारों ओर दीवारों से किलेबन?दी की गई है। दूसरा पश्चिम में है जिसे अपरकोट कहा जाता है। अपरकोट एक प्राचीन दुर्ग है जो शहर से बहुत ऊपर स्थित है। यह किला मौर्य और गुप्त शासकों के लिए बहुत मजबूत साबित हुआ क्योंकि इस किले ने विशिष्ट स्थान पर स्थित होने और दुर्गम राह के कारण पिछले 1000 वर्षों से लगभग 16 आक्रमणों का सफलतापूर्वक सामना किया। अपरकोट का प्रवेशद्वार हिंदू तोरण स्थापत्य कला का अच्छा नमूना है। बौद्ध गुफा और बाबा प्यारा की गुफा (दूसरी शताब्दी), अड़ी-काड़ी वाव, नवघन कुआं और जामी मस्जिद यहां के प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं। गिरनार जाने के रास्ते पर सम्राट अशोक द्वारा लगवाए गए शिलालेखों को देखा जा सकता है। ये शिलालेख विशाल पत?थरों पर उत?कीर्ण हैं। अशोक ने कुल चौदह शिलालेख लगवाए थे। इन शिलालेखों में राजकीय आदेश खुदे हुए हैं। इसके अतिरिक?त इसमें नैतिक नियम भी लिखे हुए हैं। ये आदेशपत्र राजा के परोपकारी व्यवहार और कार्यों का प्रमाणपत्र है। अशोक के शिलालेखों पर ही शक राजा रुद्रदाम के खुदवाये अभिलेखों को देखा जा सकता है। रुद्रदाम ने 150 ई. में तथा स्कंदगुप्त ने 450 ई. में ये अभिलेख खुदवाये थे। माना जाता है कि इस किले का निर्माण यादवों ने द्वारिका आने पर करवाया था (जो कृष्ण भगवान से संबंधित थे)।

# महादेवा महोत्सव : वैदेही का राम विषय पर अवधी संगीत सजी,नृत्य ने मन मोहा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी ।महोत्सव के मंच पर कारवां फाउंडेशन लखनऊ द्वारा वैदेही का राम विषय पर अवधी संगीत की संध्या सजाई गई जिसमें भगवान राम के विभिन्न भजनों पर कलाकारों ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया ।कार्यक्रम देख रहे दर्शकों ने खूब तालियां बजाई और वाह वाह करते रहे । यह कार्यक्रम काफी सराहा गया। कलाकारों द्वारा जब राजा जनक जी के बाग में अलबेला दूल्हा आयो री गाने पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया तो लोग जय श्री राम जय श्री राम कह उठे ।इसके बाद कलाकारों ने सिया जी बहिनिया हमार हो ,राम लगिहै पहुनवा गाने पर भी भाव भरा नृत्य प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों की टीम ने जब चारों दूल्हा में बड़का कमाल सखिया गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया तो लोग भगवान राम की भक्ति में डूब गए। टीम द्वारा घर लौटे रमैया गाने से कार्यक्रम का समापन किया गया। राम के रूप में अनंत शर्मा , सीता के रूप में अंशिका तिवारी का अभिनय खूब सराहा गया जबकि सहयोगी कलाकारों में पूजा पाठक मुस्कान गुप्ता श्वेता शुक्ला के अभिनय की भी सराहना हुई ।निर्देशक सूरज श्रीवास्तव रहे। रामनगर । मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों के कुशल संचालन का कार्य आशीष पाठक कर रहे हैं जो काफी पसंद किया जा रहा है। सधे सधाए अंदाज में उनका संचालन कार्यक्रमों को चार चांद लगा रहा है।

## महादेवा महोत्सव : दंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम



रामनगर बाराबंकी। सुप्रसिद्ध तीर्थ लोधेश्वर महादेवा महोत्सव मे दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का अध्यक्ष रामनगर रामशरण पाठक संजय तिवारी व हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत बाबा बलराम दास ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व पहलवानो का हाथ मिलाकर शुभारंभ किया। पहली कुश्ती नेपाल के लकी थापा व सूरज पहलवान के बीच हुई बड़े कांटे के मुकाबले में लकी थापा ने सूरज को चारों खाने चित किया। दूसरी कुश्ती मुल्तानी उन्नाव व मोनू दिल्ली के मध्य हुई जिसमें यह कुश्ती बराबर पर छूटी। तीसरा मुकाबला मोहम्मद परवेज सहारनपुर व धर्मेंद्र गोरखपुर के बीच हुवा जिसमें परवेज ने बाजी मारी। चौथा मुकाबला मोनू दिल्ली व गट्टू बस्ती के बीच मोनू ने बाजी मारी। पांचवा मुकाबला सोनू राजस्थान व मो0 भूरा जम्मू कश्मीर के बीच हुआ जिसमें मोहम्मद भूरा ने सोनू को चारों खाने चित किया। छठा मुकाबला साधु पहलवान बस्ती व मुल्तानी उन्नाव के बीच हुआ जिसमें मुल्तानी ने जीत हासिल की। सातवां मुकाबला अनिल नंदिनी नगर अयोध्या के बीच में हुआ जो बराबरी पर छूटा। आठवां मुकाबला अरुण पहलवान आगरा तथा नवाज अली पंजाब के बीच हुआ जिसमें मुकाबला बराबरी पर रहा। दंगल देखने को भारी जन सैलाब उमड़ पड़ा सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिए पुलिस को कड़ी मेब मस्कत करनी पड़ी। दंगल प्रतियोगिता में पहुंचे पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी का दंगल संयोजक मंडल द्वारा 21 किलो की माला पहनकर जोरदार स्वागत किया गया ।तथा पूर्व विधायक ने आखरी व सबसे बड़ी नवी कुश्ती जल्लाद पहलवान व थापा के बीच कराई जो बराबर का रहा। यह कुश्ती फाइनल के लिए दूसरे दिन तय की गई। इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मेला सचिव गूंजिता अग्रवाल क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत तहसीलदार विपुल कुमार सिंह नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश लेखपाल गुरशरण व संतोष पूर्व सभासद दयाशंकर तिवारी प्रधान बृजेश शर्मा प्रखर अवस्थी विकास सिंह रवि पांडे सोनू गुप्ता सहित भारी संख्या में गणमान्य जन रहे।

## भक्ति सुरों से महोत्सव महका, नवल किशोर मलिक ने बांधा समां



बाराबंकी। महोत्सव की सांस्कृतिक शाम में दिल्ली से पधारे पंडित नवल किशोर मलिक ने अपने मनभावन भजन–संगीत से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत ल्लप्रभु दाता सबकेङ्क जैसे भावपूर्ण भजन से की, जिसके बाद पंडित मलिक ने जब ल्लनटराज के नृत्यङ्क पर आधारित प्रस्तुति दी, तो पंडाल भोलेनाथ की आराधना में डूब गया। इसके उपरांत उन्होंने ल्लकैलाश निवासी नमो बारंबारङ्क की प्रस्तुति से श्रोताओं को शिव भक्ति के उजास में सराबोर कर दिया। भोजपुरी विरह गीत ल्लराह निहारे अंखियां पिया न आएंङ्क गाकर उन्होंने बिछोह की पीड़ा को सुरों में पिरो दिया। कार्यक्रम का समापन उन्होंने ल्लशिव कैलाशपतिङ्क भजन से किया, जिसने वातावरण को और अधिक आध्यात्मिक बना दिया। कार्यक्रम में तबले पर गौरव आनंद दुबे, गिटार पर ऋषिकेश मलिक और ऑटोपैड पर चंदन कुमार ने संगत दी, जबकि स्वरों में निकेश कुमार मलिक ने सहयोग किया।

# प्रकाश इंटर कॉलेज में जागरूकता का संकल्प एसडीएम ने छात्रों को बनाया लोकतंत्र का दूत

**एसआईआर, मतदान जागरूकता और जिम्मेदार नागरिकता पर छात्रों को दिलाई गई शपथ,**

**एसडीएम राजेश विश्वकर्मा ने पूरे समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़, बाराबंकी। प्रकाश इंटर कॉलेज में शुक्रवार को उप जिलाधिकारी श्री राजेश विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को एसआईआर (सोशल इम्पैक्ट रिपोर्ट ,सामाजिक उत्तरदायित्व) के महत्व से अवगत कराते हुए समाज में बढ़ती जिम्मेदार भूमिका निभाने का संदेश दिया। उन्होंने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के सभी छात्रऽछात्राओं को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजग रहने और अपने कर्तव्यों के निर्वहन हेतु शपथ भी दिलाई।एसडीएम ने कहा कि आज के युवा न केवल देश का भविष्य हैं, बल्कि वर्तमान समाज को बदलने की क्षमता भी रखते हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपने घर, पड़ोस और गांव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को अवश्य जागरूक करें। उन्होंने कहा कि ल्ललोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब हर नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग पूरी जिम्मेदारी से करे। आप सभी युवा समाज में सकारात्मक परिवर्तन के दूत बनें।ङ्क कार्यक्रम के दौरान एसडीएम ने यह भी बताया कि एसआईआर के माध्यम से विद्यार्थी अपने आसपास की सामाजिक समस्याओं को पहचानकर उनके समाधान में सहयोग कर सकते हैं चाहे वह स्वच्छता का मुद्दा हो, महिला सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण या मतदान जागरूकता। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूलों में जागरूकता की शुरुआत होती है और यही जागरूकता आगे पूरे गांव और समाज को दिशा देती है।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक पंकज यादव, प्रधानाचार्य पशुपतिनाथ पांडे, वरिष्ठ प्रवक्ता अनुराग पांडे, सहित सभी विद्वान प्रवक्ता गण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से यह संकल्प व्यक्त किया कि विद्यालय समाजिक जागरूकता के प्रसार में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाएगा।

# अक्षरा सिंह ने रचा सुरों का उत्सव, महादेवा महोत्सव की रात बनी अविस्मरणीय

## भोजपुरी धुनों, भक्ति–संगीत और धमाकेदार प्रस्तुतियों ने बांधा समां, पंडाल से बाहर तक उमड़ा जनसैलाब



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। महादेवा महोत्सव की पावन रात शनिवार को एक ऐसा संगीतमय पर्व बन गई, जिसने रामनगर को सुर-ताल के उत्सव में डुबो दिया। भोजपुरी सिनेमा की चर्चित व लोकप्रिय कलाकार अक्षरा सिंह ने अपनी जोशीली प्रस्तुतियों से हजारों की भीड़ को देर रात तक मंत्रमुग्ध कर दिया। पंडाल खचाखच भरा रहा, और बाहर तक खड़े दर्शक तालियों व उल्लास के साथ कार्यक्रम का आनंद उठाते रहे।

भक्ति से शुरुआत, भावनाओं से भरा मंच

अक्षरा सिंह ने मंच पर आते ही शिव स्तुति और हनुमान भजन के साथ कार्यक्रम का दिव्य प्रारंभ किया। उनके सुरों की अनुगूँज से पूरे परिसर में आध्यात्मिकता और शांति का अद्भुत संगम नजर आया। देवी गीतों की श्रृंखला ने लोधेश्वर महादेव की भूमि को भक्ति रस से भर दिया।हजारों श्रोताओं में बैठी महिलाएँ, युवा, बुजुर्ग–सबकी भावनाओं में एक अनोखी ऊर्जा थी, जिसकी चमक उनके उत्साह में साफ दिखाई दे रही थी।

सुपरहिट गीतों ने बढ़ाया जोश, झूम उठा पंडाल

जैसे ही अक्षरा ने अपनी लोकगीत और फोक स्टाइल की लोकप्रिय धुनों का सिलसिला शुरू किया, महोत्सव में उत्साह चरम पर पहुँच गया।

ल्लतू लौंग मैं लाचीङ्क, ल्लतेरे पीछे आ गवाचीङ्क और ल्लबाली करके इशारा बुलावे सजनाङ्क जैसे गीतों पर पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सबसे ज्यादा उत्साह तब देखने को मिला जब उन्होंने अपना सुपरहिट गीत ल्लसइयां जी के वेट से बुलेट करे ठांय-ठांयङ्क गाया। पूरे मंच के सामने लोग नाचते, मोबाइल फ्लैश ऑन करते और संगीत की धुनों पर थिरकते रहे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर किसी के चेहरे पर खुशी छलक रही थी।

सह-कलाकारों ने भरा ऊर्जा का रंग, दर्शकों ने खूब सराहा

मंच पर उनके साथ जुड़े नृत्य कलाकार–अंकुर सिंह, आयुष राजपूत, हेमंत, अरुण, माही शर्मा, रोहित, वर्तिका सिंह, तनु सिंह, निशा कुमारी और आराध्या–ने ऊर्जा से भरपूर प्रस्तुति देकर माहौल को और जीवंत बना दिया। वहीं गायक अलबेला की मौजूदगी और इवेंट टीम से मनमीत सिंह, विशाल सिंह और अंकुर ने प्रस्तुति को और भी मनोरंजक व दिलकश बना दिया।

दर्शकों का प्रेम बना कार्यक्रम की सबसे बड़ी ताकत

कार्यक्रम में दर्शकों की भीड़ इतनी बढ़ गई कि पंडाल भरने के बाद लोग बाहर खड़े होकर भी गीतों का आनंद लेते रहे। कई परिवार बच्चों के साथ देर रात तक कार्यक्रम स्थल पर डटे रहे। सुर, ताल और रोशनी के इस मनोरम संगम ने महोत्सव की रात को एक यादगार उत्सव में बदल दिया।

त्रिदेव म्यूजिकल ग्रुप का उत्कृष्ट संयोजन

इस शानदार कार्यक्रम के संयोजक त्रिदेव म्यूजिकल ग्रुप के डायरेक्टर अमित तिवारी रहे, जिन्होंने मंच संचालन से लेकर प्रकाश व्यवस्था, कलाकार संयोजन और प्रस्तुति क्रम तक हर पहलू को आकर्षक बनाया। उनकी टीम की मेहनत और बेहतरीन प्रबंधन ने इस रात को सफल और अविस्मरणीय बनाने में अहम भूमिका निभाई। बता दें कि महादेवा महोत्सव की यह संगीत-भरी शाम दर्शकों की यादों में लंबे समय तक गूंजती रहेगी–एक ऐसी रात, जिसमें भक्ति, भोजपुरी संगीत और उल्लास का संगम अपने चरम पर था।

दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शरद अवस्थी, एसडीएम सुश्री गुंजिता अग्रवाल, तहसीलदार विपुल सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके उपरांत मोमेंटो भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता आशीष पाठक ने किया।

# बोरिंग विवाद में आत्मदाह आहत शख्स ने खुद को लगाई आग, हालत गंभीर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । कोठी थाना क्षेत्र के उस्मानपुर गांव में दो सगे भाइयों के बीच एक मामूली बोरिंग की जगह को लेकर चल रहा विवाद शनिवार को एक भयावह त्रासदी में बदल गया। पुलिस द्वारा उचित और समय पर कार्रवाई न करने से क्षुब्ध होकर नागेश्वर यादव (पुत्र सुंदर) ने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। वह देखते ही देखते बुरी तरह झुलस गया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

50 मिनट तक नहीं पहुंची मदद: लापरवाही या प्रशासनिक शिथिलता?

गंभीर रूप से झुलसे नागेश्वर को बचाने के लिए ग्रामीणों ने अथक प्रयास किया, लेकिन जब सबसे ज़्यादा ज़रूरत थी, तब सरकारी मदद नदारद थी। ग्रामीणों का आरोप है कि 112 पुलिस और 108 एंबुलेंस को कई बार कॉल करने के बावजूद करीब 50 मिनट तक कोई सहायता नहीं पहुंची।

गांववालों किसान नेता मोहम्मद रईस ने अपने निजी वाहन से नागेश्वर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी पहुंचाया। उनकी नाजुक हालत को देखते हुए, डॉक्टरों ने तत्काल उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिर उन्हें जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने लखनऊ सिविल हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया जहां पर उनकी हालत अभी नाजुक बनी हुई है ।

### क्या है पूरा मामला: भाई और भतीजे पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप

लखनऊ में मजदूरी करने वाले नागेश्वर इस विवाद के कारण शुक्रवार को ही घर लौटे थे। यह विवाद उनके सगे भाई शंकर और भतीजे सोनू से बोरिंग की जगह को लेकर चल रहा था।

नागेश्वर का आरोप था कि शंकर और सोनू ने जानबूझकर उनकी दीवार से सटाकर बोरिंग करा रहे है, जिससे उनकी दीवार गिरने के खतरे में है।

उन्होंने इसकी शिकायत कोठी पुलिस थाने में भी की थी।

शनिवार सुबह 11 बजे जब पुलिस गांव पहुंची, तो नागेश्वर का दावा है कि पुलिस ने उल्टा उन्हें ही डांटकर भगा दिया और दूसरे पक्ष को बोरिंग जारी रखने के लिए कह दिया।

पुलिस के इस रवैये से गहरे आहत नागेश्वर ने घर पहुंचकर यह आत्मघाती कदम उठाया।

परिवार का दर्द: ''पिता को आत्महत्या के लिए मजबूर किया गया''

नागेश्वर की पत्नी, बेटियां पल्लवी–काजल और बेटा पवन जब अस्पताल पहुंचे, तो उनका रुदन देखकर हर कोई सिहर उठा।

### पत्नी और बेटियों ने रोते हुए आरोप लगाया:

शंकर और सोनू ने मिलकर हमारे पिता को आत्महत्या के लिए मजबूर किया। अगर पुलिस ने समय पर और सही कार्रवाई की होती, तो पिताजी यह कदम कभी नहीं उठाते।

मौके पर हृदय विदारक दृश्य:

छोटी बेटी काजल का रो–रोकर बुरा हाल था, उसके मुंह से बस एक ही शब्द निकल रहा था, ल्लमेरे पिता को कोई बचा ले...ङ्क वहीं, पुत्र पवन की आँखें पथरा गई थीं। एक तरफ वह झुलसे हुए पिता को देख रहा था, तो दूसरी तरफ बेसुध माँ को संभालने की कोशिश कर रहा था।

### पुलिस का पक्ष: 'जांच जारी है, दोषी पर होगी सख्त कार्रवाई'

इस गंभीर घटना पर थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया ने अपना पक्ष रखा। उन्होंने बताया, ल्लबोरिंग विवाद की सूचना पर पुलिस गांव भेजी गई थी। यदि नागेश्वर हमारे एक्शन से संतुष्ट नहीं थे, तो उन्हें दोबारा शिकायत करनी चाहिए थी। पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है, और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# महंत बलराम दास की उपस्थिति में पहलवानों ने आजमाए दाव–पेंच

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। जनपद बाराबंकी के रामनगर स्थित श्री लोधेश्वर महादेव धाम में महादेवा महोत्सव 2025 के तहत आयोजित दंगल प्रतियोगिताओं का रोमांच लगातार बढ़ता जा रहा है। महोत्सव के छठे दिवस पर अयोध्या धाम से पधारे महंत श्री श्री 1008 बाबा बलराम दास जी महाराज, ब्लॉक प्रमुख संजय कुमार तिवारी तथा नगर पंचायत चेयरमैन रामशरण पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और दंगल का शुभारंभ किया। महंत श्री की मौजूदगी में प्रथम कुश्ती नेपाल के लकी थापा और आगरा के सूरज पहलवान के बीच हुई, जिसमें शानदार मुकाबले के बाद लकी थापा विजयी रहे। इसके बाद धर्मेंद्र पहलवान गोरखपुर व परवेज पहलवान सहारनपुर के बीच हुई कुश्ती रोमांचक रही। इसके उपरांत बस्ती के गट्टू पहलवान और दिल्ली के मोनू पहलवान के बीच जोरदार मुकाबला हुआ, जिसका शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख संजय कुमार तिवारी ने किया। इस लड़ाई में दिल्ली के मोनू पहलवान विजयी रहे। इसी प्रकार कई कुश्ती शनिवार को हुई। छठे दिवस के दंगल में कई बड़े नाम शामिल हुए– राष्ट्रीय एनाउंसर हनुमान जायसवाल, कमेंटेटर कालू पहलवान, जल्लाद सिंह, नवाज अली, शमशेर, अरुण (आगरा), भूरा (जम्मू-कश्मीर), मुल्तानी (कानपुर), मोहसिन (मेरठ), सूरज (आगरा) और मनीष (राजस्थान)। महंत बाबा बलराम दास के प्रिय शिष्य सौरभ दास भी अपनी टीम के साथ विशेष प्रतिभाग कर रहे हैं। दंगल मैदान में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई। इस अवसर पहलवान सौरभ दास, हनुमान जायसवाल एसआई वीरपाल सिंह, इंस्पेक्टर संजय सिंह, कांस्टेबल सुजीत कुमार सहित पुलिस बल तैनात रहा। सुरक्षा के लिए ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई और फायर ब्रिगेड टीम भी मौके पर मौजूद रही।

# एसआइआर ! सामंजस्य अभाव मतदाता व बीएलओ के बीच विवाद का दौर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। एसआईआर प्रपत्र के वितरण में आपाधापी और देरी को लेकर मतदाताओं तथा बीएलओ बीच कहा सुनी का दौर शुरू हुआ है। मतदाताओं को बीएलओ ढूंढे नहीं मिल रहे। परिवार के किसी एक व्यक्ति को फॉर्म मिल भी जाता है तो अन्य सदस्य भाग दौड़ करते फिरते हैं। किसी भी मतदाता को फॉर्म भरने का तरीका बीएलओ नहीं बता रहे। सब राम भरोसे चल रहा है। जिम्मेदार अधिकारी आमजन की समस्या सुनने और सुलझाने के बजाय बीएलओ ही के पक्ष में खड़े दिखाई देते हैं। कब फॉर्म मिलेंगे कब भरे जाएंगे को लेकर अफरा तफरी मची है। सिरौली गौसपुर तहसील के थाना बदोसराय क्षेत्र में बीएलओ और उनके पति से अभद्रता करने के आरोप में दो भाइयों को जेल भेज दिया गया है। जहां आपसी तालमेल होना चाहिए तो वहां अफसर शाही हावी होती दिखाई दे रही। आमजन की समस्या सुनने के बजाय बेलगाम नौकरशाही पीड़ित जनों का मुंह बंद करने पर तुल पड़ी है। हमारे सिरौली गौसपुर प्रतिनिधित्व के रिपोर्ट मुताबिक उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने शांति व्यवस्था भंग की आशंका के दृष्टिगत यह कार्रवाई की। घटना है ग्राम किंतूर की।

## मत्स्य उद्योग से किसानों को दी गई तकनीकी सलाह

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में उपलब्ध जलीय परिसंपत्तियों का संरक्षण, मत्स्य उद्योग में लगे किसानों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं टिकाऊ मत्स्य पालन के संकल्प के साथ कस्बा जैद पुर में विश्व मत्स्य दिवस समारोह आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रीय मत्स्य पालकों ने प्रतिभाग किया द्य समारोह को संबोधित करते हुए जनपद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, अच्छे लाल निषाद ने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी, तथा मौके पर दो योजनाओं में पंजीकरण कार्य भी संपादित कराया द्य उपरोक्त के अतिरिक्त समारोह को मत्स्य क्षेत्र में अग्रणी रत्नेश मोहन, मत्स्य रोग विशेषज्ञ डा. गोविंद सिंह, मत्स्य निरीक्षक हेमंत वर्मा एवं विवेक निगम द्वारा संबोधित किया गया और तकनीकी विषयों पर जानकारी दी द्य कार्यक्रम के दौरान एनएफडीपी पोर्टल पर तमाम किसानों का पंजीकरण, तथा मछुआ दुर्घटना बीमा के प्रमाण पत्र भी वितरण किए गए द्य अंत में कार्यक्रम के आयोजक समशुल हक द्वारा सभी किसानों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया

## महादेवा महोत्सव छठा दिवस, पीयूष म्यूजिकल ग्रुप ने बांधा समां

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। महादेवा महोत्सव की छठी शाम सांस्कृतिक संध्या ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अगुवाई टीम लीडर पीयूष मिश्रा ने की। उनकी टीम पीयूष ब्रदर्स म्यूजिकल ग्रुप ने सुरीली गायकी और ऊर्जा से भरे संगीत से ऐसा समां बांधा कि पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। संध्या की शुरुआत भक्ति भाव से ओतप्रोत गीत ल्लदूल्हा बने हैं बाबा उज्जैन की नगरीङ्क से हुई। इसके बाद सिंगर शिवा भारती ने ल्लमैं दोगनी शिव शंकर कीङ्क और लोकप्रिय गीत ल्लमेरे रश्के क़मरङ्क प्रस्तुत कर माहौल को और रोमांचक बना दिया। अंत में उनका गीत ल्लतुम्हे दिल्लगी भूल जानी पड़ेगीङ्क कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण साबित हुआ। मंच पर म्यूजिशियन दुर्गेश वर्मा, नरोत्तम त्रिपाठी और शान यदुवंशी की तालऽलय ने सभी प्रस्तुति को और प्रभावी बनाया।

## ऑटो सेल्स कंपनी का एजेंट लाखों लेकर फरार,तलाश में जुटी पुलिस

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली जनपद में कोतवाली क्षेत्र स्थित ग्रोवर ऑटो सेल्स एलएलपी में अस्थाई रूप से नियुक्त एक कमीशन एजेंट लाखों रुपये लेकर फरार हो गया। कंपनी प्रबंधक की तहरीर पर शनिवार को कोतवाली थाना में आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली इंस्पेक्टर सुरेश गौतम ने बताया कि तहरीर के अनुसार अंकित कुमार सक्सेना को कंपनी ने सीएसए कमीशन सेल्स एजेंट के रूप में नियुक्त किया था। कुछ दिन पहले निमित नाम के ग्राहक ने अपनी गाड़ी की डिलीवरी और अंकित के व्यवहार को लेकर जानकारी मांगी। जांच में सामने आया कि ग्राहक ने 1 लाख 31,000 रुपये की बुकिंग राशि सीधे अंकित को दी थी, जो कंपनी के खाते में जमा नहीं की गई। इसके बाद दो अन्य ग्राहकों गीता पाल और अभिनव परमार ने भी 92,000 रुपये दिए थे, जबकि मोहम्मद शकील ने 4,000 रुपये की भुगतान की पुष्टि की। आरोप है कि कुल 2.27 लाख रुपये की रकम आरोपित अंकित ने अपने पास रख ली।

इस संबंध में फर्म प्रबंधक का कहना है कि आरोपित अंकित की बहन प्राची सक्सेना उर्फ साक्षी की भूमिका भी संदिग्ध लग रही है। कोतवाली इंस्पेक्टर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और तथ्य सामने आने पर आगे की कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# राष्ट्र संचालन पवित्र ग्रन्थ देश की आत्मा है संविधान : अनिल पाण्डेय

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी।अधिवक्ता परिषद अवध प्रान्त की बाराबंकी जिला इकाई द्वारा तहसील इकाई के सहयोग से सिरौली गौसपुर तहसील बार एसो. सभागार में संविधान दिवस का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में पधारे अवध प्रान्त के उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि संविधान देश की आत्मा है तथा देश को संचालित करने का पवित्र ग्रंथ है,उन्होंने कहा कि हम सभी को संविधान प्रदत व्यवस्था का पालन करना चाहिए। श्री पाण्डेय ने कहा कि संविधान ने जहां हम आप सब को अधिकार दिए हैं तो वहीं कर्तव्य भी बताए हैं।उन्होंने उपस्थित लोगों को संविधान रक्षा की शपथ भी दिलाई।

वरिष्ट समाजसेवी ,भाजपा नेता सिद्धार्थ अवस्थी ने कहा कि अधिवक्ता परिषद का संगठन विश्व का सबसे बड़ा संगठन है और भारत का संविधान विश्व का सर्व श्रेष्ठ संविधान है। अधिवक्ता परिषद जिला इकाई के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी एडवोकेट ने कहा कि सुदृढ़ संविधान की बदौलत आज भारत का मान सम्मान विश्व पटल पर ऊंचाइयों पर है।तहसील सिरौली गौसपुर बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष काशी प्रसाद द्विवेदी की अध्यक्षता तथा जिला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पवन मिश्रा के संचालन में हुए इस संविधान दिवस समारोह को एल्डर कमेटी के चेयर मैन एवम पूर्व अध्यक्ष तहसील बार एसो बहोरी प्रसाद शुक्ला,पूर्व बार एसो अध्यक्ष शिव वरदान सिंह,पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह,पूर्व अध्यक्ष राम प्रसाद वर्मा,दीपक दास ,अब्दुल अहद,दीपू बाजपेई,सुनील द्विवेदी,सुशांत शुक्ला,आकाश त्रिपाठी,काली प्रसाद यादव, अरविन्द यादव,जगदेव रावत,प्रहलाद वर्मा,राजीव वर्मा, बालचन्द,प्रकाश तिवारी राणा,जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा वा जिला कोषाध्यक्ष रवि रंजन श्रीवास्तव आदि ने विचार विचार रखें।इस अवसर पर तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष काशी प्रसाद द्विवेदी वा महामंत्री रामहृदय यादव सहित पूरी कार्यकारिणी वा मीडिया कर्मियों को अंग वस्त्र,डायरी,पेन माला भेंट कर सिद्धार्थ अवस्थी की ओर से अधिवक्ता परिषद जिला इकाई द्वारा सम्मानित किया गया।अंत में अध्यक्षता कर रहे तहसील बार एसो अध्यक्ष काशी प्रसाद द्विवेदी ने आभार व्यक्त किया।

# कुलदीप के तीन विकेटों ने भारत की कराई वापसी

एजेंसी

गुवाहाटी। कुलदीप यादव (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों ने दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के 247 के स्कोर पर छह विकेट झटककर भारत की मैच में वापसी करा दी। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए एडन मारक्रम और रायन रिकलटन की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 82 रन जोड़े। भारत को पहली सफलता जसप्रीत बुमराह ने 27वें ओवर में एडन मारक्रम को आउटकर दिलाई। मारक्रम ने 81 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 38 रन बनाये। चायकाल से ठीक पहले जसप्रीत बुमराह ने उन्हें बोल्ड आउट किया। इस टेस्ट मैच में चायकाल, लंच से पहले लिया गया है। चायकाल के बाद पहले ही ओवर में कुलदीप यादव ने रायन रिकलटन को आउटकर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। रायन रिकलटन ने 82 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए 35 रन बनाये। भोजनकाल तक दक्षिण अफ्रीका ने दो विकेट पर 156 रन बना लिये थे। टेम्बा बावुमा और ट्रिस्टन स्टब्स की जोड़ी ने तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। भोजनकाल के बाद 58वें ओवर मे रवींद्र जडेजा ने टेम्बा बावुमा को यशस्वी जयसवाल के हाथों कैच आउट करा भारत को तीसरी सफलता दिलाई। टेम्बा बावुमा ने 92 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 41 रन बनाये। इसके बाद अपने अर्धशतक की ओर बढ़ रहे ट्रिस्टन स्टब्स को कुलदीप यादव ने अपना शिकार बना लिया। ट्रिस्टन स्टब्स ने 112 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 49 रनों की पारी खेली। वियान मुल्डर 13 रन बनाकर कुलदीप का शिकार बने। खराब रौशनी के कारण दिन का खेल निर्धारित समय से पहले समाप्त होने के समय दक्षिण अफ्रीका ने 81.5 ओवर में छह विकेट पर 247 रन बनाये लिये है और सेनुरन मुथुसामी (नाबाद 25) और काइल वेरेन (नाबाद एक) क्रीज पर मौजूद थे। दिन का अखिरी विकेट मोहम्मद सिराज ने टोनी डीजॉर्जी को आउटकर हासिल किया। टोनी डीजॉर्जी ने 59 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 28 रन बनाये।




# माहित संधू ने 50मी राइफल 3 पोजीशन में जीता गोल्ड जीता, डेफलंपिक्स में उनका चौथा मेडल

एजेंसी

टोक्यो। भारत की माहित संधू ने टोक्यो में अपने पहले समर डेफलंपिक्स में महिलाओं के 50मी राइफल 3 पोजीशन इवेंट में गोल्ड मेडल जीता, जिससे उनके मेडल की संख्या चार हो गई। कड़े मुकाबले वाले फाइनल में, माहित ने 45 शॉट के बाद कुल 456.0 का स्कोर बनाया और गेम्स में अपना दूसरा गोल्ड मेडल जीता। साउथ कोरिया की डेन जियोंग ने 453.5 के फाइनल स्कोर के साथ सिल्वर मेडल जीता, जबकि हंगरी की मीरा ज़ुज़ाना बियातोव्स्की ने 438.6 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज़ मेडल जीता। माहित ने फाइनल तक पहुंचने के दौरान डेफ क्वालिफिकेशन वर्ल्ड रिकॉर्ड और डेफलंपिक्स वर्ल्ड रिकॉर्ड भी तोड़ा। क्वालिफिकेशन में माहित ने नीलिंग में 194, प्रोन में 198 और स्टैंडिंग में 193 स्कोर के साथ 585-31x शॉट लगाए, जिससे उन्होंने पिछले साल हनोवर में वर्ल्ड डेफ शूटिंग चैंपियनशिप में बनाया गया अपना ही 576 का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया। कॉम्पिटिशन में दूसरी भारतीय नताशा जोशी ने 566-12x के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। वह 417.1 के स्कोर के साथ फाइनल में पांचवें स्थान पर रहीं। फाइनल में माहित नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग सीरीज के दस शॉट पूरे करने के बाद टॉप पर थीं। 41वें शॉट में, माहित ने 9.4 और डेन जियोंग के 10.1 ने कोरियाई खिलाड़ी को बढ़त दिलाई, लेकिन माहित ने ज़ोरदार वापसी की और अपने बाकी चारों शॉट 10 में मारकर गोल्ड मेडल पक्का कर लिया। भारतीय शूटर्स ने अब तक डेफलंपिक्स में 14 मेडल जीते हैं, जिसमें पांच गोल्ड, छह सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। अभिनव देशवाल और चेतन हनमंत सपकाल कल 25मी पिस्टल इवेंट में एक्शन में होंगे।



# भारत और पाकिस्तान टी20 विश्व कप के एक ही ग्रुप में

एजेंसी

दुबई। भारत और श्रीलंका, जो अगले साल की शुरुआत में ट्वेंटी20 वर्ल्ड कप के संयुक्त मेजबान हैं, उन्हें अलग-अलग ड्रॉ मिले हैं। टॉप रैंक वाली भारत को, यकीनन, एक आसान क्लस्टर में रखा गया है - कुछ ऐसा जो पाकिस्तान भी क्लेम कर सकता है - लेकिन श्रीलंका शायद उतना लकी महसूस न करे। आइलैंड देश (आईसीसी रैंकिंग में नंबर 8) को तीन और फुल-मेंबर टेस्ट खेलने वाली टीमों - ऑस्ट्रेलिया (नंबर 2), ज़िम्बाब्वे (नंबर 11) और आयरलैंड (नंबर 12) - के साथ ओमान (नंबर 20) के साथ ग्रुप में रखा गया है। यह ग्रुप ऑफ डेथ हो सकता है। दूसरी ओर, भारत और पाकिस्तान (नंबर 7) ही अपने ब्रैकेट में टेस्ट खेलने वाले देश हैं, जबकि नीदरलैंड्स (नंबर 13), नामीबिया (नंबर 15) और अमेरिका (नंबर 18) पांच टीमों की लाइनअप को पूरा करते हैं। हर पूल से दो टीमें सुपर आठ स्टेज के लिए क्वालीफाई कर रही हैं, इसलिए चैंपियनशिप के दूसरे वीकेंड - 15 फरवरी को होने वाले अपने ब्लॉकबस्टर मुकाबले में नतीजे चाहे जो भी हों, कट्टर दुश्मनों के लिए अगले राउंड में पहुंचना आसान होना चाहिए। बेशक, यहां एक डिस्क्लेमर जोड़ना जरूरी है: पाकिस्तान 2024 के पिछले एडिशन में अमेरिका से हार गया था। पांच-पांच टीमों के चार ग्रुप हैं, और यह कहा जा सकता है कि शुरुआती स्टेज में कई 'ग्रुप ऑफ डेथ' हैं। इंग्लैंड (नंबर 3) और वेस्टइंडीज (नंबर 6), दोनों पूर्व चैंपियन, बांग्लादेश (नंबर 9) के साथ हैं - जो एक पूर्ण सदस्य और एक मजबूत टीम है, खासकर सबकॉन्टिनेंटल कंडीशन में। तीनों को नेपाल (नंबर 17) के साथ ग्रुप में रखा गया है और वे दुनिया की 28वीं रैंक वाली टीम इटली के साथ हैं। रनर-अप साउथ अफ्रीका (नंबर 5) भी एक मुश्किल क्लस्टर में है। थ्योरी के हिसाब से, उन्हें अगले राउंड में पहुंचने के लिए न्यूज़ीलैंड ( 4) या अफ़गानिस्तान (10) में से कम से कम एक को हराना होगा - टी20 क्रिकेट में ये दोनों टीमें आसान नहीं होतीं - खासकर यह देखते हुए कि वे 7 फरवरी से 8 मार्च तक होने वाली चैंपियनशिप में अपने ग्रुप की दूसरी दो टीमों, यूएई (16) और कनाडा (18) के खिलाफ़ आसान समय की उम्मीद कर सकते हैं। भारत अपना वर्ल्ड कप कैंपेन अमेरिका के खिलाफ शुरू करेगा, उसके बाद नामीबिया, पाकिस्तान और नीदरलैंड्स के खिलाफ लीग मैच होंगे। पहले से तय एग्रीमेंट के मुताबिक, भारत-पाकिस्तान का बड़ा मैच कोलंबो में खेला जाएगा। जैसा कि क्रिकबज ने पहले बताया था, भारत में मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली और अहमदाबाद ऐसे शहर हैं जो मैचों की मेजबानी करेंगे। श्रीलंका में, कोलंबो के दो इंटरनेशनल ग्राउंड के अलावा कैंडी भी एक वेन्यू होगा।

# दो दिन में सिमटे टेस्ट में ट्रैविस हेड का शतक, ऑस्ट्रेलिया जीता

एजेंसी

पर्थ। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पहले एशेज टेस्ट में दो दिन में आठ विकेट से पराजित कर दिया। ट्रैविस हेड (122) के शानदार शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 205 रनों का लक्ष्य दो विकेट खोकर 28.2 ओवर में हासिल कर लिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली।

इंग्लैंड को दूसरी पारी में 164 रन पर समेटने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने लक्ष्य 28.2ओवर में दो विकेट पर 205 रन बनाकर हासिल कर लिया। ट्रैविस हेड ने दो दिनों में विकेटों के पतझड़ के बीच जर्बदस्त बल्लेबाजी का नजारा पेश करते हुए सिर्फ 83 गेंदों में 16 चौकों और चार छक्कों की मदद से 122 रन बनाये। मार्नस लाबुशेन ने 49 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 51 रन बनाकर ट्रैविस हेड का अच्छा साथ दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 117 रनों की मैच विजयी साझेदारी की। लाबुशेन के साथ कप्तान स्टीव स्मिथ दो रन पर नाबाद रहे।

पहले दिन 19 विकेट गिरने के बाद दूसरे दिन आज 13 विकेट गिरे, लेकिन ट्रैविस हेड ने जमकर बल्लेबाजी की और अपना 10वां टेस्ट शतक बनाया। शतक पूरा करने के बाद हेड ने दो ओवरों में पांच चौके मारे। हेड को ब्राइडन कार्स ने ऑली पोप के हाथों कैच आउट कराया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया का एक अन्य विकेट जेक वेदरॉल्ड के रूप में गिरा। वह 34 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 23 रन बनाकर आउट हुये। हालांकि हेड और वेदरॉल्ड ने पहले विकेट के लिए 11.3 ओवर में 75 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को ठोस शुरुआत दी।

इससे पहले इंग्लैंड की दूसरी पारी में स्कॉट बोलैंड ने 33 रन पर चार विकेट, मिचेल स्टॉर्क ने 55 रन पर तीन विकेट और ब्रेंडन डॉगेट ने 51 रन पर तीन विकेट लेकर मेहमान टीम को 34.4 ओवर में 164 रन पर ढ़ेर कर दिया। इंग्लैंड की तरफ से गस एटकिंग्सन ने सर्वाधिक 33, ऑली पोप ने 33 और बेन डकेट ने 28 रन बनाये। ब्राइडन क्रास ने 20 और जेमी स्मिथ ने 15 रन का योगदान दिया।

इससे पूर्व ऑस्ट्रेलिया ने कल के नौ विकेट पर 123 रन से आगे खेलना शुरु किया और उसकी पहली पारी 132 रन पर सिमटी। इंग्लैंड को पहली पारी में 40 रनों की बढ़त हासिल हुई लेकिन दूसरी पारी में उसके बल्लेबाजों के समर्पण से उसे हार का सामना करना पड़ा।




## संक्षिप्त समाचार

### ठाकुर करेंगे सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई का नेतृत्व, सूर्यकुमार, सरफराज और दुबे भी टीम में

**मुंबई।** शार्दुल ठाकुर सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में मुंबई की कप्तानी करेंगे जिसकी 17 सदस्यीय टीम में भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव, सरफराज खान और शिवम दुबे भी शामिल हैं। मुंबई इस प्रतियोगिता की गत विजेता है। उसने पिछले वर्ष श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में यह खिताब जीता था, जो वर्तमान टीम का हिस्सा नहीं हैं। टीम में अजिंक्य रहाणे भी शामिल हैं। टीम में विकेटकीपर के रूप में अंगकृष रघुवंशी और हार्दिक तमोर शामिल हैं। तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे और तनुश कोटियन भी टीम में हैं। इस सत्र में रणजी ट्रॉफी के पहले चरण में अब तक पांच मैचों में तीन शतक और एक अर्धशतक की मदद से 530 रन बनाने वाले सिद्धेश लाड को भी टीम में शामिल किया गया है। सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी का एलीट डिवीजन 26 नवंबर से 18 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता का पहला दौर लखनऊ, हैदराबाद, अहमदाबाद और कोलकाता में खेला जाएगा, जबकि नॉकआउट दौर इंदौर में होगा। मुंबई की टीम टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में 26 नवंबर को लखनऊ में रेलवे के खिलाफ खेलेगी। टीम: शार्दुल ठाकुर (कप्तान), हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), अंगकृष रघुवंशी (विकेटकीपर), अजिंक्य रहाणे, आयुष म्हात्रे, सूर्यकुमार यादव, सरफराज खान, सिद्धेश लाड, शिवम दुबे, साईराज पाटिल, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, अथर्व अंकोलेकर, तनुष कोटियन, शम्स मुलानी, तुषार देशपांडे, इरफान उमैर।

### एसीए स्टेडियम को टेस्ट स्थल बनते देख गर्व महसूस हो रहा है: हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुवाहाटी के भारत के 30वें टेस्ट स्थल बनने पर खुशी व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा कि इससे युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैच की श्रृंखला का दूसरा एवं अंतिम टेस्ट मैच यहां खेला जा रहा है। सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''गुवाहाटी ने इतिहास रच दिया है! एसीए स्टेडियम को भारत का 30वां टेस्ट स्थल बनते देख गर्व हो रहा है, जिसने असम की क्रिकेट को अपने चरम पर पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा, ''यह क्षण अनगिनत युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करेगा और हमारी खेल महत्वाकांक्षाओं को और भी ऊंचा उठाएगा। असम के लिए एक नई पारी।

### पूर्व विश्व चैंपियन गोलोवकिन वर्ल्ड बॉक्सिंग के नए अध्यक्ष बने

**वाशिंगटन।** पूर्व विश्व चैंपियन गेनाडी गोलोवकिन विश्व मुक्केबाजी की सर्वोच्च संस्था वर्ल्ड बॉक्सिंग के नए अध्यक्ष चुने गए हैं। कजाकिस्तान के रहने वाले गोलोवकिन को वर्ल्ड बॉक्सिंग के अध्यक्ष पद के लिए यूनान के हरिलाओस मारिओलिस के खिलाफ चुनाव लड़ने की उम्मीद थी, लेकिन संगठन ने शुक्रवार को कहा कि जांच प्रक्रिया के बाद वह एकमात्र योग्य उम्मीदवार पाए गए हैं। गोलोवकिन ने एक प्रतिनिधि के माध्यम से जारी बयान में कहा, ''मुझे सूचित किया गया है कि अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल एकमात्र अन्य उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया गया है। उन्होंने कहा, ''मैं वर्ल्ड बॉक्सिंग के स्वतंत्र जांच पैनल के काम की सराहना करना चाहूंगा, जिसने यह सुनिश्चित करने में मदद की कि सभी चुनाव ओलंपिक खेल में प्रशासन के उच्चतम मानकों के अनुसार निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हों। कजाकिस्तान के पूर्व मिडिलवेट चैंपियन गोलोवकिन को अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा था, क्योंकि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के साथ संबंधों को फिर से सुधारने के लिए वर्ल्ड बॉक्सिंग के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था। गोलोवकिन ने 2004 में ओलंपिक में रजत पदक जीता था और पेशेवर बनने के बाद वह लंबे समय तक विश्व चैंपियन रहे। उन्होंने 2022 में संन्यास ले लिया था।

### सागरमाला फाइनेंस कॉर्पोरेशन चालू वित्त वर्ष में 8,000 करोड़ रुपये जुटाएगी

**नयी दिल्ली।** सागरमाला फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसएमएफसीएल) देश की समुद्री ताकत को और मजबूत करने के लिए चालू वित्त वर्ष में बैंकों, वित्तीय संस्थानों और बॉन्ड के जरिए 8,000 करोड़ रुपये जुटाएगी। एसएमएफसीएल को पहले सागरमाला डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था। यह भारत की पहली समुद्री क्षेत्र विशिष्ट गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है। एसएमएफसीएल ने बयान में कहा कि हाल ही में आयोजित वार्षिक आम बैठक में कंपनी के निदेशक मंडल ने चालू वित्त वर्ष में 8,000 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसके साथ ही कुल उधारी सीमा 25,000 करोड़ रुपये निर्धारित करने को भी स्वीकृति दी गई।

# वाणिज्य मंत्री गोयल ने कृषि,टेक्नोलॉजी और व्यापार में इजराइल के साथ रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाया

**सभी क्षेत्रों में इजराइल के साथ सहयोग मजबूत करने पर जोर**

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इजराइल के अपने आधिकारिक दौरे के दौरान कई बड़े बैठकें कीं, जिससे कृषि, प्रौद्योगिकी, नवाचार और व्यापार में द्विपक्षीय सहयोग और मजबूत हुआ। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 20-21 नवंबर को कई मुलाकातों के दौरान इजरायल के साथ भारत की साझेदारी को और मजबूत किया। गोयल ने खेती-बाड़ी में सहयोग को आगे बढ़ाने पर विस्तार में चर्चा के लिए इजराइल के कृषि और फूड सिक्योरिटी मंत्री एवी डिचर से मुलाकात की। मंत्रालय के मुताबिक गोयल और डिचर ने इस मुलाकात के दौरान कृषि क्षेत्र में आपसी सहयोग की स्थिति और उसके भविष्य पर विस्तार से चर्चा की। इजराइली कृषि और फूड सिक्योरिटी मंत्री एवी डिच ने इजरायल के 25 साल के खाद्य सुरक्षा रोडमैप, आधुनिक बीज वर्धण रणनीति और कृषि के लिए पानी के पुनः उपयोग की प्रौधोगिकी में देश की अग्रणी स्थिति के बरे में जानकारी दी। गोयल ने अपने आधिकारिक दौरे में इजराइल के साथ रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाया। उन्होंने इजराइल की मीडिया से भी बात की और डायमंड कम्युनिटी के सदस्यों से बातचीत की, जो भारत-इजराइल व्यापार संबंध की नींव का काम करती है। इसके अलावा उन्होंने मंत्री बरकत के साथ इंडिया-इजराइल सीईओ फोरम में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने दोनों देशों के बीच इकोनॉमिक पार्टनरशिप की मजबूती, गहराई और बढ़ते पोटेंशियल पर जोर दिया।



# श्रम संहिताएं गिग श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करेंगी: इटरनल

एजेंसी

नयी दिल्ली। जोमैटो और ब्लिंकिट की मूल कंपनी इटरनल लिमिटेड ने शनिवार को चारों श्रम संहिताओं के लागू होने का स्वागत किया। कंपनी ने कहा कि इससे गिग श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा तक पहुंच मजबूत होगी, जिसमें उसके जोमैटो और ब्लिंकिट कारोबार से जुड़े डिलीवरी साझेदार भी शामिल हैं। इटरनल ने शेयर बाजार को बताया कि लंबी अवधि में इन नए नियमों का उसके कारोबार की सेहत और स्थिरता पर कोई नकारात्मक वित्तीय असर नहीं पड़ेगा। सरकार ने शुक्रवार को चारों श्रम संहिताओं को अधिसूचित कर दिया, जिनके जरिए मौजूदा 29 श्रम कानूनों को एकीकृत किया गया है। ये संहिताएं ऽवेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य दशाएं संहिता 2020 हैं। नयी संहिताओं में पहली बार 'गिग कार्य', 'मंच कार्य' और 'एग्रीगेटर' की परिभाषाएं दी गई हैं। नियमों के अनुसार एग्रीगेटर कंपनियों को अपने सालाना कारोबार का 1-2 प्रतिशत (अधिकतम पांच प्रतिशत तक की सीमा के साथ) गिग और मंच श्रमिकों को दिए जाने वाले भुगतान के आधार पर सामाजिक सुरक्षा कोष में जमा करना होगा। ईटरनल ने कहा, श्रम कानूनों का एकीकरण अधिक स्पष्ट, एकसमान और सुसंगत नियम देता है, जो देश के साथ ही हमारे पूरे तंत्र के लिए फायदेमंद है। इन चार संहिताओं में एक सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 है, जो पूरे देश में गिग श्रमिकों, खासकर हमारे जोमैटो और ब्लिंकिट को चलाने वाले डिलीवरी साझेदारों की सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करेगी। कंपनी ने आगे कहा कि देशव्यापी एकसमान ढांचा गिग श्रमिकों के लिए जरूरी एकरूपता लाएगा, मंच के लिए कारोबारी सुगमता बढ़ाएगा और यह पूरी तरह सही दिशा में उठाया गया कदम है।

# कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने मक्का, मूंग की कीमतों में गिरावट पर केंद्र से दखल की मांग की

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर राज्य में मक्का और मूंग की कीमतों में भारी गिरावट की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया। सिद्धरमैया ने कहा कि इस गिरावट से किसानों में गहरी चिंता पैदा हो गई है। सिद्धरमैया ने शुक्रवार को लिखे गए पत्र में कहा कि इस खरीफ मौसम में कर्नाटक में मक्का 17.94 लाख हेक्टेयर और मूंग 4.16 लाख हेक्टेयर में उगाई गई थी। किसानों को उम्मीद थी कि मक्का की पैदावार 54.74 लाख टन और मूंग की पैदावार 1.983 लाख टन होगी। लेकिन कीमतें गिरने के कारण किसान संकट में फंस गए हैं। सिद्धरमैया ने लिखा, ङ्ककीमतें भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से बहुत नीचे गिर गई हैं, जिससे किसानों में व्यापक चिंता और परेशानियां पैदा हो गई हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने मक्का के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2,400 रुपये प्रति टन और मूंग के लिए 28,768 रुपये प्रति टन तय किया है। लेकिन कर्नाटक में मक्का की मौजूदा कीमतें 1,600 से 1,800 रुपये प्रति टन और मूंग की कीमत लगभग 5,400 रुपये प्रति टन तक गिर गई हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों की औसत कीमतें भी एमएसपी से अधिक रही हैं, लेकिन बाहरी दबाव और मांग-आपूर्ति में असंतुलन के कारण कीमतें अब रिकॉर्ड निचले स्तर तक गिर गई हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार, कर्नाटक में मक्का का 32 लाख टन अतिरिक्त उत्पादन है, जो स्थानीय उद्योगों की क्षमता से बहुत अधिक है।

सिद्धरमैया ने प्रधानमंत्री मोदी से आग्रह किया कि वे भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (एनएएफईडी), भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) को निर्देश दें कि वे मूल्य समर्थन योजना या किसी अन्य उचित व्यवस्था के तहत एमएसपी के अनुसार खरीदारी तुरंत शुरू करें।

# रक्षा अधिकारियों के लिए तृतीय निदेशक प्रमाणन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय कॉर्पोरेट कार्य संस्थान (आईआईसीए) ने रक्षा मंत्रालय के पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर) रक्षा मंत्रालय के साथ साझेदारी में कॉरपोरेट गवर्नेंस में निदेशकों के लिए प्रमाणन कार्यक्रम के तीसरे बैच का सफलतापूर्वक समापन 21 नवंबर को गुरुग्राम के मानेसर स्थित आईआईसीए परिसर में सफलतापूर्वक समापन किया। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि दो सप्ताह के इस प्रमाणन कार्यक्रम में इस कार्यक्रम में तीनों सेनाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले 30 वरिष्ठ अधिकारियों कॉर्पोरेट प्रशासन और स्वतंत्र निदेशक पद के व्यापक ज्ञान वाले रक्षा अधिकारियों ने भाग लिया। इसके अलावा इसमें सेवारत और हाल ही में सेवानिवृत्त हुए अधिकारी भी शामिल थे। मंत्रालय के मुताबिक अगस्त 2024 से अब तक संचालित तीन बैचों के जरिए कुल 90 विशिष्ट रक्षा अधिकारियों को कॉरपोरेट गवर्नेंस और स्वतंत्र निदेशक की भूमिका के लिए व्यापक ज्ञान प्रदान किया जा चुका है। इस कार्यक्रम में 35 विशेष सत्र शामिल थे, जिनमें कॉरपोरेट गवर्नेंस रूपरेखाओं, नियामक प्रावधानों, वित्तीय प्रबंधन, ऑडिट समिति के कार्य, एंटरप्राइज रिस्क मैनेजमेंट, सीएसआर और सतत शासन से संबंधित विषयों को सम्मिलित किया गया। उल्लेखनीय है कि दो हफ्ते के गहन कार्यक्रम प्रतिभागियों को कॉर्पोरेट प्रशासन की वैचारिक और नियामक समझ से परिचित कराने के लिए डिज़ाइन किया गया था, ताकि वे सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियों में बोर्ड के सदस्यों के रूप में प्रभावी रूप से सेवा करने के लिए तैयार हो सके। इस व्यापक पाठ्यक्रम में कंपनी अधिनियम 2013 और सेबी एलओडीआर नियमों के तहत कॉर्पोरेट प्रशासन के सिद्धांत, बोर्ड की संरचना और प्रभावशीलता, स्वतंत्र निदेशकों की भूमिका और जिम्मेदारियां, नियामक ढांचा शामिल था।



# दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण से निपटने के लिए कड़े हुए नियम

## वर्क फ्रॉम होम पर सरकार करेगी फैसला

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण के उपायों और उनकी निगरानी के लिए बने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (ग्रैप) के नियमों को और कड़ा कर दिया है जिसके बाद मौजूदा परिस्थितियों में राज्य सरकारों को सरकारी और निजी कार्यालयों में आधे कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम देने पर फैसला करना होगा।

ग्रैप के तहत चार चरणों के प्रावधान हैं। जैसे-जैसे प्रदूषण का स्तर बढ़ता है क्रमशः चरण-1, 2, 3 और 4 लागू होता है। आयोग के आदेश से 11 नवंबर से दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप का तीसरा चरण लागू है। आयोग ने शुक्रवार को नियमों में जो बदलाव किये हैं उसके तहत स्टेज-4 के



कुछ प्रावधानों को अब स्टेज-3 में शामिल किया गया है। इनमें राष्ट्रीय राजधानी टेरिटरी में सरकारों के लिए अपने कार्यालयों की टाइमिंग में कुछ प्रावधान अब स्टेज-3 का हिस्सा बन गये हैं। एनसीआर और राष्ट्रीय राजधानी टेरिटरी प्रशासन के अधीनस्थ सरकारों को सरकारी, स्थानीय निकायों के और निजी कार्यालयों के 50 प्रतिशत कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमति देने पर फैसला करना होगा। केंद्र सरकार भी अपने कार्यालयों में कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमति दे सकती है। स्टेज-4 के अलग-अलग स्लॉट तैयार करना होता है। इसमें दिल्ली के साथ गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर शामिल हैं। एनसीआर के अन्य इलाकों के लिए भी यह नीति लागू करना संबंधित राज्य सरकारों के लिए वैकल्पिक होता है। केंद्र सरकार भी दिल्ली-एनसीआर में अपने कार्यालयों के लिए इसी तरह का फैसला ले सकती है। अब ग्रैप के पहले चरण में ही बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करनी होगी ताकि डीजी सेट तथा अन्य वैकल्पिक साधनों के इस्तेमाल को हतोत्साहित किया जा सके। यातायात को सुगम बनाना होगा। टेलिविजन, रेडियो और समाचार माध्यमों से लोगों को सुझाव दिया जायेगा और मेट्रो तथा बसों के फ़ेरे बढ़ाकर सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहित करना होगा। अब तक ये सभी प्रावधान स्टेज-2 में शामिल थे। उल्लेखनीय है कि सीएक्यूएम ने 17 नवंबर को उच्चतम न्यायालय में एक मामले की सुनवाई के दौरान नियमों में इन बदलावों का प्रस्ताव रखा था। अगली सुनवाई में 19 नवंबर को शीर्ष अदालत ने कहा था कि आयोग को इन प्रस्तावों को लागू कर सकता है। दिल्ली में शुक्रवार को औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 364 दर्ज किया गया जो 'बहुत खराब' की श्रेणी में आता है।

# रक्षा सचिव ने एनसीसी स्थापना दिवस से पहले राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स ने शनिवार को यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर एनसीसी की ओर से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि एनसीसी रविवार को अपना 78वां स्थापना दिवस मनाने जा रही है जिसके उपलक्ष्य में देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



इन कार्यक्रमों की शुरुआत करते हुए आज राष्ट्रीय युद्ध स्मारक एक भव्य पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया जिसमें एनसीसी की ओर से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। तीनों सेनाओं की तीन एनसीसी बालिका कैडेटों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के वीरों के सम्मान के लिए वरिष्ठ नेतृत्व के साथ शामिल हुईं। समारोह के बाद रक्षा सचिव, एनसीसी महानिदेशक और उपस्थित लोगों ने दिल्ली के विभिन्न स्कूलों से आए एनसीसी कैडेटों की बैंड प्रस्तुति देखी जिसने इस स्मृति समारोह को और भी भव्य बना दिया। वर्ष 1948 में केवल 20 हजार कैडेटों के साथ शुरू हुई एनसीसी आज 20 लाख कैडेटों के साथ विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन है। इसमें 2014 और 2025 के बीच 6 लाख कैडेटों की वृद्धि देखी गयी है। आज इसकी उपस्थिति देश के 780 जिलों में से 713 तक फैली हुई है, जिससे यह देश में सबसे व्यापक प्रतिनिधित्व वाले युवा संगठनों में से एक बन गया है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कैडेटों ने रक्तदान अभियान, वृक्षारोपण गतिविधियां, 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान और नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा-विरोधी जागरूकता कार्यक्रमों जैसी कई जन-सेवा पहलों के माध्यम से इस दिवस को मनाया। इन प्रयासों ने सामुदायिक सहभागिता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व पर एनसीसी के निरंतर ध्यान को प्रदर्शित किया।

# रेलवे ने चालू वित्त वर्ष में की एक अरब टन माल ढुलाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। रेलवे ने माल ढुलाई में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए एक अरब टन माल ढुलाई का आंकड़ा पार कर देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

अपनी इस उपलब्धि का आंकड़ा देते हुए रेलवे ने बताया कि उसका माल ढुलाई प्रदर्शन देश के आर्थिक ढांचे को मजबूत कर रहा है और 19 नवंबर तक उसकी माल ढुलाई क्षमता 1.020 अरब टन तक पहुंच गई है। आधिकारिक सूचना के अनुसार रेलवे का आधार कोयला, लौह अयस्क, सीमेंट और कंटेनर लोडिंग में मजबूत है और इसी के कारण उसने माल ढुलाई में यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। रेलवे का कहना है कि उसकी दैनिक माल ढुलाई क्षमता में लगातार सुधार हो रहा है और प्रतिदिन माल ढुलाई क्षमता 40.4 टन पहुंच गई है जो पिछले वर्ष के स्तर से अधिक है। भारतीय रेल का यह भी दावा है कि बल्क कार्गो स्थानांतरित करने से उत्सर्जन में कमी आई है। रेलवे की माल ढुलाई क्षमता बढ़ाने से राजमार्गों पर भीड़ कम हुई तथा हरित, लागत-कुशल लॉजिस्टिक्स विकल्प उपलब्ध हुए हैं




जिससे उद्यमियों और उपभोक्ता दोनों को लाभ हुआ है। बुनियादी ढांचे के विकास में सीमेंट की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हुए, रेलवे ने इस क्षेत्र की रसद क्षमताओं को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हाल ही में लागू व्यापक सुधार में बल्क सीमेंट टर्मिनलों के लिए नीति और कंटेनरों में बल्क सीमेंट लाने जाने के लिए तर्कसंगत दरें शामिल हैं, सीमेंट परिवहन के आधुनिकीकरण की एक रणनीतिक पहल का प्रतिनिधित्व करते हैं। इन उपायों का उद्देश्य बल्क हैंडलिंग क्षमता बढ़ाना, पारगमन समय और रसद लागत कम करना है, जिससे उद्यमियों और अंतिम छोर के उपभोक्ता, दोनों को सीधा लाभ होगा और साथ ही आपूर्ति श्रृंखला में दक्षता बढ़ेगी।

# कांग्रेस का हर कदम सत्ता प्रेरित, देश में विकास की राजनीति चलेगी : शेखावत

एजेंसी

जोधपुर। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा की जा रही राजनीति को लेकर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष चुनाव और मतदाता सूची का समयबद्ध पुनरीक्षण कराना चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व है। कांग्रेस स्वयं के विरोधाभास में उलझकर इस प्रक्रिया पर आक्षेप लगा रही है। शनिवार को एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने कहा कि निष्पक्ष और शुचितापूर्ण निर्वाचन सुनिश्चित करना व मतदाता सूची का पुनरीक्षण करते रहना संविधान प्रदत्त अधिकारों के तहत चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। देश में इस तरह की स्पेशल इन्वेस्टिगेटिव रिव्यूज अनेक बार हो चुकी हैं और यह एक सामान्य, देशव्यापी प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके मुखिया स्वयं महाराष्ट्र चुनाव के बाद इस तरह के आक्षेप लगा रहे थे कि मतदाता सूची में नामों में गड़बड़ियां हैं। उसके बाद वे कभी हाइड्रोजन बम के नाम पर और कभी एटम बम के नाम पर इस तरह के खुलासे करते रहे। अब जब स्पेशल इन्वेस्टिगेटिव रिव्यू प्रारंभ हुआ है, तब वे उसको लेकर राजनीति कर रहे हैं। शेखावत ने कहा कि कांग्रेस का यह कृत्य स्पष्ट करता है कि वे हर चीज को राजनीति के चश्मे से देखते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) केवल 12 राज्यों में क्यों हो रहा है? के सवाल पर शेखावत ने कहा कि उनको कहिए कि चिंता न करें, सभी राज्यों में होगा। जब देशव्यापी प्रक्रिया चलती है तो चरणबद्ध तरीके से चलती है। पहले पांच राज्यों में हुआ था, अब 12 में हो रहा है और शेष बचे राज्यों में भी इन 12 राज्यों की प्रक्रिया पूरी होने के साथ-साथ यह समीक्षा प्रारंभ हो जाएगी। इसमें कोई संशय या संदेह नहीं होना चाहिए। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने बिहार चुनाव के जनादेश का उल्लेख करते हुए कहा कि जनता ने अब विभाजनकारी राजनीति को पूरी तरह नकार दिया है। बिहार के चुनाव के बाद जनता ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि न बांटने की राजनीति देश में चलने वाली है, न तोड़ने की राजनीति देश में चलने वाली है, न दुर्व्यवहार की राजनीति देश में चलने वाली है। देश में न परिवार की राजनीति चलने वाली है। केवल और केवल विकास की राजनीति और देश को विकसित करने के लिए प्रेरित और समर्पित राजनीति देश में चलेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विपक्ष को यह संदेश अब भी समझ नहीं आता है तो पश्चिम बंगाल, असम और आगामी चुनावों के बाद जनता उन्हें बचा हुआ संदेश एक बार फिर दे देगी। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कांग्रेस की राजनीति की जड़ों पर प्रहार करते हुए एक ऐतिहासिक संदर्भ प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का हर कदम हमेशा सत्ता से प्रेरित रहा है। उन्होंने वंदे मातरम गीत का उदाहरण देते हुए कहा कि आनंद मठ में बंकिम दा द्वारा रचित वो वंदे मातरम गीत, जो स्वतंत्रता संग्राम का मंत्र बन गया था, उस वंदे मातरम को भी जिन लोगों ने अपनी सत्ताओं और कुर्सियों के लिए बांटने का पाप किया था।

## यूनिटी मार्च' में गूंजा एकता और देशभक्ति का संदेश

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को यहां आयोजित देश की एकता एवं अखंडता के संदेश को समर्पित 'यूनिटी मार्च' में भागीदारी की और सरदार पटेल के राष्ट्रनिर्माण के दूरदर्शी संदेश को नमन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत शपथ ग्रहण समारोह से हुई, जिसमें मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों और नागरिकों ने दो महत्वपूर्ण संकल्प लिए। पहला, 'स्वदेशी के लिए शपथ', जिसके तहत देश में निर्मित उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया और दूसरा, 'नशा मुक्त भारत' के लिए सामूहिक शपथ, जिसका उद्देश्य एक स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र का निर्माण करना है।

समारोह में बच्चों द्वारा संगीत और नृत्य की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। उन्होंने देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के विषयों को खूबसूरती से उजागर किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'मार्च फॉर यूनिटी' रहा, जिसमें मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने पीतमपुरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से भाग लिया। यह मार्च सरदार पटेल के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के दूरदर्शी दृष्टिकोण का एक जीवंत और प्रेरणादायक प्रदर्शन था।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 'यूनिटी मार्च' उस अद्भुत भावना का प्रतीक है, जिसने सरदार वल्लभभाई पटेल जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत के बिखरे हुए हिस्सों को एकजुट कर एक अखंड राष्ट्र का स्वरूप गढ़ा। उनकी यह विरासत हमेशा प्रेरित करती रहेगी। मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि हम सब मिलकर संकल्प लें कि उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए एकता, अखंडता और समरसता के भाव के साथ भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। हमें यह सुनिश्चित करना है कि देश के हर नागरिक के दिल में राष्ट्रीय एकता की भावना सर्वोपरि रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देशभक्ति केवल प्राण देने से नहीं, बल्कि रोज़मर्रा के कार्यों से देश के लिए जीने से साबित होती है। उन्होंने युवाओं और नागरिकों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

# पेज एक का शेष

### वैश्विक आर्थिक...

20 समिट की मेजबानी कर रहा है, तो यहां हमें विकास के पैरामीटर्स पर फिर से विचार करना चाहिए।'' इसके समाधान का उपाय बताते हुए उन्होंने कहा कि इसका एक रास्ता भारत के सभ्यतागत मूल्यों में है और इसमें हमें मानव, समाज और प्रकृति को एक व्यापक रूप में देखना होगा। इससे प्रगति और प्रकृति के बीच सौहार्द संभव होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया में कई समुदायों ने अपने पारंपरिक और पर्यावरण संतुतिल जीवन शैली को संभाल कर रखा है। इन परंपराओं में सततता तो दिखती ही है, साथ ही इनमें, सांस्कृतिक ज्ञान, सामाजिक एकता और प्रकृति के प्रति गहरे सम्मान के भी दर्शन होते हैं। श्री मोदी ने इसके उपाय के रूप में भारतीय ज्ञान प्रणाली पहल के आधार पर 'वैश्विक पारंपरिक ज्ञान कोष' के गठन का प्रस्ताव किया। उन्होंने कहा, '' भारत का प्रस्ताव है, कि जी 20 के तहत एक 'वैश्विक पारंपरिक ज्ञान कोष' बनाया जाए। 'भारतीय ज्ञान प्रणाली पहल', इसका आधार बन सकती है। यह वैश्विक मंच मानवता के 'सामूहिक ज्ञान ' को भावी पीढ़ी तक पहुंचाने में मदद करेगा। श्री मोदी ने अफ्रीका के विकास और अफ्रीका की युवा प्रतिभा को सक्षम बनाने में पूरी दूनिया का हित बताते हुए वहां कुशल प्रशिक्षक तैयार करने के लिए भी एक प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा ,'' भारत, 'जी 20- अफ्रीका कौशल पहल' का प्रस्ताव रखता है। यह अलग-अलग क्षेत्रों के लिए, 'ट्रेन-द-ट्रेनर्स' यानी प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने के मॉडल के तहत चल सकता है। उन्होंने कहा कि जी 20 के सभी साझेदार इसके लिए वित्तीय मदद कर सकते हैं। हमारा सामूहिक लक्ष्य है कि अगले एक दशक में, अफ़्रीका में दस लाख सर्टिफाइड ट्रेनर तैयार हों। ये ट्रेनर, आगे चलकर करोड़ों स्किल्ड युवा तैयार करेंगे। यह एक ऐसी पहल होगी जिसका मलटीप्लाइअर इफ़ेक्ट होगा। इससे लोकल कैपेसिटी का निर्माण होगा, और अफ़्रीका के दीर्घकालिक विकास को बल मिलेगा। प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य क्षेत्र में आपात स्थितियों से निपटने को सामूहिक दायित्व बताते हुए इसके लिए सामूहिक टीम के गठन का भी प्रस्ताव किया। उन्होंने कहा ,'' स्वास्थ्य क्षेत्र की आपात स्थिति और नैचुरल डिज़ास्टर्स के संकट से निपटना भी हमारा सामूहिक दायित्व है। इसलिए, भारत का प्रस्ताव है कि 'जी 20 वैश्विक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया टीम' का गठन हो। इसमें जी 20 देशों के प्रशिक्षित मेडिकल विशेषज्ञ हों। ये टीम, किसी भी वैश्विक स्वास्थ्य संकट या प्राकृतिक आपदा के समय तेज़ी से तैनाती के लिए तैयार रहे।'' श्री मोदी ने मादक पदार्थों की तस्करी को वैश्विक सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बताते हुए इससे निपटने के लिए भी एक पहल शुरू करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा , '' एक और बड़ा विषय मादक पदार्थों की तस्करी का है। विशेषकर फेंटेनिल जैसे अत्यंत घातक ड्रग्स, तेजी से फैल रहे हैं। ये पब्लिक हेल्थ, सोशल स्टेबिलिटी और ग्लोबल सिक्योरिटी के लिए गंभीर चुनौती बन गया है। ये टैररिज्म को फाइनांस करने का भी एक बड़ा माध्यम है। इस वैश्विक खतरे का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए भारत, 'मादक पदार्थ- आतंक गठजोड़ से निपटने के लिए जी 20 पहल' के गठन का प्रस्ताव करता है। इसके तहत हम-फाइनांस, गवर्नेंस और सिक्योरिटी से जुड़े अलग-अलग इंस्ट्रूमेंट्स को एक साथ ला सकते हैं। तभी ड्रग-टैरर इकोनॉमी को कमज़ोर किया जा सकता है।'' उन्होंने सदस्य देशों से वैश्विक मंचों पर विकासशील देशों की आवाज मिलकर मुखर करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा ,'' भारत-अफ्रीका एकजुटता हमेशा से मज़बूत रही है। नई दिल्ली समिट के दौरान अफ्रीकन यूनियन का, इस ग्रुप का स्थाई सदस्य बनना एक बहुत बड़ी पहल थी। अब यह आवश्यक है कि इस स्पिरिट का विस्तार जी 20 से भी आगे हो। सभी वैश्विक संस्थाओं में ग्लोबल साउथ की आवाज और बुलंद हो, इसके लिए हमें मिलकर प्रयास करना चाहिए। श्री मोदी अफ्रीकी राष्ट्रपति रामाफोसा को जी 20 सम्मेलन के शानदार आयोजन और सफल अध्यक्षता के लिए बधाई भी दी।

### उप्र में नए प्रदेश...

चुनाव और उसके बाद 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा सरकार में मंत्रिमंडल विस्तार होना है। अभी उत्तर प्रदेश में नियम के अनुसार छह और मंत्री बनाए जा सकते हैं। केंद्रीय नेतृत्व अगड़ा, पिछड़ा और दलित समीकरण बैठाने की तैयारी में जुटा है। पूर्व पंचायतीराज मंत्री भूपेंद्र चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने और पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद के केंद्र सरकार में मंत्री बनने के कारण कैबिनेट मंत्री के पद रिक्त हैं। वर्तमान में, मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों सहित कुल 54 मंत्री हैं, जबकि अधिकतम 60 मंत्री बनाए जा सकते हैं। इसका मतलब है कि मंत्रिमंडल के लिए छह पद खाली हैं। अटकलें लगाई जा रही हैं कि नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा के बाद मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाना तय है। एक वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक ने कहा, '' भाजपा को बिहार चुनाव में जो बड़ी जीत मिली है उसका असर उत्तर प्रदेश में भी देखने को मिलेगा। जिस तरह से केशव प्रसाद मौर्य को आलाकमान की तरफ़ से तरजीह दी जा रही है उससे लगता है कि वह इस दौड़ में वो बाक़ी प्रतिद्वंदियों से आगे हैं। सवर्ण सीएम होने के बाद पार्टी ओबीसी चेहरे पर ही दाव लगाएगी। जहाँ तक ब्रजेश पाठक की दावेदारी का सवाल है तो उनके नाम पर काफ़ी संशय है।

### 37 माओवादियों ...

उन्हें पुनर्वासित करने पर विचार करेगी और उन्हे मुख्यधारा में लाने में पूरा सहयोग देगी। तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक ने कहा कि केंद्र सरकार ने अगले साल मार्च तक माओवादियों को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया है। उसी के अनरूप तेलंगाना राज्य सरकार भी काम कर रही है। ऑपरेशन कगार के मद्देनजर बड़ी संख्या में माओवादी जंगल छोड़कर आम ज़िंदगी जी रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस साल माओवादी पार्टी के जनरल सेक्रेटरी बसवराज और सेंट्रल कमेटी के सदस्य चलपति, बालकृष्ण, गणेश, कट्टा रामचंद्र रेड्डी, कदारी सत्यनारायण रेड्डी और हिडमा सहित कई बड़े माओवादी एनकाउंटर में मारे गए हैं। चंद्रन्ना और बंदी प्रकाश ने अपनी सेहत की वजह से हथियार डाल दिए हैं। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि आज टॉप नेताओं समेत 37 माओवादियों का सरेंडर करना उनके लिए बहुत बड़ा झटका है। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि कुछ माओवादी नेता एक सप्ताह तक पुलिस के संरक्षण में रहे हैं। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि आज आत्मसमर्पण करने वालों में तीन स्टेट कमेटी मेंबर कोयला संबय्या उर्फ ??आज़ाद, नारायण उर्फ ??रमेश और सोमदा उर्फ ??एर्रा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बाकी 34 माओवादी छत्तीसगढ़ के हैं। सरेंडर करने वालों में तीन डिविजनल कमेटी मेंबर, नौ रीजनल कमेटी मेंबर और 22 फोर्स मेंबर शामिल हैं। इन लोगों को तुरंत मदद के तौर पर 25 हजार रुपये दिए गए हैं। शिवधर रेड्डी ने बताया कि आजाद पर 20 लाख रुपये और अप्पास नारायण पर 20 लाख रुपये का इनाम है। इन्हें मिलाकर आज सरेंडर करने वाले सभी माओवादियों पर कुल 1.41 करोड़ रुपये का इनाम हैं। यह रकम इन्हीं लोगों को दे दी जाएगी। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि वर्तमान में तेलंगाना के 59 और माओवादी अभी फरार हैं। इनमें सेंट्रल कमेटी के पांच सदस्य मुप्पल्ला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति, मल्ला राजिरेड्डी उर्फ संग्राम, टिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवजी, पाका हनुमंथु उर्फ गणेश, बड़े चोक्का राव उर्फ दामोदर शामिल हैं। इसके अलावा, स्टेट कमेटी के 10 सदस्य हैं। उन सभी से मेरा सुझाव है कि वे सभी जल्द से जल्द सरेंडर कर दें। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सरेडर करने वाले तेलंगाना कमेटी के मुख्य नेता आजाद ने कहा कि स्टेट कमेटी में अभी भी मुख्य नेता हैं जो सरेंडर करना चाहते हैं। आजाद ने माओवादी पार्टी के लोगों से मुख्यधारा में आने की अपील की है।

### विधि विधान...

जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टी कृष्ण मोहन सहित 23 अन्य यजमान की भूमिका निभा रहे हैं। राममंदिर ध्वजारोहण समारोह में अन्य यजमानों में प्रमुख रूप से अयोध्या राजपरिवार से जुड़े शैलेन्द्र मोहन प्रताप मिश्र, होम्योपैथिक चिकित्सक से चन्द्र गोपाल पांडेय, भाजपा के जिला महामंत्री शैलेंद्र कोरी, गैस एजेंसी मालिक शशि प्रियदर्शी डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्याल के पूर्व प्राक्टर डॉ अजय प्रताप सिंह, प्रमुख व्यवसाई पीयूष सिंहल, व्यवसाई निरंकार मौर्य, चिकित्सक डॉ नानक शरण सपत्नीक पूजन अर्चन कर रहे हैं।

### दिल्ली पुलिस ने पकड़ा...

कब्जे में ले लेते थे। जांच से पता चला कि गिरफ्तार आरोपी विदेशी संचालकों के निर्देशों पर काम कर रहे थे। इस आरोपियों में जसप्रीत जस भी शामिल था, जो कुख्यात गैंगस्टर सोनू खत्री का करीबी सहयोगी है, जो वर्तमान में अमेरिका में रहता है। पुलिस ने इस बात की पुष्टि की है कि इस नेटवर्क को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का समर्थन प्राप्त है। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल की गई एक सफ़ेद स्विफ्ट डिज़ायर कार को भी बरामद कर लिया है। नेटवर्क के संचालन से संबंधित जानकारी और विभिन्न गिरोहों से उसके संबंधों की जांच का काम जारी है।

### एनसीआर के सभी...

के लिए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रमुख सचिव को मुख्य नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। राज्य स्तर पर एक परियोजना निगरानी इकाई (पीएमयू) भी बनाई गई है, जिसकी अध्यक्षता इसी विभाग के सचिव करेंगे। इस इकाई में शहरी विकास, लोक निर्माण, आवास एवं शहरी नियोजन तथा औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास विभाग के वरिष्ठ प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है, ताकि योजना का सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। यूपी-एनसीआर क्षेत्र में एंटी-स्मॉग गन, स्प्रिंकलर की व्यवस्था नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सड़क पर धूल कम करने के लिए एंटी-स्मॉग गन, स्प्रिंकलर और यांत्रिक सफाई से जुड़े अन्य उपाय भी अपना रहे हैं। इसे और बढ़ाने को कहा गया है। यह कार्य योजना एनसीआर-यूपी में वायु गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लाखों लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

### 12-15 करोड़...

निरोधक उपाय करने के साथ ही जल की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। यद्यपि आज संगम में 19-20 हजार क्यूसेक शुद्ध जल की उपलब्धता है, लेकिन उस समय भी 10 हजार क्यूसेक जल की उपलब्धता निरंतर बनी रहे, विभाग यह प्रयास कर रहा है। नमामि गंगे को जल की शुद्धता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पावर कॉरपोरेशन नियमित विद्युत आपूर्ति के साथ-साथ इलेक्ट्रिक सेफ्टी की व्यवस्था करेगा। उप्र पावर कारपोरेशन द्वारा मेला क्षेत्र में 47 किमी. की एचटी व 360 किमी. की एलटी लाइन बिछाने और 25 अस्थायी सब स्टेशन बनाने का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। सीएम योगी ने बताया कि पीडब्ल्यूडी कनेक्टिंग मार्ग के साथ ही अंदर के मार्गों की भी व्यवस्था देखेगा। आवागमन में दिक्कत न हो, इसके लिए विभाग सात पांटून ब्रिज, लगभग 160 किमी. के दायरे में चकर्ड प्लेट बिछाएगा। उप्र जल निगम द्वारा 242 किमी. की पेयजल पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ हो गया है। 85 किमी. की सीवर लाइन बिछाने की कार्रवाई होगी, जिससे सीवर के एक भी बूंद का रिसाव गंगा-यमुना जी में न होने पाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रद्धालुओं के त्वरित उपचार के लिए 20-20 बेड के दो हॉस्पिटल बनाए जा रहे हैं। 12 पीएचसी प्राथमिक स्वास्थ्य हेल्प सेंटर के रूप में लोगों को सुविधा उपलब्ध कराएंगे। एक वेक्टर कंट्रोल यूनिट, पांच आयुर्वेदिक- पांच होमियोपैथिक चिकित्सालय की स्थापना, 50 एंबुलेंस की भी व्यवस्था रहेगी। सीएम योगी ने बताया कि नगर विकास द्वारा पर्याप्त शौचालय, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है। मेले के दौरान 25 हजार शौचालय, 8 हजार डस्टबिन, 10 लाख से अधिक लाइनर बैग, 20 सक्शन गाड़ियां, 3000 सफाईकर्मी तैनात रहेंगे। सीएम योगी ने कहा कि मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए यूपी पुलिस द्वारा पर्याप्त कार्मिक तैनात किए गए हैं। मेला पुलिस अधीक्षक के साथ ही पहले चरण में एडिशनल एसपी, सीओ, इंस्पेक्टर समेत अन्य पुलिसकर्मियों की तैनाती हो चुकी है। शेष की तैनाती प्रक्रिया कार्रवाई चल रही है। पुलिस लाइन के निर्माण कार्य को बढ़ाया जा चुका है। मेला क्षेत्र में 17 थाने, 42 पुलिस चौकी, 20 फायर टेंडर, 7 अग्निशमन चौकी, अग्निशमन के 20 वाच टावर, एक जल पुलिस थाना, एक जल पुलिस कंट्रोल रूम और 4 जल पुलिस सब कंट्रोल रूम स्थापित किए जाने हैं। 8 किमी. का डीप वाटर बैरिकेडिंग भी यूपी पुलिस द्वारा लगाया जाएगा। सीएम योगी ने बताया कि नगर विकास द्वारा सीसीटीवी व एआई युक्त 400 कैमरों के माध्यम से क्राउड मॉनीटरिंग-क्राउड डेंसिटी एनालिसिस व इन्सिडेंट रिपोर्टिंग (स्वच्छता व सुरक्षा निगरानी) भी होगी। उन्होंने बताया कि यातायात व भीड़ नियंत्रण के लिए भी अंतरजनपदीय व अंतरराज्यीय कार्ययोजना विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं। यहां करीब 3800 बसें काम करेंगी। इसमें परिवहन निगम की 3000 बसें भी रहेंगी। 75 शटल बस मेला क्षेत्र के अंदर, सिटी से मेला क्षेत्र में जाने व मेला क्षेत्र से सिटी तक लाने- ले जाने के लिए इलेक्ट्रिक बस भी रहेगी। 200 बसें रिजर्व में रहेंगी। टेंट सिटी का भी निर्माण किया जा रहा है।

# राज्य सरकार स्थानीय बोली-भाषाओं, साहित्य के डिजिटलाइजेशन पर दे रही विशेष ध्यानः धामी

■ मुख्यमंत्री ने जय सिंह रावत की पुस्तक 'उत्तराखंड राज्य का नवीन राजनीतिक इतिहास' का विमोचन किया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लेखक जय सिंह रावत की पुस्तक ख्उत्तराखंड राज्य का नवीन राजनीतिक इतिहासङ्क का विमोचन किया। यह पुस्तक उत्तराखंड राज्य के राजनीतिक, प्रशासनिक व क्रमिक विकास की दस्तावेज़ी यात्रा को प्रस्तुत करती है। शनिवार को अपने सरकारी आवास में आयोजित विमोचन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लेखक जय सिंह रावत को इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जय सिंह रावत ने राज्य के गठन के बाद की 25 वर्ष की राजनीतिक यात्रा को जिस सुसंगतता और प्रमाणिकता के साथ संकलित किया है, वह अत्यंत सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के इतिहास, संस्कृति और लोक परंपराओं पर कई पुस्तकें उपलब्ध हैं, लेकिन राज्य स्थापना के बाद की ढाई दशक की घटनाओं को तथ्यों, दस्तावेजों और विश्लेषण के आधार पर संग्रहित करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसे लेखक ने उत्कृष्टता के साथ प्रस्तुत किया है। उन्होंने बताया कि पांच भागों में विभाजित यह पुस्तक शोधार्थियों, विद्यार्थियों और प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य बनने के बाद उत्तराखंड ने एक लंबा राजनीतिक अस्थिरता का दौर भी देखा, जिसका प्रभाव विकास की गति पर पड़ा। रावत ने इस संपूर्ण कालखंड का प्रामाणिक प्रस्तुति करते हुए दुर्लभ दस्तावेज़ों और प्रेस कतरनों की मदद से एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक संकलन तैयार किया है। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने घरों, विद्यालयों और समुदायों में स्थानीय भाषाओं के उपयोग को बढ़ावा दें। साहित्य और लोक संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का प्रयास करें।

# यूनिटी मार्च केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि राष्ट्र की एकता, अखंडता का जीवंत प्रतीक है : वीरेंद्र सचदेवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा शनिवार को नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) कन्वेंशन सेंटर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित ''यूनिटी मार्च'' में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया, सांसद बांसुरी स्वराज सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आमजन मौजूद थे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह यूनिटी मार्च केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और अदम्य संकल्प का जीवंत प्रतीक है। सरदार पटेल की राष्ट्रनिर्माण की अमिट विरासत हमें सिखाती है कि एकजुट भारत ही सशक्त भारत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए सभी मिलकर निरंतर प्रयास करते रहेंगे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने इसे सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि बताते हुए कहा कि लौह पुरुष के दिखाए मार्ग पर चलते हुए देश को एक सूत्र में पिरोने का संकल्प और मजबूत हुआ है। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि सरदार पटेल ने पूरे भारत को एकता के सूत्र में पिरोया था। उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करके उनके विजन को प्रधानमंत्री मोदी आगे लेकर जा रहे हैं। उन्होंने भारत को विकसित करने के लिए यूथ लेड डेवलपमेंट का मूलमंत्र दिया है। उन्होंने कहा कि यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया है। इसका नाम गंगा प्रवाह रखा गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## ठगी के मामले में आरोपित महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मध्य जिला के दरियागंज थाना पुलिस ने महंगी घड़ियां और अन्य लग्जरी सामान ऑन लाइन बेचने के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस संबंध में म्यूल अकाउंट (धोखाधड़ी की रकम लेन-देन करने वाले खाते) चला रही महिला को गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान फौजिया (33) के रूप में हुई है। फौजिया के नाम से दरियागंज स्थित निजी बैंक में 51 लाख रुपये ठगी की रकम आई थी। इसके अलावा इसके नाम से मौजूद बाकी खातों में करोड़ों रुपये की रकम के लेनदेन का पता चला है। फिलहाल दिल्ली, राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु की सात शिकायतों का पता चला है। फौजिया और इसका पति शाहबाज अपने साथियों के साथ मिलकर देशभर के लोगों से ठगी कर रहे थे। जयपुर पुलिस ने डेढ़ करोड़ रुपये ठगी के आरोप में शाहबाज और उसके साथियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस फौजिया से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। बाकी शिकायतकर्ताओं का पता किया जा रहा है। मध्य जिले के पुलिस उपायुक्त निधिन वल्सन ने शनिवार को बताया कि एनसीआरपी पोर्टल के जरिए दरियागंज थाना पुलिस को एक निजी बैंक में ठगी की रकम लेन-देन का पता चला। जांच के दौरान पता चला कि जयपुर के एक अन्य निजी बैंक से ठगी के 10 लाख रुपये इस खाते में आए हैं। पड़ताल करने पर यह म्यूल अकाउंड मिला। खाते की पड़ताल हुई तो इसमें दिल्ली से 10 लाख, तेलंगाना से 19 लाख, कर्नाटक से आठ लाख, बेंगलुरु कर्नाटक से एक लाख हुबली से तीन लाख, महाराष्ट्र से पांच लाख और तमिलनाडु से पांच लाख आने का पता चला। टीम को इस संबंध में सात शिकायतें मिली। फौरन दरियागंज थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार व अन्यों की टीम बनाकर पड़ताल शुरू की गई। जांच के दौरान खाता फौजिया नामक महिला के नाम पर मिला। उसके पते की पड़ताल हुई तो वह फर्जी निकला। पुलिस ने सीडीआर की पड़ताल की। उसके आधार पर टीम जांच करती हुई करावल नगर की श्रीराम कालोनी पहुंची। वहां से आरोपित फौजिया को दबोच लिया गया।

## महानिरीक्षक बीएसएफ पंजाब ने 'यूथ टॉक्स' में साझा किए प्रेरक विचार

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पंजाब फ्रंटियर के महानिरीक्षक डॉ. अतुल फुलझेले ने शनिवार को लवली प्रोफ़ेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू), जालंधर में आयोजित प्रेरणादायी 'यूथ टॉक्स' कार्यक्रम में छात्रों को भारत की सीमाओं की रक्षा में सीमा सुरक्षा बल की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तृत जानकारी साझा की। एलपीयू की चांसलर कर्नल डॉ. रश्मि मित्तल, वाइस चांसलर एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कैंपस में बीएसएफ एक्सपो का भी उद्घाटन किया गया। डॉ. फुलझेले ने जेन-ज़ी की आकांक्षाओं और डिजिटल समझ की सराहना करते हुए छात्रों को बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्र-निर्माण एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं। उन्होंने बीएसएफ अभियानों के वास्तविक अनुभव साझा किए, जिनमें हालिया 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख भी शामिल रहा, जिसने बीएसएफ जवानों के साहस, अनुशासन और प्रतिबद्धता को उजागर किया। इस वर्ष को बीएसएफ अपने स्थापना के हीरक जयंती वर्ष के रूप में मना रहा है। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों को सशस्त्र बलों में करियर के अवसर तलाशने के लिए प्रेरित किया और भर्ती परीक्षाओं की तैयारी को लेकर मार्गदर्शन भी दिया। वहीं, एक्सपो में छात्रों ने बीएसएफ के उपकरणों और शस्त्रों के प्रदर्शन को भी नज़दीक से देखा।

## फिरोजपुर बॉर्डर पर ड्रोन, आइस ड्रग और पिस्टल के पार्ट्स बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने फिरोजपुर के बॉर्डर इलाके में दो अलग-अलग घटनाओं में आइस ड्रग और पिस्टल के पार्ट्स के साथ एक ड्रोन बरामद किया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि खुफिया जानकारी पर आधारित एक ऑपरेशन में, बीएसएफ सैनिकों ने बॉर्डर गांव- चंगा राय उत्तर के पास खेत में छिपाकर रखी गई एक पिस्टल (बिना स्लाइड और बैरल के) बरामद की। प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार को सैनिकों के एक और ऑपरेशन में, फिरोजपुर के कमाल वाला गांव के इलाके से एक डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन के साथ आइस ड्रग का एक पैकेट (कुल वज़न - 566 ग्राम) बरामद किया गया।

## चंडीगढ़ में भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन, पुलिस से धक्का-मुक्की

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में शुक्रवार को पंजाब सरकार की महिलाओं को हर महीने ग्यारह सौ रुपये देने की गारंटी लागू करने की मांग को लेकर भाजपा महिला मोर्चा के प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई। कार्यकर्ता पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के सरकारी आवास की ओर मार्च कर रही थीं, जहां पुलिस ने उन्हें करीब 200 मीटर पहले बैरिकेड लगाकर रोक दिया। बैरिकेड तोड़ने की कोशिश पर पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई। कई महिलाएं गेट पर चढ़ गईं, वहीं पुलिस ने कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में भी लिया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष जयइंदर कौर के साथ भी पुलिस ने खींचतान की। जयइंदर कौर ने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार चुनाव से पहले किए वादे से पीछे हट रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि अब तक महिलाओं को वादा किया गया पैसा क्यों नहीं मिला। गौरतलब है कि आप ने विधानसभा चुनाव के दौरान महिलाओं को 1100 रुपये प्रतिमाह देने का वादा किया था। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हाल ही में कहा था कि यह योजना 2026 के बजट के बाद लागू की जाएगी।

## निर्धारित समय सीमा में योजनाओं को पूरा करायें: जिलाधिकारी

**पश्चिम चंपारण (बगहा)।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने शनिवार को समाहरणालय अवस्थित सभागार में समेकित थरूहट विकास अभिकरण के द्वारा क्रियानवित योजनाओं की एजेंसीवार एवं योजनावार समीक्षा की है। समीक्षा के क्रम में नोडल पदाधिकारी, समेकित थरूहट विकास अभिकरण प्रदीप गोंड ने पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण करते हुए बताया कि वर्ष 2010-11 से 2024-25 तक कुल 364 योजना ली गई हैं, जिसके विरूद्ध में 288 योजना को पूर्ण करा लिया गया है तथा 76 योजना अभी वर्तमान में लंबित हैं। स्वीकृत योजनाओं के विरूद्ध प्राप्त आवंटन के विरूद्ध अब तक 69 प्रतिशत राशि का व्यय किया गया है। गों ड ने आगे बारी-बारी से लंबित योजनाओं की प्रस्तुति की। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंताओं से योजना चयन के उपरांत उसके प्राक्कलन गठन से लेकर उसे धरातल पर क्रियानवित कराए जाने तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी ली तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाईयों का त्वरित गति से निराकरण किया गया।

# मानसिक तनाव की समस्या से जूझ रहे हैं जेन जी: रविन्द्र पुरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। एसएमजेएन महाविद्यालय में आज सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देश में आतंरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा मानसिक तनाव प्रबंधन तथा परीक्षा पे चर्चा विषय पर कार्यशाला आयोजित की गयी। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्रीमहन्त रविन्द्रपुरी, अध्यक्ष, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने कहा कि आज विश्व भर में एक अरब से अधिक लोग, मानसिक तनाव अवस्था में जीवन गुजार रहे हैं, जिसका व्यक्तियों, परिवारों और अर्थव्यवस्थाओं पर गहरा असर हो रहा है। श्रीमहन्त ने कहा कि आजकल जिंदगी काफी व्यस्त और तेज रफ्तार वाली हो गयी हैं। पढ़ाई का दबाव, दोस्तों का असर, अत्यधिक सोशल मीडिया तथा डिजिटल साधनो के प्रयोग से युवा(जेन जी) मानसिक तनाव की समस्या से घिरे हुए हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य केवल बीमारी की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि एक संतुलित भावनात्मक, शारीरिक, सामाजिक और आध्यात्मिक स्थिति है। उन्होंने सकारात्मक सोच, भावनात्मक संतुलन, आत्म-जागरूकता और सामाजिक जुड़ाव को मानसिक स्वास्थ्य के प्रमुख स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि बताया कि मानसिक स्वास्थ्य एक निरंतरता है, और शुरुआती संकेतों की पहचान व खुला संवाद गंभीर समस्याओं की रोकथाम में मदद करता है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ संजय कुमार माहेश्वरी ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को समाज की वास्तविक समस्याओं के साथ जोड़ना आवश्यक है ताकि उपचार और देखभाल व्यापक स्तर पर प्रभावी हो सके। कार्यक्रम संयोजन प्रो विनय थपलियाल, डॉ मीनाक्षी शर्मा तथा डॉ पल्लवी द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ शिवकुमार चौहान, वैभव बत्रा, दिव्यांश शर्मा, विनीत सक्सेना, पंकज भट्ट, डॉ पुनिता शर्मा, डॉ मोना शर्मा, डॉ रेनू सिंह, डॉ विनीता चौहान, डॉ आशा शर्मा,डॉ रजनी सिंघल, डॉ लता शर्मा, रुचिता सक्सेना, डॉ पद्मावती तनेजा सहित अनेक छात्र छात्राये उपस्थित रहे।

## पंजाब में पाकिस्तान से आज पच्चास किलो हेरोइन बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

चंडीगड़। पंजाब पुलिस ने 'युद्ध नशे विरूद्ध' अभियान के तहत मादक द्रव्य विरोधी कार्य बल (एनटीआरएफ) ने शनिवार को पाकिस्तान में बैठे तस्करों द्वारा भेजी गई लगभग 250 करोड़ रूपये की 50 किलोग्राम हेरोइन बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि आरोपी की पहचान संदीप सिहं उर्फ सीमा निवासी कपूरथला के तौर पार हुई है। उन्होने बताया कि एनओआरएफ ने पाकिस्तान से आई 50 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। उन्होने कहा कि इस खेप को पाकिस्तान में बैठे तस्करों ने भेजा था। डीजीपी यादव ने बताया कि संदीप हाल ही में जेल से जमानत पर छूटा था। उस पर पहले से ही एनडीपीसी कानून के तहत पांच मामले दर्ज हैं। उन्होने कहा कि पंजाब पुलिस राज्य को नशामुक्त बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

# फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा एक आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। मध्य जिला के एंटी नारकोटिक्स सेल ने पटेल नगर में चल रहे एक फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा किया है। कॉल सेंटर में वाहनों की फर्जी इंश्योरेंस पॉलिसी और इंश्योरेंस पॉलिसी को रिन्यू कराने के नाम पर भोले-भाले लोगों से ठगी की जा रही थी। पुलिस ने इस संबंध में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान पटेल नगर निवासी खेमचंद (35) के रूप में हुई है। आरोपित खेमचंद के पास से पुलिस ने 10 लाख कैश, 11 मोबाइल फोन, दो लैपटॉप, फर्जी इंश्योरेंस पॉलिसी लेटर और अलग-अलग इंश्योरेंस कंपनी के रबर स्टैंप समेत अन्य सामान बरामद किया है। आरोपित से पूछताछ की जा रही है। आरोपित खेमचंद एमए पास है। उसके फर्जी कॉल सेंटर में 11 लड़कियां काम कर रही थीं। पुलिस ने पूछताछ के बाद इनको छोड़ दिया। आरोपित इनको आठ हजार रुपये महीना देने के अलावा इंश्योरेंस पॉलिसी पर दो फीसदी कमीशन भी दता था। आरोपित ने अब तक कितनी फर्जी पॉलिसी की हैं, इसका पता लगाया जा रहा है। मध्य जिला के पुलिस उपायुक्त निधिन वल्सन ने शनिवार को बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल में तैनात एसआई पंकज कुमार व हवलदार दिलशाद को खबर मिली थी कि पटेल नगर में एक फर्जी कॉल सेंटर चलाया जा रहा है। यहां पर वाहनों की एक्सपायर होने वाली इंश्योरेंस पॉलिसी को रिन्यू करने के नाम पर भोले-भाले लोगों से ठगी की जा रही है।

# बिहार के पूर्वी चंपारण में भारत-नेपाल सीमा से संयुक्त अरब अमीरात के नागरिक सहित दो लोग गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता


पूर्वी चंपारण। भारत-नेपाल सीमा पर एक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के नागरिक सहित दो संदिग्धों को अवैध रूप से सीमा पार कराने की कोशिश करते हुए गिरफ्तार किया गया है। सुरक्षा बलों ने उनकी संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए उन्हें हिरासत में लिया। एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं, ताकि उनके इरादों का पता लगाया जा सके। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और नेपाल सशस्त्र पुलिस बल की संयुक्त गश्ती टीम ने भारत-नेपाल के नो मैन्स लैंड स्थित पिलर संख्या 389/9 के समीप दो संदिग्धो को रक्सौल प्रखंड के सहदेवा गांव की ओर से नेपाल के बलिरामपुर की ओर जाते हुए पकड़कर पूछताछ शुरू की,जिसकी पहचान में पहला व्यक्ति अनवर, निवासी-बिशनपुर, जिला सीतामढ़ी (बिहार) के रूप में हुई,जबकि दूसरा व्यक्ति यूएई निवासी सलेम अब्दुल्ला खलफान अल शम्सी (34) निकला है। उसके पास से यूएई का पासपोर्ट मिला, जिसका नंबर इ0498168 है। सुरक्षा अधिकारियो के अनुसार यूएई का नागरिक अल शम्सी बीते 08 मार्च 2025 को टूरिस्ट वीजा पर भारत आया था, जो 29 अगस्त, 2025 तक वैध था। उन्हें एफआरआरओ मुंबई से प्राप्त एक पावती पर्ची भी मिली, जिसमें वीजा विस्तार के लिए आवेदन और 29 अगस्त को नेपाल जाने का उल्लेख था। हालांकि, उसके पासपोर्ट पर भारत का 'डिपार्चर स्टाम्प' नहीं पाया गया। दोनों से पूछताछ के लिए तत्काल ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन कार्यालय ले जाया गया। पूछताछ में यूएई नागरिक ने खुद को अल ऐन, अबू धाबी का रहने वाला और पिता का नाम अब्दुल्ला खलफान अल शम्सी तथा मां का नाम अफरा बताया है। उसके अनुसार, उसके दो भाई- मोहम्मद (यूएई आर्मी) और हामिद (व्यवसायी) हैं। उसने भारत की बार-बार यात्राओं को टूरिज्म और नए बिजनेस अवसरों से जुड़ा बताया है। सलेम अल शम्सी ने बताया कि बीते 19 नवंबर को वह रक्सौल के होटल आयुष्मान में हक नवाज़ नामक व्यक्ति के साथ ठहरा था, जो जम्मू-कश्मीर के राजौरी का रहने वाला है और अबू धाबी में उसके कैफ़े में काम करता है। उसने बताया कि एक मुलाकात के दौरान अनवरुल नामक व्यक्ति ने उसे नेपाल के वीरगंज ले जाने और सभी सीमा संबंधी औपचारिकताएं पूरी कराने का भरोसा दिया।

# प्रदूषण को कम करना सर्वोच्च प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज दिल्ली हाट पीतमपुरा में विभिन्न रेजिडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) को इलेक्ट्रिक हीटर वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की इस पहल का उद्देश्य सर्दी के मौसम में खुला अलाव जलाने से होने वाले धुएं और प्रदूषण को कम करना है। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि खुली आग जहां प्रदूषण बढ़ाती है, वहीं इलेक्ट्रिक हीटर एक सुरक्षित, स्वच्छ और व्यावहारिक विकल्प है। यह छोटा-सा कदम भी प्रदूषण नियंत्रण में बड़ी मदद साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदूषण नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हर मोर्चे पर मिशन मोड में काम कर रही है। कूड़े के पहाड़ लगातार कम हो रहे हैं, स्वच्छता और वृक्षारोपण अभियान निरंतर जारी है, सड़कों पर जल छिड़काव और मैकेनिकल स्वीपिंग को और प्रभावी बनाया गया है। साथ ही स्मॉग टावर की स्थापना और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों एवं औद्योगिक इकाइयों की निगरानी भी लगातार मजबूत की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण हमारा संकल्प भी है, हमारी जिम्मेदारी भी और हमारी प्राथमिकता भी। हम सबकी भागीदारी ही प्रदूषण के विरुद्ध इस जंग में सफलता का सबसे प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर सांसद प्रवीण खंडेलवाल, कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, विधायक तिलक राम गुप्ता, राजकुमार भाटिया सहित आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063